नई दिल्ली

गुरुवार 2 अप्रैल 2026

चैत्र मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 29, अंक : 348
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 24
न्यून. 16

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


हनुमान जन्मोत्सव की मंगलकामनाएं

||सब सुख लहै
तुम्हारी सरना
तुम रक्षक काहू
को डरना ||



IPL आज का मुकाबला
केकेआर एसआरएच
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### मार्च में 2 लाख करोड़ के पार हुआ जीएसटी कलेक्शन



**नई दिल्ली।** मार्च 2026 में देश की जीएसटी कलेक्शन को लेकर अच्छी खबर सामने आई है। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, नेट जीएसटी कलेक्शन बढ़कर 2 लाख करोड़ पहुंच गया है, जो पिछले महीने के मुकाबले 8.2% ज्यादा है। साफ है कि देश में कारोबार और खपत दोनों में मजबूती बनी हुई है। कलेक्शन में यह बढ़ोतरी आर्थिक गतिविधियों के सुधरने का संकेत देती है।

### वंदे भारत एक्सप्रेस के खाने से बिगड़ी तबीयत



**नई दिल्ली।** वंदे भारत एक्सप्रेस की महिला यात्री ने शिकायत की है कि वंदे भारत का खाना, खाने से उसकी और उसके 2 साल के बेटे की तबीयत बिगड़ गई है। महिला ने अपनी 2 तस्वीरें शेयर करते हुए अपनी एलर्जी से पहले और एलर्जी के बाद की हालत बताई। रांची के जिस अस्पताल में इलाज करवाया था, उसकी रसीद भी शेयर की।

### 3 लाख 25 हजार कनेक्शन को पीएनजी की सप्लाई शुरू की गई है

# देश में पेट्रोल-डीजल की कोई कमी नहीं, वैश्विक कीमतों में उछाल के बाद भी नहीं बढ़ाई कीमतें : सुजाता शर्मा

**घरेलू शेड्यूल एयरलाइंस के लिए एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में 25% की सीमित बढ़ोतरी लागू की गई है।**

- 2 लाख 85 हजार पर पहुंचा नए पीएनजी कनेक्शन का आंकड़ा।
- सिलेंडरों की 92% बुकिंग ऑनलाइन, बीते मंगलवार तक 60 लाख सिलेंडरों की डिलीवरी की गई है।
- अफवाहों पर ध्यान न दें लोग, घबराहट में न करें खरीदारी, घरेलू उपभोक्ता हैं केंद्र की सर्वोच्च प्राथमिकता।



हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया तथा खाड़ी क्षेत्र में युद्ध की वजह से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतों में उछाल के बीच बुधवार को सरकार ने एक बार फिर से देश की आम-जनता को यह आश्वासन दिया है कि भारत में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी समेत उर्वरकों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता बनी हुई है। केंद्र ने कच्चे तेल के संबंध में कुल दो महीने की व्यवस्था की है। तेल रिफाइनरियां भी अपने उच्चतम स्तर पर काम कर रही हैं, रिटेल आउटलेट पर कमी की कोई शिकायत नहीं मिली है। इसलिए किसी को भी घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। मौजूदा संकट के बीच केंद्र की सर्वोच्च प्राथमिकता घरेलू उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने पर ही केंद्रित है। राजधानी में 1 अप्रैल को आयोजित की गई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में केंद्रीय पेट्रोलियम-प्राकृतिक गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि ब्रेंट क्रूड के जो दाम बीते करीब दो महीने पहले 70 डॉलर प्रति बैरल पर थे। वह आज 100 डॉलर का आंकड़ा पार कर चुके हैं। बावजूद इसके घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है।

**कीमतें न बढ़ें, उठाए गए जरूरी कदम :** उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर कीमतों में आ रहे बदलावों से आम उपभोक्ताओं को बचाने और यहां देश में कीमतों में बढ़ोतरी न हो। उसके लिए केंद्र ने पेट्रोलियम ▸▸ शेष पेज 5 पर

### एलपीजी की वैश्विक कीमत 44% बढ़ी

सुजाता ने बताया कि प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के संबंध में घरेलू उपभोक्ताओं और यातायात के लिए सीएनजी की 100 फीसदी सप्लाई सुनिश्चित की गई है। देश में पीएनजी नेटवर्क के विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिसके तहत अकेले बीते मार्च के महीने में 3 लाख 25 हजार पीएनजी कनेक्शन को गैस की सप्लाई शुरू की गई है। इसके अलावा 2 लाख 85 हजार नए कनेक्शन दिए गए और 3.50 लाख नए उपभोक्ताओं ने कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। एलपीजी के संबंध में हमारी आयात निर्भरता लगभग 60 फीसदी है और बीते महीने के मुकाबले इस महीने वैश्विक कीमतों के संबंध में जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सऊदी सीपी बेंचमार्क है। उसके मुताबिक ये 522 से 780 डॉलर पर पहुंच गई हैं। जो कि 44 % की वृद्धि होती है। जिसके बाद भी घरेलू उपभोक्ताओं के लिए देश में एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। वहीं, ये भी साफ है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमतों में हो रही बढ़ोतरी से हमारी तेल कंपनियों को अंडर रिकवरी होगी, पहले भी हुई है। लेकिन केंद्र ने पहले भी कंपनियों को सहयोग किया था, आज भी करेंगे। इसी तरह के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार ने 2023 में तेल कंपनियों को 22 हजार करोड़ रुपये दिए थे। 2025-2026 में भी ऐसे ही नुकसान की भरपाई के लिए कंपनियों को लगभग 30 हजार करोड़ के सहयोग को मंजूरी प्रदान की गई है।

### यूं विमानन उद्योग पर से टला संकट

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय में संयुक्त सचिव असंगबा चुबा ने कहा कि 1 अप्रैल को पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एटीएफ की कीमतों को लेकर एक अहम घोषणा की है। जिसका नागरिक उड्डयन मंत्रालय स्वागत करता है। देश का विमानन उद्योग भी इसमें शामिल है। केंद्र के निर्णय के तहत घरेलू मार्गों पर चलने वाली गैर शेड्यूल्ड एयरलाइंस के लिए एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में केवल 25 फीसदी की सीमित बढ़ोतरी लागू की गई है। भारतीय एयरलाइंस के संदर्भ में कुल परिचालन खर्च में ईंधन की भागीदारी ▸▸ शेष पेज 5 पर

### 2800 पर पहुंचा छापेमारी का आंकड़ा

उन्होंने कहा कि अभी की स्थिति में किसी भी एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर के पास कमी की कोई शिकायत नहीं है। सिलेंडरों की खरीद के लिए लगभग 92 फीसदी बुकिंग ऑनलाइन हो रही हैं। 81 फीसदी डिलीवरी, डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के जरिए हो रही है। मामले पर हमारी डिलीवरी सामान्य बनी हुई है। बीते मंगलवार तक हमने करीब 60 लाख सिलेंडरों की डिलीवरी की है। कमर्शियल एलपीजी के मुद्दे पर केंद्र ने 70 फीसदी सप्लाई को सुनिश्चित किया है। जिसके चलते 31 मार्च तक 55 हजार टन से ज्यादा एलपीजी की बिक्री हुई है। 23 मार्च से 5 किलो के एलपीजी सिलेंडर की बिक्री हुई। जिसमें 31 मार्च को 5 किलोग्राम के लगभग 65 हजार सिलेंडरों की बिक्री हुई है। इसके अलावा देशभर में 2 हजार 800 छापे मारे गए और 500 सिलेंडर जब्त किए गए हैं। तेल कंपनियों ने औचक निरीक्षण भी किए हैं। बीते एक माह में 19 ड्रिस्टीब्यूटरों को निलंबित किया गया है। राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों को वैकल्पिक ईंधन के रूप में अतिरिक्त केरोसिन दिया गया है। 17 राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों ने इसे लेकर आवंटन आदेश जारी किए हैं। हमें पैनिक में बढ़ोतरी के लिए कई सारी अफवाहों की जानकारी मिली है। सभी से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए राज्य सरकारों को अनुरोध किया गया है। जिसमें लगातार प्रेस ब्रीफिंग देना शामिल है। ताकि सही जानकारी लोगों तक पहुंच सके। वर्तमान में 17 राज्य, केंद्रशासित प्रदेश प्रेस ब्रीफिंग कर रहे हैं।

# *नक्सलवाद की राख में छिपे अश्वत्थामा से सतर्क रहने का वक्त*



विशेष टिप्पणी
डॉ. हिमांशु द्विवेदी

*यह समय उल्लास का तो है लेकिन उत्सव का नहीं। यह समय उम्मीद बांधने का तो है, साथ ही आशंका का भी है। यह समय अपेक्षाओं का भी ही है लेकिन साथ ही साथ जिम्मेदारी का भी है। वह इसलिए क्योंकि भले ही पांडव अठारह दिन के भीषण संघर्ष के बाद महाभारत का युद्ध जीत गए लेकिन जीत के बाद निश्चिंतता की नींद ने उनके पक्ष के तमाम योद्धाओं को अश्वत्थामा के हाथों हमेशा के लिए सुला दिया था। वह तो द्वापर युग था तो एक ही अश्वत्थामा का अस्तित्व था। इस कलियुग काल में तो अब कौन अश्वत्थामा बन जाए, कहा नहीं जा सकता। महाभारत तो महज अठारह दिन का युद्ध था, नक्सलवाद के खिलाफ हमारे संघर्ष की अवधि तो छह दशक की है।*

*बीस हजार से अधिक निर्दोष नागरिकों और हजारों सुरक्षाकर्मियों को मौत के घाट उतार देने वाले सशस्त्र नक्सलवाद को लेकर मोदी सरकार में गृहमंत्री अमित शाह ने जब 24 अगस्त 2024 को छत्तीसगढ़ में दहाड़ते हुए कहा था कि देश से हम 31 मार्च 2026 को इसे खत्म कर देंगे तो लोग हैरत में पड़ गए थे। अमित शाह की राजनीतिक क्षमता और प्रशासनिक दक्षता के लोग कायल हैं लेकिन यह ऐलान तो बतौर ज्योतिषी महसूस हुआ था। वक्त गुजरने के साथ लेकिन समझ में आने लगा कि शाह ने यह दावा अंतरिक्ष में नक्षत्रों की स्थिति को देखकर नहीं बल्कि जमीं पर सुव्यवस्थित रणनीति बनाकर किया था। यह उपलब्धि महज डेढ़ साल की मेहनत के आधार पर नहीं आई है। इसके पीछे वर्षों की मेहनत है।*

*इस परिणाम की अभिलाषा पहले भी रही लेकिन उसके साथ दृढ़ इच्छाशक्ति, राज्य-केंद्र समन्वय, विभिन्न सुरक्षाबलों के मध्य समन्वय, आधुनिक तकनीक का अधिकाधिक उपयोग के उपयोग का अभाव वांछित परिणाम नहीं दे सका। सुरक्षाबल जब-जब हाथों में हथियार थाम घने जंगलों में छिपे दुर्दांत नक्सलियों के खिलाफ आपरेशन शुरू करते तो* ▸▸ शेष पेज 5 पर


KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India

A++ Grade Accredited by NAAC | THE World University Rankings 2026: 501+ Cohort Globally, 5th India Rank | QS World University Rankings 2026: 1st in Odisha, 9th in India among pvt. universities | nirf 2025: 17th Among Indian Universities | NBA: Tier 1 Re-accredited by NBA | ABET: ABET (US) Accreditation | IET Accredited Programme, The Institute of Engineering and Technology | ECOSOC: Special Consultative Status by the UN-ECOSOC | Partnership with UN Volunteers

KIITEE 2026

APPLY NOW

through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
No Examination Fee (Computer-Based Test)



Scan to Apply

ACADEMIC PROGRAMMES AVAILABLE

UG (3 years/4 years)/Integrated (5 years) Programmes
[All 4 years Programmes are with Honors/Research]

B.Tech Programmes
- Civil
- Construction Technology
- Electrical
- Electrical & Computer Science
- Mechanical
- Mechanical (Automobile)
- Aerospace
- Mechatronics
- Electronics & Telecommunication
- Electronics & Computer Science
- Electronics & Electrical
- Electronics (VLSI Design & Technology)
- Chemical
- Computer Science & Engineering (CSE)
- CSE (Artificial Intelligence & Machine Learning)
- CSE (Artificial Intelligence)
- CSE (Cyber Security)
- CSE (Data Science)
- CSE (Internet of Things & Cyber Security including Block Chain Technology)
- CSE (Internet of Things)
- Information Technology
- Computer Science & System
- Computer Science & Communication
- Biotechnology

UG Programmes in other Disciplines
- B.Design (Automobile/Graphic/Product)
- B.Design (Fashion / Textile)
- Integrated M.Tech Biotechnology (5yrs)
- B.Tech (Lateral Entry)
- B.Arch
- BCA
- BBA
- B.Sc (Hospitality & Tourism)
- Bachelor of Film & Television Production
- Bachelor of Communication & Journalism
- Bachelor of Physical Education & Sports
- BA Economics
- BA Sociology
- BA English
- BA Psychology
- BA French
- BA Spanish
- BA Japanese
- BA German
- B.Com
- B.Sc (Economics & Data Analytics)
- B.Sc Computer Science
- B.Sc Nursing
- B.Pharma
- D.Pharma
- B.Sc.(Fintech & Business Analytics)
- B.Sc.(Statistics & Data Analytics)
- BA LLB (Hons) (5 Years)
- BBA LLB (Hons) (5 Years)
- B.Sc LLB (Hons) (5 Years)

PG (1 year/2 years)/Integrated (5 years) Programmes
- M.Tech
- LLM (1yr)
- MCA
- M.Sc Biotechnology
- M.Sc Applied Microbiology
- M.Arch
- MBA-IEV (Innovation, Entrepreneurship and Venture Development)
- Master of Communication & Journalism
- Master in Urban & Regional Planning
- Master in Yoga & Naturopathy
- Master of Hospital Administration
- Master of Public Health
- MA in Fashion Management
- M. Design (Interior)
- M.Sc Computer Science
- MA Economics
- MA Sociology
- MA English
- MA Psychology
- Master in Public Policy
- M.Com
- M.Sc Physics
- M.Sc Chemistry
- M.Sc Mathematics & Data Science
- Master in Library & Information Sciences
- Master in Physical Education & Sports
- M.Sc Nursing
- MBA (2 Years)
- MBA-Rural Management (2 Years)
- MBA -Agribusiness (2 Years)
- Integrated M.Tech & Ph.D
- Ph.D

2025 Placement Highlights
750+ Companies | 6000+ Job Offers | ₹53 LPA Highest Salary Offered | ₹8.50 LPA Average CTC | 1500+ Paid Internships

Director Admissions, Admission Cell (Koel Campus), KIIT DU, Bhubaneswar, Odisha, India-751024 | admission@kiit.ac.in | kiitee.ac.in | 8080 735 735

KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

### यातायात को लेकर एडवाइजरी जारी

# हनुमान जयंती के मद्देनजर दिल्ली में हाई अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



पुलिस ने हनुमान जयंती से पहले दिल्ली में सुरक्षा कड़ी कर दी है। लश्कर-ए-तैयबा के संदिग्ध आतंकवादी शब्बीर अहमद लोन की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ज्यादा सतर्क है। लोन पर राजधानी में आतंकी हमले की साजिश रचने का आरोप है। उधर शोभा यात्राओं को लेकर यातायात पुलिस ने भी कई मार्गों पर जाम की स्थिति से बचने के लिये ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। खासतौर पर मध्य दिल्ली में जाम की संभावना है।

पुलिस ने बताया कि आतंकी लोन से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि वह दिल्ली के कुछ प्रमुख मंदिरों के वीडियो और तस्वीरें एकत्र कर रहा था। लोन को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 29 मार्च को गिरफ्तार किया था। उसने कथित तौर पर कबूल किया है कि शहर के तीन प्रसिद्ध मंदिर संभावित लक्ष्य थे। सूत्रों ने बताया कि लोन ने आतंकी नेटवर्क को फिर से बहाल करने के उद्देश्य से मंदिरों और अहम बाजारों सहित कई भीड़-भाड़ वाले स्थानों की रेकी की थी। जिन स्थानों की उसने वीडियो रिकॉर्डिंग की उनमें छतरपुर मंदिर, कालकाजी मंदिर और लोटस टेंपल शामिल थे। उसने कनॉट प्लेस और लाजपत नगर बाजार जैसे व्यस्त सार्वजनिक क्षेत्रों के दृश्य भी रिकॉर्ड किए, जिन्हें वह कथित तौर पर पाकिस्तान में मौजूद अपने सहयोगियों के साथ साझा करता। पुलिस ने उसे कट्टर और उच्च प्रशिक्षित आतंकवादी बताते हुए कहा कि लोन ने पाकिस्तान की इंटर सर्विस इंटेलिजेंस (आईएसआई) की ओर से काम करने वाले आकाओं के साथ संबंध स्थापित कर लिए थे। हनुमान जयंती के अवसर पर निकलने वाली शोभा यात्राओं और सभाओं के मद्देनजर पूरी दिल्ली में सुरक्षा बढ़ा दी गई है, विशेष रूप से संवेदनशील मार्गों और प्रमुख मंदिरों पर ध्यान दिया जा रहा है। राजधानी में सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन और स्थानीय खुफिया जानकारी के माध्यम से निगरानी को बढ़ाया गया है। लोन को इससे पहले 2007 में आतंकी गतिविधियों के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था। इस बीच, पुलिस ने उत्तर-पश्चिम दिल्ली के जहांगीरपुरी में व्यापक इंतजाम किए हैं। इसी इलाके में 2022 में हनुमान जयंती की शोभा यात्रा के दौरान हिंसा हुई थी। पुलिस ने धार्मिक जुलूसों में भाग लेने वालों की संख्या 500 तक सीमित कर दी है और ऐसे आयोजनों के दौरान इलाके में हथियार ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है।

# महापौर कार्यालय को मिली बम की धमकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह के कार्यालय को बुधवार दोपहर ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंची और घंटों तक जांच पड़ताल की गई। लंबी जांच के बाद बिल्डिंग से कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, तो सूचना को फर्जी करार दिया गया। महापौर कार्यालय सिविक सेंटर की तीसरी मंजिल पर स्थित है।

मिली जानकारी के अनुसार ई-मेल कथित तौर पर 'खालिस्तान नेशनल आर्मी' नामक समूह के नाम से भेजा गया है। सुरक्षा एजेंसियों को तुरंत सूचित किया गया, जिसके बाद महापौर कार्यालय के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई और गहन जांच की गई। यह धमकी महापौर की आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजी गई थी, जिसमें दावा किया गया था कि दोपहर 2.11 बजे के आसपास कार्यालय को उड़ा दिया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि साइबर टीमें ईमेल के स्रोत का विश्लेषण कर रही हैं और भेजने वाले का पता लगाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने कहा कि मामले की गहन जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कमला मार्केट थाने के कर्मचारियों ने बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) और श्वान दस्ते के साथ मिलकर सिविक सेंटर परिसर की गहन और व्यवस्थित जांच की। निरीक्षण में पार्किंग क्षेत्र, बेसमेंट, महापौर कार्यालय और सिविक सेंटर के भीतर स्थित अन्य कार्यालय शामिल थे। जांच के दौरान सिविक सेंटर में कोई संदिग्ध वस्तु या गतिविधि नहीं पाई गई। इसके अलावा, सिविक सेंटर में तैनात सुरक्षा कर्मचारियों को सजग किया गया और उन्हें कड़ी सतर्कता बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। उन्हें परिसर की नियमित रूप से निगरानी और जांच करने, उचित सत्यापन के बाद ही प्रवेश की अनुमति देने, निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में स्थानीय पुलिस को तुरंत सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं।

उधर महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह का कहना है कि 2022 में भी महापौर कार्यालय को इसी प्रकार की धमकी प्राप्त हुई थी, जिसे संबंधित एजेंसियों द्वारा गंभीरता से लेते हुए जांच की गई थी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं शरारती तत्वों द्वारा भय का माहौल बनाने के उद्देश्य से की जाती हैं। महापौर ने नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और प्रशासन पर विश्वास बनाए रखें।

### दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था फेल महापौर तक सुरक्षित नहीं : अंकुश

देश की राजधानी दिल्ली आज गंभीर सुरक्षा संकट से जूझ रही है। हालात इतने चिंताजनक हो चुके हैं कि अब शहर के प्रथम नागरिक, भाजपा के महापौर भी सुरक्षित नहीं हैं। एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने बुधवार को एक्स पर ट्वीट कर भाजपा पर निशाना साधते हुए यह प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि सिविक सेंटर स्थित एमसीडी मुख्यालय में ई-मेल के माध्यम से महापौर राजा इकबाल सिंह के कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह घटना साफ तौर पर दिखाती है कि भाजपा शासन में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। नेता विपक्ष नारंग ने कहा कि लगातार मिल रही धमकियां इस बात का संकेत हैं कि राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर हो चुकी है और आम जनता के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी खतरे में हैं।

### 17 सिलेंडर जब्त

## डाबड़ी में अवैध एलपीजी रिफिलिंग रैकेट का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



द्वारका जिले के डाबड़ी इलाके में अवैध एलपीजी रिफिलिंग रैकेट का भंडाफोड़ कर पुलिस ने 61 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 17 सिलेंडर जब्त किए गये।

एक गुप्त सूचना के आधार पर अपराध शाखा की एक टीम ने मंगलवार को सीतापुरी इलाके में छापा मारा। इस दौरान मोहन लाल गर्ग अपनी दुकान में अवैध रूप से एलपीजी रिफिलिंग करते पकड़ा गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने इंडेन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम सहित विभिन्न कंपनियों के 17 घरेलू एलपीजी सिलेंडर बरामद किए। गर्ग घरेलू एलपीजी सिलेंडरों का अवैध रूप से भंडारण कर रहा था और गैस को बाजार में 200 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर बेचकर अवैध लाभ कमा रहा था। पुलिस ने बताया कि खाद्य आपूर्ति अधिकारी को भी मौके पर बुलाया गया था और आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। बरामद सिलेंडर स्थानीय थाने को सौंप कर मामला दर्ज किया गया है।

## कारोबारी से साढ़े आठ लाख रुपये की लूट में दिल्ली पुलिस के दो कर्मी अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



अजमल खां पार्क के निकट उत्तर प्रदेश के कारोबारी से 8.4 लाख रुपये की लूट के आरोप में दिल्ली पुलिस के दो कर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों कर्मियों को निलंबित भी कर दिया गया है। आरोपियों के नाम देश बंधु गुप्ता (डीबीजी) रोड थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर महावीर और कांस्टेबल विक्की है। कोर्ट ने इन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश के जालौन निवासी दीपक सोनी द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद की गई, जो 24 मार्च को दिल्ली आये थे। अपनी शिकायत में सोनी ने आरोप लगाया कि यह घटना 24 मार्च को अजमल खान पार्क के निकट हुई, जहां दो पुलिसकर्मियों ने उसे रोका और उसके पास मौजूद नकदी का एक बड़ा हिस्सा छीन लिया। पुलिस के अनुसार सोनी ने दावा किया कि उसके पास लगभग 10 लाख रुपये थे, जिसमें से 8.4 लाख रुपये दो कर्मियों ने ले लिये। शिकायत के बारे में 25 मार्च को मध्य दिल्ली के डीसीपी कार्यालय को जानकारी दी गई। आरोपों का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए वरिष्ठ अधिकारियों ने तत्काल विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए दोनों कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया और प्रारंभिक जांच शुरू की गई। जांच के दौरान शिकायतकर्ता के आरोप सही साबित पाये गये। इसके बाद 30 मार्च को दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं 309(4) (लूट), 127(1) (गलत तरीके से कैद करना) और 3(4) (सामान्य इरादा) के तहत डीबीजी रोड थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## अपहरण और हत्या के मामले में वांटेड दबोचे

**नई दिल्ली।** स्पेशल सेल ने अपहरण व हत्या के मामले में वांटेड एक आरोपी को पकड़ा है। आरोपी नीरज ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक कारोबारी का अपहरण कर उसकी हत्या की थी। कारोबारी के साथ लूटपाट भी की गई थी। हत्या के बाद शव के छोटे छोटे टुकड़े कर वृंदावन के पास यमुना नदी में फेंका गया था।

पुलिस के अनुसार आरोपी को इंस्पेक्टर राहुल कुमार, विनीत और अजीत सिंह की टीम द्वारा पकड़ा गया। टीम को सूचना मिली थी कि बिंदापुर थाना इलाके में अपहरण के बाद हत्या मामले में वांटेड आरोपी किसी से मिलने गांव धांधलान, हरियाणा आया है। सूचना मिलते ही टीम धांधलान, झज्जर पहुंची और आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान नीरज ने बताया कि उसने अपने साथियों भूपेंद्र, सूरज उर्फ हैप्पी, बलराम और राखी के साथ मिलकर दिल्ली में छत्तीसगढ़ हाउस में कैंटीन चलाने वाले अनुरूप गुप्ता को पहले बंधक बनाया और बाद में उसका अपहरण कर मटियाला में एक फ्लैट में उसकी जूलरी लूटी। पैसों के लिए दबाव डाला गया। इसके बाद कारोबारी की हत्या कर शव के छोटे छोटे टुकड़े कर वृंदावन के पास यमुना में फेंक दिये थे।

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया है अभियुक्त नामः **ओम प्रकाश, पुत्रः स्वर्गीय तेज बहादुर सिंह, निवासीः क्वार्टर–29, ब्लॉक सी–1, रेलवे क्वार्टर, जंगपुरा–बी, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरुद्ध **FIR No.279/2023 Dt.19.09.2023, U/S 33 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना हजरत निजामुद्दीन, दक्षिण पूर्वी जिला, नई दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **ओम प्रकाश** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **ओम प्रकाश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि उक्त **FIR No.279/2023 Dt.19.09.2023, U/S 33 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम** के तहत **थाना हजरत निजामुद्दीन, दक्षिण पूर्वी जिला, नई दिल्ली** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **16.05.2026** को सुबह **10.00 बजे** या उससे पहले न्यायालय के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार, मनुज कौशल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–03**
**(दक्षिण पूर्व), कमरा संख्या 512,**
**साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली**

**DP/4177/SE/2026**
**(अदालती मामला)**

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा **82 Cr. P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **महिमा, पत्नीः** जलालुद्दीन, **पताः** कोठा न. 40, द्वितीय तल, दाहिना तरफ, जी. बी. रोड़, दिल्ली, **और भीः** मकान न. 324, घरोत्री खुर्द, लक्ष्मी गार्डन, देहात, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, ने **FIR No. 157/2019,** दिनाकः **01/08/2019, U/s: 370/376/109/34 IPC & 4/5/6 ITP Act, थानाः कमला मार्किट, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या रांदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **महिमा,** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **महिमा,** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 157/2019,** दिनाकः **01/08/2019, U/s: 370/376/109/34 IPC & 4/5/6 ITP Act,** थानाः कमला मार्किट, दिल्ली, के उक्त अभियुक्त, **महिमा,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री प्रियंका भगत, एलडी.**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एससी–आरसी)**
**कमरा न. 271**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/4136/CD/2026**
**(Court Matter)**

## बम धमकी के बाद सुरक्षा अलर्ट, लेकिन निगम मुख्यालय का बेसमेंट बना खतरे का अड्डा

दया राम ▶▶ नई दिल्ली



■ ऊपरी सतह पर सख्ती, अंदरूनी लापरवाही उजागर

दिल्ली नगर निगम मुख्यालय को बम से उड़ाने की धमकी के बाद प्रशासन हरकत में जरूर आया है, लेकिन उसकी कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। शाम के समय निगम प्रशासन ने लाउडस्पीकर के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों को जागरूक करते हुए मुख्यालय में प्रवेश के दौरान पहचान पत्र दिखाने और सुरक्षा जांच में सहयोग की अपील की। हालांकि, सुरक्षा के इस दिखावटी सख्ती के बीच निगम मुख्यालय के बेसमेंट की स्थिति प्रशासनिक लापरवाही की पोल खोल रही है। बेसमेंट में सैकड़ों पुराने और जर्जर वाहन धूल फांक रहे हैं, जो न केवल अव्यवस्था का प्रतीक हैं बल्कि सुरक्षा के लिहाज से भी बड़ा खतरा बन सकते हैं। मौके पर देखा गया कि कई वाहनों की खिड़कियां खुली हुई हैं, कुछ के नंबर प्लेट और शीशे टूटे हुए हैं। ऐसी स्थिति में इन वाहनों का उपयोग किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा गलत गतिविधियों के लिए किया जा सकता है, जिससे मुख्यालय की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा सकता है।

### सख्त सुरक्षा व्यवस्था के लिए किए जा रहे नए इंतजाम

निगम मुख्यालय में संबंधित अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि मुख्यालय द्वारा समय-समय पर पुलिस विभाग के साथ बैठकें आयोजित की जा रही हैं तथा सुरक्षा एजेंसी के साथ समन्वय कर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की जा रही है। सख्त सुरक्षा व्यवस्था के लिए नए इंतजाम किए जा रहे हैं और सुरक्षा एजेंसी को निर्देश दिए जा रहे हैं कि सिविक सेंटर में आने वाले वाहनों और लोगों के प्रति 100 प्रतिशत सतर्कता बरती जाए।

### दिखावे की बजाय जमीनी स्तर पर ठोस कदम उठाए

बेसमेंट में खराब वाहनों की स्थिति को लेकर अब सवाल यह उठता है कि जब राजधानी के एक प्रमुख सरकारी मुख्यालय की यह स्थिति है, तो आम जनता की सुरक्षा को लेकर प्रशासन कितना गंभीर है। जरूरत है कि निगम प्रशासन केवल दिखावे की बजाय जमीनी स्तर पर ठोस कदम उठाए, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते टाला जा सके।

## दिल्ली कांग्रेस ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग को लिखा पत्र, सुधार की मांग

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा है कि दिल्ली में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और कानूनी रूप से सुदृढ़ तरीके से संपन्न हो सके इसके लिए कुछ आवश्यक सुधारों के लिए दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को एक विस्तृत पत्र लिखा गया है। यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस बूथ मैनेजमेंट कमेटी के चेयरमैन राजेश गर्ग ने पत्र लिखा है। प्रदेश कांग्रेस की मांग है कि पत्र में उठाए गए सभी सवालों के विषयों पर स्पष्टता और आवश्यक सुधार के लिए हमारे सभी प्रश्नों का जवाब दिया जाए। यादव ने दिल्ली में मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर कई गंभीर व्यावहारिक, प्रशासनिक और पारदर्शिता से जुड़े मुद्दे उठाए हैं। यादव ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस प्रतिनिधियों के साथ चुनाव आयोग ने हाल ही में हुई बैठकों में यह जानकारी दी गई कि परिगणना फॉर्म (ऐनुमेरेशन फॉर्म) का वितरण तो निर्वाचन आयोग के बीएलओ द्वारा किया जाएगा। लेकिन राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) को मतदाताओं से भरे हुए फॉर्म एकत्र कर उन्हें बीएलओ को सौंपने की अनुमति दी गई है। इसके साथ ही बीएलए से यह भी अपेक्षा की जा रही है कि वे एक अंडरटेकिंग दें कि उन्होंने फॉर्म में दी गई सभी जानकारी का व्यक्तिगत रूप से सत्यापन कर लिया है और वे उसकी शुद्धता से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग एसआईआर प्रक्रिया में मतदाता सूची में गड़बड़ियां करके उसकी जिम्मेदारी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधि बीएलए पर थौपना चाहती है।

## डीटीसी कर्मचारी कोष में लाखों के घोटाले को लेकर समिति की जांच में अनुबंधित कर्मचारी पर शक!

**नई दिल्ली।** दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के कर्मचारी कोष में तथाकथित लाखों रुपए के घोटाले के मामले पर गठित की गई समिति ने अपनी रिपोर्ट डीटीसी प्रबंधन को सौंप दी है। हालांकि अभी इस रिपोर्ट का खुलासा नहीं किया गया है। लेकिन विभाग से जुड़े सूत्रों के अनुसार चार अधिकारियों की बनाई गई जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में 22 लाख रुपए के घोटाले में डीटीसी में अनुबंध पर कार्यरत एक कर्मचारी पर शक व्यक्त किया है। बावजूद इसके अभी तक जिस कर्मचारी पर शक जताया है उस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। लेकिन इस कर्मचारी के हस्ताक्षर आदि मैच व अन्य दस्तावेजों की जांच शुरू करने की बा कही है। लेकिन डीटीसी ने सभी संवेदनशील पदों पर तैनात अनुबंधित कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं करने के निर्देश जारी किए हैं। इस मुद्दे पर कोई भी अभी खुलकर बोलने को तैयार नहीं है। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक अधिकारी ने बताया कि गमन करने वाले अनुबंधित कर्मचारी का सबको पता है, इस मामले में बहुत ऊपर तक के अधिकारी शामिल हो सकते है। बाकी रिपोर्ट जब तक सार्वजनिक नहीं की जाती जब तक हम नहीं बोल सकते। इस मामले पर पुलिस में भी मुकदमा दर्ज कराया गया है।


### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद फतेहाबाद | वार्ड 24, एम.सी. फतेहाबाद में नित्यानंद जांगड़ा के मकान से पटवारी के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण + 21 कार्य। | 28.03.2026 07.04.2026 | रु.3,45,74,827/- | https://works.haryana.gov.in/ | 9466731355 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2027/40/44333/1/88/7 दि. 01.04.26


## आर्मी कप विजेता बच्चों के साथ एलजी संधू ने खाया खाना, सुने उनकी जीत के किस्से



**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को द्वारका क्षेत्र में डीडीए की परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान घुड़सवारी आर्मी कप विजेता बच्चों के साथ बैठकर खाना। इस दौरान एलजी ने बच्चों की जुबान से उनकी जीत के किस्से सुने और उनके बेहतरीन भविष्य के लिए कामना की। एलजी अपने दौरे से अचानक हटे और एक स्थानीय फूड आउटलेट पर पहुंचे व मौजूद घुड़सवारी आर्मी कप विजेता बच्चों के साथ बातचीत करते हुए खाना भी खाया। दरअसल एलजी द्वारका प्रोजेक्ट्स का जायजा लेने के लिए द्वारका दौरे पर थे। इसी बीच उन्होंने अचानक मेट्रो से हटकर एक स्थानीय भोजनालय में कदम रखा और उन छोटे बच्चों के साथ भोजन किया, जो आर्मी कप में घुड़सवारी का पदक जीतने के बाद अपनी सफलता का जश्न मना रहे थे। इस क्षण से जुड़ी फोटो को सोशल मंच एक्स पर पोस्ट करते हुए एलजी ने लिखा कि आर्मी कप में घुड़सवारी में पदक जीतने के बाद अपनी सफलता का जश्न मना रहे विजेता बच्चों से मिला। इस आत्मीय बातचीत के दौरान, उन्होंने शहर के लिए बच्चों की आकांक्षाओं को सुना और उन्हें स्वस्थ रहने तथा पौष्टिक भोजन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## एमसीडी में डेपुटेशन पर आने वाले अधिकारियों का होने लगा विरोध

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में उपायुक्त कर्नल अभिषेक मिश्रा की कथित भ्रष्टाचार मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा गिरफ्तारी के बाद निगम के भीतर गहरी हलचल मच गई है। इस कार्रवाई ने न केवल प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि निगम के अंदर डेपुटेशन पर आने वाले अधिकारियों की भूमिका और कार्यशैली को लेकर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर निगम के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि उपायुक्त अभिषेक मिश्रा द्वारा की गई सभी जांचों की भी समीक्षा की जानी चाहिए। जबकि निगम के कुछ कर्मियों ने बताया कि निगम के भीतर अधिकतर अधिकारी और कर्मचारी अब खुलकर डेपुटेशन पर आने वाले अधिकारियों का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि ऐसे मामलों से न केवल निगम की कार्यप्रणाली प्रभावित होती है, बल्कि जनता के बीच एमसीडी की विश्वसनीयता भी कमजोर पड़ती है।


### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | पुराना नागरिक हस्पताल, जिला फतेहाबाद में विद्युत सेवाओं की विशेष मरम्मत (एमजीपीएस सहित सम्बद्ध कार्य का प्रावधान केवल) + 3 कार्य। | 30.03.2026 06.04.2026 | 50.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | चरखी दादरी जिले में बाल भवन की बिल्डिंग का निर्माण (टावर एसी का प्रावधान केवल)। | 30.03.2026 06.04.2026 | 23.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | फतेहाबाद जिले में 100 बिस्तर वाले हस्पताल का निर्माण (एचवीएसी सिस्टम का प्रावधान (2 अदद 200 टन चिल्लर के साथ-साथ हॉट वाटर जनरेटर)। | 31.03.2026 09.04.2026 | 421.13 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | सोनीपत में न्यायिक अधिकारी कॉलोनी में 3 अदद पार्क के लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव और 2 अन्य। | 02.04.2026 09.04.2026 | 18.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव चरखी (झम्मन पाना) में सामान्य चौपाल का निर्माण + 3 कार्य। | 27.03.2026 03.04.2026 | 71.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांच चिरया में फिरनी का निर्माण (स्कीम – जनसंवाद)। | 25.03.2026 10.04.2026 | 209.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव छप्पार में (पंचायत घर से नरसिंघवास रोड तक) फिरनी की पेवमेंट। | 25.03.2026 10.04.2026 | 89.05 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2027/140/44354/I/88/7 दि. 01.04.26



# मुख्यमंत्री रेखा ने छह कोरोना योद्धाओं के परिजनों को सौंपे एक-एक करोड़ के चेक

- पीड़ितों का दर्द सुन भावुक हुईं सीएम, बोलीं उनका बलिदान कभी नहीं भुलाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दिल्ली सचिवालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कोविड-19 महामारी के दौरान ऑन ड्यूटी अपनी जान गंवाने वाले छह सरकारी कर्मचारियों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता के चेक सौंपे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भावुक शब्दों में कहा कि यह केवल सरकारी औपचारिकता नहीं है, बल्कि दिल से निकली कृतज्ञता, संवेदना और सम्मान का प्रतीक है। जब पूरी दुनिया डर और अनिश्चितता से जूझ रही थी, तब इन बहादुर योद्धाओं ने अपने कर्तव्य को सबसे ऊपर रखा और बिना अपनी जान की परवाह किए लोगों की सेवा में जुटे रहे। मुख्यमंत्री ने कोविड योद्धाओं के परिजनों से संवाद कर उनकी समस्याओं और अनुभवों को संवेदनशीलता के साथ सुना। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका बलिदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। ये केवल अपने परिवारों के ही नहीं, बल्कि पूरे समाज के नायक हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि दिल्ली सरकार इन परिवारों के साथ हमेशा एक अपने परिवार की तरह खड़ी रहेगी और हर संभव सहयोग देती रहेगी।




## खेती और तकनीक का संगम ही विकसित भारत का आधार

# दिल्ली सरकार और आईएआरआई मिलकर सुधारेंगे मिट्टी की सेहत: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली सरकार और भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान मिलकर मिट्टी की सेहत सुधारेंगे और हरियाली बढ़ाएंगे। इसके लिए सरकार ने पहली बार रिज क्षेत्र के लगभग 4200 हेक्टेयर को अधिसूचित कर हरित क्षेत्र बढ़ाने की दिशा में अहम कदम उठाया है और आईएआरआई से मिट्टी की उर्वरता, शहरी हरियाली व वैज्ञानिक पौधरोपण के लिए सहयोग मांगा है।

इस बात की जानकारी दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईसीएआर-आईएआरआई) में आयोजित 122वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्राकृतिक संसाधनों के संतुलित उपयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों से जल स्तर सुधार, कृषि विकास और शहरी खेती को बढ़ावा देने में योगदान देने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार किसानों, कृषि अनुसंधान और तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। भविष्य में भी इस दिशा में निरंतर कार्य करती रहेगी ताकि देश के अन्नदाताओं को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। मुख्यमंत्री ने आईएआरआई की स्थापना दिवस पर देश के वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और कृषि क्षेत्र से जुड़े सभी विशेषज्ञों को नमन करते हुए संस्थान को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान ने देश के अन्नदाताओं को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाई है। इस संस्थान ने खेतों को प्रयोगशालाओं से जोड़ते हुए हरित क्रांति से लेकर आधुनिक तकनीकों तक भारत की खेती को नई दिशा दी है और खाद्य सुरक्षा व आत्मनिर्भरता को मजबूत किया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने 'खाद्यान्न, पोषण और आजीविका सुरक्षा के लिए उन्नत फसल किस्में' और 'प्रिसिशन फ्लोरिकल्चर व लैंडस्केप डिजाइन' पर आधारित पुस्तकों का विमोचन भी किया। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के सचिव एवं महानिदेशक डॉ. मांगी लाल जाट समेत कई गणमान्य जन उपस्थित थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने संस्थान में लगी प्रदर्शनी का भी दौरा किया। उन्होंने नई कृषि तकनीकों, शोध आधारित नवाचार और आधुनिक खेती के मॉडलों को ध्यान से देखा, वैज्ञानिकों से बातचीत की और उनके काम की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' विजन का आधार 'विकसित कृषि और समृद्ध किसान' है।

उनके नेतृत्व में खेती को प्रिसिशन फार्मिंग, क्लाइमेट स्मार्ट एग्रीकल्चर और एआई आधारित तकनीकों के जरिए ज्यादा आधुनिक, असरदार और टिकाऊ बनाया जा रहा है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को समय की सबसे बड़ी जरूरत बताते हुए अधिक वृक्षारोपण, वर्टिकल गार्डनिंग, जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन करने पर जोर दिया। उन्होंने नागरिकों, संस्थानों और समुदायों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। साथ ही, पीपल, नीम, बरगद और आम जैसे देशी वृक्षों को प्राथमिकता देने की बात कही।

## बादली रेलवे स्टेशन पर ट्रैफिक जाम से मुक्ति के लिए बनेगा आरओबी : विजेंद्र

**नई दिल्ली।** बादली रेलवे स्टेशन पर ट्रैफिक जाम से मुक्ति के लिए जल्द ही आरओबी बनेगा। यह बात दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कही है। उन्होंने बताया कि उत्तर-पश्चिम दिल्ली की एक गंभीर ढांचागत समस्या का संज्ञान लेते हुए, द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें आधिकारिक पत्र लिखकर सूचित किया है कि संबंधित रेल अधिकारियों को बादली रेलवे स्टेशन पर साइट निरीक्षण के निर्देश दे दिए गए हैं। यह त्वरित कार्रवाई विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता द्वारा रेल मंत्री को लिखे गए उस पत्र के बाद हुई है, जिसमें उन्होंने बादली क्षेत्र में लगने वाले भीषण ट्रैफिक जाम का मुद्दा उठाया था और वहां रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया था। प्रस्तावित आरओबी बादली रेलवे स्टेशन और रोहिणी सेक्टर-18 मेट्रो स्टेशन (टी-प्वाइंट) के बीच एक महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग स्थापित करेगा, जिससे ट्रैफिक का दबाव कम होगा और दैनिक यात्रियों का सफर सुगम होगा।विजेंद्र गुप्ता ने रेल मंत्री को भेजे अपने प्रतिवेदन में बादली के विधायक अहिर दीपक चौधरी के पत्र का भी हवाला दिया।

# दिल्ली सरकार ने रखा 70 लाख से अधिक पेड़ लगाने का लक्ष्य: सिरसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने ग्रीन एक्शन प्लान (जीएपी) 2026-27 के तहत पौधारोपण के लक्ष्य को संशोधित किया है। इसके तहत 22 विभागों को 70 लाख से अधिक पेड़, झाड़ियां और बांस लगाने का निर्देश दिया गया है। इस बात की जानकारी बुधवार का पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी। मंत्री सिरसा ने कहा कि हमारी सरकार सिर्फ प्रदूषण को नियंत्रित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि दिल्ली की हरियाली को तेजी से बढ़ाने के लिए काम कर रही है।

पिछले साल हमने बड़े स्तर पर पौधारोपण किया, जिसमें छात्र, महिला समूह, आम नागरिक, अधिकारी, जनप्रतिनिधि, माननीय न्यायाधीश, गणमान्य लोग और 70 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से प्रेरित है।उन्होंने आगे कहा कि कई वर्षों तक दिल्ली की हवा खराब रही क्योंकि पिछली सरकारों ने सिर्फ वादे किए। अब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में हमारी प्राथमिकता साफ है, बेहतर हवा और मजबूत ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर।

संशोधित लक्ष्य के अनुसार, फॉरेस्ट विभाग को 27 लाख से अधिक पेड़ और पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

# 'खाद्य सुरक्षा विभाग ने दिल्ली में तेज किया निगरानी अभियान'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह के निर्देश पर दिल्ली सरकार के फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट ने राजधानी दिल्ली में नागरिकों के लिए सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निगरानी एवं प्रवर्तन की कार्रवाई को और तेज कर दिया है। मंत्री डॉ. पंकज ने बताया कि दिल्ली के अलग-अलग जिलों में लगातार निरीक्षण और विशेष निगरानी अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य व्यवसाय संचालकों से कुल 98 खाद्य नमूने लिए गए हैं। इन नमूनों में आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली खाद्य वस्तुएं जैसे मिठाइयां, डेयरी उत्पाद, मसाले और अन्य जरूरी खाद्य सामग्री शामिल थीं। खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला द्वारा अब तक 54 नमूनों की जांच रिपोर्ट जारी की जा चुकी है, जिनमें सभी नमूने निर्धारित खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप पाए गए हैं। अब तक मिली रिपोर्ट में कोई भी नमूना असुरक्षित या मानकों पर खड़ा उतरने में असफल नहीं पाया गया है। बाकी बचे नमूनों की जांच जारी है और उनकी विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार है। मंत्री डॉ. पंकज ने कहा कि दिल्ली के प्रत्येक नागरिक के लिए सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। मैंने खाद्य सुरक्षा विभाग को विशेष तौर से निर्देश दिए हैं कि त्योहारों के दौरान सख्त निगरानी बनाए रखने के साथ किसी भी उल्लंघन के खिलाफ तुरंत कार्रवाई करें। अब तक मिले सकारात्मक परिणाम हमारे निरंतर प्रयासों का ही नतीजा है। नवरात्रि के दौरान भी इस तरह के विशेष अभियान के तहत विभाग ने बड़े पैमाने विशेष तौर से लगातार निरीक्षण किए गए।

# एलजी ने की द्वारका सब-सिटी में डीडीए इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने बुधवार को द्वारका सब-सिटी में डीडीए के बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की व्यापक समीक्षा की। मौके पर पहुंचे एलजी संधू ने वर्तमान में चल रही परियोजनाओं व भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तार से जानकारी ली। इस मौके पर एलजी के साथ डीडीए उपाध्यक्ष एन. सरवण कुमार और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। जानकारी लेने के बाद एलजी ने कहा कि डीडीए अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी क्षेत्रों में सर्वोत्तम वैश्विक बुनियादी सुविधाएं और परियोजनाएं सुनिश्चित करे।

एलजी ने द्वारका की कार्यनीतिक कनेक्टिविटी और विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं पर पर ज़ोर देते हुए कन्वेंशन, बिज़नेस और कल्चरल इंगेजमेंट के लिए ग्लोबल हब की कल्पना की। उन्होंने द्वारका के स्ट्रेटेजिक फायदों के बारे में बताते हुए कहा कि द्वारका में ग्लोबल इंगेजमेंट के लिए एक खास जगह बनने की क्षमता है, क्योंकि यहाँ यूईआर-टू के ज़रिए बहुत अच्छी कनेक्टिविटी है। आईजीआई एयरपोर्ट से नज़दीकी है और यशोभूमि, आने वाला भारत वंदना पार्क और गोल्फ कोर्स जैसा वर्ल्ड-क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर है। इन एसेट्स को इंटरनेशनल कन्वेंशन, एग्ज़िबिशन, कल्चरल फेस्टिवल और बिज़नेस समिट के लिए भव्य केंद्र के तौर पर बनाने के लिए एक पूरा रोडमैप बनाना होगा। उन्होंने कहा कि हमें मल्टीनेशनल कंपनियों, ग्लोबल इंस्टीट्यूशन और एम्बेसी को यहाँ इवेंट आयोजित करने के लिए सक्रिय रूप से आमंत्रित करना चाहिए, जिसमें सीईओ राउंडटेबल और हाई-लेवल कॉन्फ्रेंस शामिल हैं, जिन्हें मॉडर्न कॉर्पोरेट इकोसिस्टम के लिए सही मज़बूत डिजिटल और सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर का सपोर्ट मिला हो।

## एमसीडी ने 46 प्रतिशत से अधिक संपत्ति कर में की वृद्धि दर्ज

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम ने बुधवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान संपत्ति कर संग्रह में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है, जो बेहतर अनुपालन और सुदृढ़ प्रवर्तन उपायों को दर्शाती है। 31 मार्च 2026 तक, निगम के असेसमेंट एंड कलेक्शन विभाग (एएंडसी) द्वारा 3,116 करोड़ 62 लाख रूपये का संपत्ति कर संग्रह किया गया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 46.12 अधिक है। निगम प्रशासन ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली के महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व, निरंतर मार्गदर्शन और अटूट समर्थन के साथ-साथ असेसमेंट एंड कलेक्शन विभाग के सतत प्रयासों का परिणाम है।

## छात्रा को स्कूल ने दिया दोबारा प्रवेश

**नई दिल्ली।** शिक्षा के अधिकार और समान अवसर के मुद्दे पर एक अहम घटनाक्रम सामने आया है। अधिवक्ता अशोक अग्रवाल द्वारा सोशल मीडिया पर साझा की गई जानकारी के अनुसार, कक्षा 9वीं की एक ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) छात्रा को अवैध रूप से पुनः प्रवेश देने से मना करने वाले स्कूल को कानूनी नोटिस भेजे जाने के कुछ ही घंटों के भीतर अपना फैसला बदलना पड़ा। उन्होंने बताया कि नोटिस मिलने के बाद स्कूल प्रशासन ने तुरंत छात्र के अभिभावकों से संपर्क किया और उन्हें निर्देश दिया कि वे अपने बच्चे को 1 अप्रैल 2026 से नियमित रूप से स्कूल भेजें।

## चरणबद्ध तरीके से होंगे रिप्लेस : प्रवेश

# 'पीडब्ल्यूडी ने शुरू की एक लाख 40 हजार चीनी कैमरों को हटाने की प्रक्रिया'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने एक महत्वपूर्ण और निर्णायक कदम उठाते हुए राजधानी में आम आदमी पार्टी के कार्यकाल में लगाए गए चीनी मूल के सीसीटीवी कैमरों को चरणबद्ध तरीके से हटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इस निर्णय ने पिछली सरकार के फैसलों और प्राथमिकताओं पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

गौरतलब है कि दिल्ली में पीडब्ल्यूडी के तहत प्रमुख चरणों में कुल 2 लाख 74 हजार 389 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनमें 1 लाख 40 हजार सीसीटीवी कैमरे फेज 1 (सितंबर 2020 से नवंबर 2022) के बीच लगाए गए। वहीं 1 लाख 34 हजार 389 सीसीटीवी कैमरे फेज 2 में (जून 2025 से मार्च 2026) के बीच लगाए गए। गौर करने वाली बात यह है कि फेज 1 में लगाए गए सभी 1 लाख 40 हजार सीसीटीपी कैमरे चीनी कंपनी हिकविजन के हैं, जिस पर वैश्विक स्तर पर सुरक्षा संबंधी चिंताएं उठ चुकी हैं। इस मुद्दे पर कड़ा रुख अपनाते हुए परवेश साहिब सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली भर में चीनी हिकविजन कैमरे लगाते समय दीर्घकालिक सुरक्षा प्रभावों पर कोई ध्यान नहीं दिया। निगरानी व्यवस्था सिर्फ दिखावे का विषय नहीं है, बल्कि संवेदनशील डेटा के नियंत्रण से जुड़ा गंभीर मामला है। उन्होंने आगे कहा कि यह कोई सामान्य खरीद प्रक्रिया नहीं थी।

जब आप पूरे शहर में इस तरह की तकनीक लगाते हैं, तो यह सीधे-सीधे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा निर्णय होता है। दुर्भाग्य से आम आदमी पार्टी इस गंभीरता को समझने में विफल रही। सरकार के फैसले और आगे की कार्ययोजना पर विस्तार से बताते हुए मंत्री ने कहा कि हमने निर्णय लिया है कि शहर में लगाए गए ऐसे सीसीटीवी कैमरों को चरणबद्ध तरीके से हटाया जाएगा, विशेष रूप से वे जो चीनी कंपनियों से लिए गए हैं। इन्हें आधुनिक, सुरक्षित और तकनीकी रूप से बेहतर सिस्टम से बदला जाएगा, जो डेटा सुरक्षा के उच्च मानकों पर खरे उतरते हों और जिनके लिए मजबूत सप्लाई एवं सर्विस सपोर्ट उपलब्ध हो। यह पूरी प्रक्रिया चरणों में की जाएगी ताकि निगरानी व्यवस्था में कोई बाधा न आए। तत्काल कदमों की घोषणा करते हुए मंत्री प्रवेश ने कहा कि पहले चरण में 50 हजार चीनी कैमरों को बदलने की मंजूरी दे दी गई है। यह एक स्पष्ट सुधारात्मक कदम है। पहले लगाए गए हर चीनी कैमरे को क्रमबद्ध तरीके से हटाकर सुरक्षित और भरोसेमंद सिस्टम से बदला जाएगा। शासन के दृष्टिकोण में अंतर स्पष्ट करते हुए मंत्री प्रवेश ने कहा कि उनके लिए यह सिर्फ आंकड़ों और प्रचार का विषय था।



## खबर संक्षेप

### ठगी के मामले में खाताधारक आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** साइबर थाना एनआईटी की टीम ने फॉरेक्स ट्रेडिंग के नाम पर एक डॉक्टर से



लगभग 4.43 करोड़ रुपए की ठगी करने के मामले में खाताधारक प्रशांत सिंह वासी गोसरपुर जिला फर्रुखाबाद उत्तर प्रदेश हाल खेडकी माजरा गुरुग्राम हरियाणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वेबसाइट पर एक युवती से बातचीत हुई।

### वेयर हाउसों को जीडीए ने किया सील

**गाजियाबाद।** जीडीए ने जॉन आठ में आज बिना मानचित्र स्वीकृति के संचालित वेयर हाउसों



को सील कर दिया। उपाध्यक्ष महोदय के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के प्रभारी प्रवर्तन जोन-08 के नेतृत्व में उ.प्र. नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत निर्माकर्ता अशोक, प्रा.लि. द्वारा खसरा सं.-3050 करहेड़ा गाजियाबाद,मोनू एवं संजय आदि।

### जीडीए उपाध्यक्ष ने की जनसुनवाई

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) उपाध्यक्ष नन्द किशोर कलाल ने बुधवार को जनसुनवाई की। इस दौरान



नागरिकों ने अपनी बुनियादी समस्याओं एवं लंबित प्रकरणों से अवगत कराया। जीडीए उपाध्यक्ष ने लोगो की समस्यायों को तत्काल निस्तारित करने के निर्देश दिए। प्राप्त शिकायतों पर त्वरित संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे एक निश्चित गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें। उपाध्यक्ष ने प्राधिकरण ने स्पष्ट किया कि कार्यप्रणाली में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

घरों की आदत बन रहा है कचरा

# शहर के कचरे के निस्तारण के लिए नगर आयुक्त ने ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

नगर निगम लगातार शहर के कचरा निस्तारण पर विशेष कार्यवाही कर रहा है, पांचों जोन अंतर्गत कचरा पृथक्करण तथा कचरा निस्तारण के लिए स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन का संचालन किया जा रहा है।

गीले कचरे को अलग करना तथा सूखे कचरे को अलग करना शहर की आदत बन जन जागरूकता अभियान भी निगम द्वारा चलाए जा रहा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने स्वास्थ्य विभाग टीम के साथ कचरा पृथक्करण तथा कचरा निस्तारण के लिए विशेष बैठक की गई । जिसमें वरिष्ठ प्रभारी स्वास्थ्य अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर मिथिलेश, समस्त जॉन के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक व एसबीएम टीम भी उपस्थित रही इसके अलावा स्वच्छता में सहयोग के लिए कई सामाजिक संस्थाएं भी बैठक में उपस्थिति रही, बैठक में हर घर को




कचरा पृथक्करण के लिए जागरूक किए जा रहे कार्यों की चर्चा हुई, हर घर अलग-अलग डस्टबिन गीले कचरे का अलग और सूखे कचरे का अलग रखें टीम को सफाई मित्रों के सहयोग से अभियान चलाने के निर्देश दिए गए, प्रत्येक वार्ड में पार्षदों के सहयोग से कचरा निस्तारण और कचरा पृथक्करण को लेकर जन जागरूकता अभियान चलाए जाएं निर्देश दिए गए, डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वहां प्रत्येक वार्ड में समय से पहुंचे सुनिश्चित करने के लिए भी टीम को निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने बैठक में उपस्थित जनों को शहर की स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए कचरा पृथक्करण में विशेष ध्यान देने के लिए भी निर्देश दिए गए पविशेष अभियान के अलावा आवश्यकता को देखते हुए अन्य स्मार्ट ट्रांसफर स्टेशन लगाने के लिए भी प्लानिंग करने के लिए टीम को निर्देश दिए गए।

बेहतर प्रदर्शन के लिए छात्रों को किया सम्मानित

# ज्ञानदीप पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल में एनुअल रिजल्ट कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

ज्ञान दीप पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल में एनुअल रिज़ल्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से इंस्पेक्टर सुनीता, एसएचओ जयवीर सिंह, एसएचओ सुनील, चौकी इंचार्ज सेक्टर 21डी प्रवीन, सेक्टर 15 चौकी इंचार्ज ओमप्रकाश देशवाल और अनखीर चौकी इंचार्ज अजीत, पुलिस कमिश्नर ऑफिस से इंस्पेक्टर राजेश मौजूद रहे।

इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन पंडित शिवचरण दास, वाइस चेयरमैन सन्नी शर्मा व स्कूल डायरेक्टर सोनू शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों का पटका व माला पहनाकर स्वागत किया। इस



अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राएं और अभिभावकगण पहुंचे। इस मौके पर प्रथम, द्वितीय ओर तीसरा अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को शील्ड व मैडल पहनाकर प्रोत्साहित किया गया। वहीं अन्य छात्रों को भी आगे ओर बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के कईं गणमान्य व्यक्तियों ने ज्ञानदीप स्कूल में पहुंचकर बच्चों को आगामी भविष्य के लिए उन्हें आशीर्वाद दिया। स्कूल के प्रिंसीपल डॉ मानव शर्मा ने कहा कि हर साल को तरह इस बार भी नये सेशन से पहले एनुअल रिजल्ट कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

इसी कड़ी में सभी छात्रों को शील्ड व मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया ताकि भविष्य में सभी छात्र अपने जीवन में बेहतरीन प्रदर्शन करते रहे। शर्मा ने बताया कि करीब 1200 छात्र उनके ज्ञानदीप स्कूल में पढ़ रहें हैं और सिर्फ पढ़ाई ही नहीं बल्कि उनके परिवार व टीम का मकसद बच्चों में संस्कार देना भी है और हमारे बच्चों की खासियत ही उनके संस्कार है, क्योंकि वह अपने बड़ों का आदर सम्मान करते है नमस्कार व पैर छूकर करते हैं।

उन्होंने बताया कि स्कूल में अच्छी शिक्षा के अलावा सुरक्षा का भी ध्यान रखा जाता है और बच्चों के माता-पिता बच्चों की सुरक्षा के लिए आश्वस्त रहते हैं। मानव शर्मा ने बताया कि उनके यहां नए सेशन के समय एक भी टीसी नहीं काटे गए हैं। उन्होंने सभी अभिवावकों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने ज्ञानदीप पब्लिक सीनियर सेकेंड्री स्कूल पर अपना भरोसा जताया।

वहीं आए हुए गणमान्य लोगों ने स्कूल के संचालकों की जमकर तारीफ की ओर कहा कि मानव शर्मा व उनके परिवार द्वारा बेहतर शिक्षा, संस्कार व सुविधाएं बच्चों को दे रहे है जिसके लिए मानव शर्मा व उनके परिवार की जितनी सराहना की जाए वह कम है। इस मौके पर अभिभावकों व छात्रों ने बताया कि ज्ञानदीप स्कूल बडख़ल क्षेत्र का सबसे कम बजट वाला स्कूल होने के साथ साथ बड़े-बड़े स्कूलों के मुकाबले से बेहतर सेवाएं दे रहा है और उन्हें यकीन है की उनके बच्चे यहां से अच्छी शिक्षा और संस्कार पाकर भविष्य में बहुत आगे तक जाएंगे।

उंगलियों की अत्याधुनिक तकनीक से दिया उपहार

# सर्जिकल टीम ने सफल ऑपरेशन कर युवक को कामकाज के लायक बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम



फोर्टिस हॉस्पीटल, मानेसर ने 30-वर्षीय शेफ को दोबारा अपने प्रोफेशन में आत्मविश्वास के साथ वापसी करने का उपहार दिया है। इस शेफ की अपने वर्कप्लेस पर हुई दुर्घटना के बाद तर्जनी और मध्यमा उंगलियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर बेकार हो गई थीं। डॉ राहुल जैन, कंसल्टेंट -प्लास्टिक सर्जरी के नेतृत्व में, सर्जिकल टीम ने एडवांस ओ सि यो इं टी ग्रे श न - आ धा रि त प्रोस्थेटिक रीकंस्ट्रक्शन को कुशलतापूर्वक अंजाम देकर मरीज को नए सिरे से आत्मविश्वास और कामकाज के लायक बनाकर दोबारा अपने वर्कप्लेस पर वापसी करने में समर्थ बनाया है। वही सर्जिकल टीम ने सफल ऑपरेशन कर युवक को कामकाज के लायक बनाया दरअसल, 30-वर्षीय आकाश (नाम बदला हुआ) गुरुग्राम में एक लोकल होटल में काम करते थे और वहीं की किचन में हुए हादसे के चलते उनकी तर्जनी और मध्यमा उंगली को काटना पड़ा था। इस मामले की जटिलता को समझने के बाद, फोर्टिस मानेसर की मल्टी-डिसिप्लीनरी टीम ने बेहद नवाचारी समाधान तलाशाः यह था ऑसियोइंटीग्रेशन इंप्लांट्स के जरिए उनकी किचन में वापसी कराई। इस उन्नत तकनीक ने हड्डी और प्रोस्थेटिक डिवाइस के बीच प्रत्यक्ष, स्थायी जुड़ाव कायम किया, जिससे पारंपरिक प्रोस्थेटिक्स की तुलना में कहीं अधिक नियंत्रण, मजबूती और उपयोगिता का लाभ मिला।

महिला की नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ का भी आरोप लगा

# युवक को किया लिव-इन पार्टनर दुष्कर्म और छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शादीशुदा महिला के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रहे युवक को महिला थाना पुलिस बल्लभगढ़ ने दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया है। तीन दिन पहले ही पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई थी।

बता दें मूल रूप से मध्यप्रदेश की रहने वाली 40 वर्षीय महिला अपने पति संग मानेसर में किराए पर रहती थी। पति के साथ मिलकर मानेसर औद्योगिक क्षेत्र में चाय का खोखा चलाती थी। इसी खोखे पर पलवल के सदरपुर गांव का रहने वाले ट्रक ड्राइवर जितेंद्र चाय पीने आता था। महिला और युवक के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। महिला के पति को पता चला तो उसने उसे छोड़ दिया। इसके बाद जितेंद्र महिला और उसकी 14 वर्षीय बेटी को लेकर बल्लभगढ़ की गर्ग कालोनी में आकर किराए पर रहने लगा। इस बीच युवक उसके साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। पिछले दिनों 20 मार्च को पीड़िता की नाबालिग बेटी ने अपनी मां को बताया कि जितेंद्र ने उससे छेड़छाड़ की है। पीड़िता ने बेटी के साथ हुई छेड़छाड़ के बारे में जब लिव इन पार्टनर से पूछा तो वह घर छोड़कर चला गया।

जागरूकता रैली में दी जाएगी संचारी रोगों से बचाव हेतु जानकारी

# संचारी रोगों के प्रति जागरूकता रैली को राज्य मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

शासनादेश के आदेश पर सचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 10 अप्रैल, 2026 से 30 अप्रैल, 2026 दस्तक अभियान, संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ बुधवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय, संजय नगर । इस सुभअवसर पर राज्य मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। संचारी रोगों के प्रति इस जागरूकता रैली में नगर निगम गाजियाबाद की लगभग छोटी बड़ी 100 फॉगिंग मशीन, 10 स्त्रीकलर एवं 05 पावर स्प्रेयर मशीनों द्वारा प्रतिभाग किया गया। शुभारंभ के समय जी.के. मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा रैली में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों से जनपद में संचारी रोगों विशेषकर डेंगू से बचाव हेतु क्या करें क्या न करें की अपील की। इस आयोजन में सिविल डिफेन्स के कैडेडस, पशु पालन विभाग, आई.सी.डी.एस., पी.एस.सी. बैड, बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, हयूमन राइट, शम्भू दयाल इण्टर कॉलेज के छात्रों, व्यापार मण्डल प्रतिनिधि, साथी फाउडेशन, स्वच्छ भारत मिशन के लोगों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियों में मुख्य रूप में डॉ. आर.के. गुप्ता जिला सर्विलान्स अधिकारी, डॉ० शिवी अग्रवाल एपिडिमियोलोजिस्ट, नरेन्द्र कुमार सहायक मलेरिया अधिकारी के साथ-साथ डब्लू०एच०ओ०, यूनीसेफ के जनपद स्तरीय कोओर्डिनेटर, एन.सी.डी. विंग, मलेरिया विभाग के समस्त कार्मिक एवं आई.डी.एस.पी. यूनिट के समस्त कार्मिक द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जिला संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डा० संजय गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय एवं जिला एम.एम.जी. चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक के साथ समस्त चिकित्सक एवं पैरा मैडिकल स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कार्यकम समाप्ति के उपरान्त डॉ० अमित विक्रम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा रैली में प्रतिभाग किये गये प्रतिनिधियों को पौध देकर सम्मानित किया एवं जिला संयुक्त चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. संजय गुप्ता द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने हेतु सहयोग की अपेक्षा की।

# फरीदाबाद में पंचायत उप-चुनाव 2026 हेतु मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त आयुष सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग, हरियाणा पंचकूला की अधिसूचना की अनुपालना में जिला फरीदाबाद में पंचायती राज संस्थाओं के उप-चुनाव 2026 के आयोजन हेतु आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि हरियाणा पंचायती राज

- निर्वाचन अधिकारी ने आमजन से की अपील मतदाता सूची का अवलोकन कर जानकारी प्राप्त करें

निर्वाचन नियमए 1994 के नियम 8 के प्रावधानों के अनुसार दिनांक 27 मार्च 2026 को जिला फरीदाबाद के खण्ड बल्लभगढ़, तिगांव एवं फरीदाबाद में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत, फरीदाबाद के कार्यालय सहित संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, बल्लभगढ़, तिगांव एवं फरीदाबाद के कार्यालयों में आमजन के निरीक्षण हेतु उपलब्ध है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने आमजन से अपील की है कि वे मतदाता सूची का अवलोकन कर आवश्यक जानकारी प्राप्त करें।

कृषि नीति, विज्ञान और फील्ड अनुभव को एक मंच पर लाने की पहल, 7 अप्रैल से शुरूआत

# जयपुर, लखनऊ, भुवनेश्वर के बाद मई में हैदराबाद और गुवाहाटी में भी होगा जोनल सम्मेलनः शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा पूरे देश में क्षेत्रवार जोनल कॉन्फ्रेंस की व्यापक श्रृंखला शुरू की जा रही है, जिसके तहत अप्रैल–मई 2026 में पश्चिम, उत्तर, पूर्व सहित सभी प्रमुख जोन में उच्चस्तरीय विचार-विमर्श होगा। इन सम्मेलनों में केंद्र और राज्यों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक, प्रगतिशील किसान, किसान संगठन, एफपीओ, स्टार्टअप और निजी क्षेत्र एक साथ बैठकर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करेंगे और जमीन से जुड़े अनुभवों के आधार पर आगे की कार्ययोजना तय करेंगे।

कॉन्फ्रेंसों की श्रृंखला : जयपुर से गुवाहाटी तक केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पश्चिमी क्षेत्र का पहला जोनल सम्मेलन 7 अप्रैल 2026 को जयपुर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसमें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सहित संबद्ध राज्यों के कृषि मंत्री और सभी वरिष्ठ कृषि अधिकारी शामिल होंगे।

शिवराज सिंह ने बताया कि इसके बाद 17 अप्रैल को लखनऊ में उत्तर भारत के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों– दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, लद्दाख, पंजाब और उत्तराखंड के लिए जोनल कॉन्फ्रेंस आयोजित होगी। केंद्रीय कृषि मंत्री के मुताबिक, 24 अप्रैल को भुवनेश्वर में पूर्वी जोन के लिए सम्मेलन प्रस्तावित है, जिसमें बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। श्रृंखला की निरंतरता में मई माह के अंत में हैदराबाद और गुवाहाटी में भी जोनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी ताकि दक्षिण और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की विशेष चुनौतियों और संभावनाओं पर केंद्रित चर्चा हो सके। शिवराज सिंह ने कहा कि इन जोनल कॉन्फ्रेंसों का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच समन्वय को और मजबूत करना तथा स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप केंद्रीय योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है, जैसा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का संकल्प और दिशा-निर्देश भी रहा है। इन बैठकों में आत्मनिर्भर दलहन मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन, प्राकृतिक खेती मिशन, डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन जैसी प्राथमिकताओं पर विस्तृत चर्चा होगी और बाधाओं की पहचान कर समाधान तय किए जाएंगे। राज्यों के सफल मॉडल, जैसे सिंचाई, उर्वरक वितरण, एग्री-स्टैक, बागवानी और मूल्य श्रृंखला प्रबंधन की सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा कर अन्य राज्यों में भी लागू करने की रूपरेखा बनेगी।

राज्यों के साथ केन्द्रीय कृषि मंत्री की समीक्षा बैठकः किसान आईडी, उर्वरक की उपलब्धता के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

# 19 राज्यों में अब तक सवा 9 करोड़ किसान आईडी बनाई जा चुकी हैं: चौहान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक कर किसान आईडी, उर्वरक की उपलब्धता एवं विभिन्न कृषि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि किसान आईडी किसानों को उनकी भूमि, फसल, पशुधन एवं मत्स्य पालन से जोड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। अब तक 19 राज्यों में कुल 9.25 करोड़ किसान आईडी बनाई जा चुकी हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि राज्य सरकारों के कृषि एवं राजस्व विभाग संयुक्त रूप से अभियान चलाकर अगले 6 महीनों में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने की कोशिश करें। साथ ही व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर यह सुनिश्चित किया जाए कि किसान रजिस्ट्री केवल पीएम-किसान लाभार्थियों तक सीमित न रहे, बल्कि सभी पात्र किसानों को शामिल किया जाए। उर्वरक उपलब्धता पर चर्चा करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि किसानों को खाद की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी। राज्यों को जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि टेक्नोलॉजी आधारित न्यायपूर्ण वितरण प्रणाली सुनिश्चित की जाए ताकि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार उर्वरक उपलब्ध हो सके, साथ ही असंतुलित उपयोग को रोकने एवं जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया जाए।

- चौहान ने राज्यों को उर्वरक की जमाखोरी एवं कालाबाजारी पर सख्ती बरतने के दिए निर्देश

सीमा क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि उर्वरक के अवैध आवागमन को रोकना आवश्यक है। हरियाणा के "मेरी फसल मेरा ब्यौरा" पहल की सराहना करते हुए उन्होंने इसे अन्य राज्यों के लिए अनुकरणीय बताया। पीएम-आशा योजना के अंतर्गत दलहन एवं तिलहन के न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीद की समीक्षा भी की गई। चौहान ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सरकार दलहन एवं तिलहन की खरीद एमएसपी पर करती है तथा राज्य इसके दिशा-निर्देशों के अनुसार भाग लेते हैं।

केन्द्रीय मंत्री ने निर्देश दिया कि केवल एफएक्यू (फेयर एवरेज क्वालिटी) की उपज की खरीद सुनिश्चित की जाए। किसानों का पंजीकरण आधार आधारित पोर्टलों पर किया जाए तथा खरीद केंद्रों पर बायोमेट्रिक या फेस ऑथेंटिकेशन अनिवार्य किया जाए। भुगतान आधार-सक्षम डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के खातों में किया जाए और साथ ही खरीद केन्द्रों की भी पर्याप्त संख्या हो जिससे किसान भाई-बहनों को समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने राज्यों से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले, शिकायतों का समय पर निवारण हो तथा खरीद सीधे किसानों से हो।

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरि0 मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/ उत्तर रेलवे, ट्रेनसेट डिपो, शकूरबस्ती, भारत के राष्ट्रपति की ओर से उनके लिए निम्नलिखित कार्य के लिए **IREPS** साइट (**www.ireps.gov.in**) पर आमंत्रित की जाती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा संख्या | 2581019TSDSSB | | |
| कार्य का विवरण | वंदे भारत कोचों के लिए संशोधित ड्रेन पाइप, डस्टबिन पैनल, एयर डक्ट स्कूप और एंटी–कंडेंसेशन इंसुलेशन की आपूर्ति और स्थापना का प्रावधान। | | |
| अनुमानित लागत | 90,51,383.68/- (GST सहित) | बयाना राशि | 1,81,100/- |
| कार्य अवधि | 18 माह | निविदा खुलने की तिथि, समय | 22.04.2026, 14:00 बजे |
| निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने के इंटरनेट साइट | उपरोक्त निविदा **IREPS** साइट पर उपलब्ध है जो कि है **www.ireps.gov.in** दिनांक **30.03.2026, 11:27** बजे से प्रभावी है। | | |

सं0: 2581019TSDSSB दिनांकः 30.03.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1089/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राज कुमार, पुत्रः चमन लाल, पताः म. नं. 5ए, 109, विष्णु गार्डन एक्सटेंशन, राजौरी गार्डन, पश्चिम दिल्ली** ने **FIR No. 671/2021, U/s 498A/406/34 IPC, पुलिस थाना पंजाबी बाग, नई दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राज कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राज कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 671/2021, U/s 498A/406/34 IPC, पुलिस थाना पंजाबी बाग, नई दिल्ली** के अभियुक्त **राज कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार – सुश्री शिवली तलवार
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, महिला कोर्ट–01, पश्चिम
**DP/4261/WD/2026** कमरा नं. 358, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **प्रीति पत्नीः** विकास कुमार **पताः** मकान नंबर – बी–57, टैगोर गली, पश्चिमी बाबरपुर, दिल्ली, ने **FIR No. 414/2017 U/s 324 IPC थानाः वेलकम, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रीति,** मिल नहीं रही हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रीति,** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 414/2017 U/s 324 IPC थानाः वेलकम, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **प्रीति,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
**DP/4093/NE/2026** जेएमएफसी–03, कमरा नंबर 19
**(Court Matter)** कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **मोहम्मद जफर अली उर्फ जफरी, पुत्रः** स्व. मोहम्मद अब्दुल हुसैन, **पताः** मकान नंबर 603, गली नंबर 11, नेहरू नगर, आनंद पर्वत, दिल्ली **इसके अलावाः** ग्राम हेयरोपुर, थाना–चावरी, जिला–बस्ती, उत्तर प्रदेश ने **FIR No. 198/19 U/s 323/341/506/34 IPC थानाः आनंद पर्वत, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद जफर अली उर्फ जफरी,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **मोहम्मद जफर अली उर्फ जफरी,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 198/19 U/s 323/341/506/34 IPC थानाः आनंद पर्वत, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **मोहम्मद जफर अली उर्फ जफरी,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **04.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पूजा तलवार
**DP/4205/CD/2026** एएसजे (एफटीसी)–01, कमरा नंबर 313
**(Court Matter)** तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

## खबर संक्षेप

### पटना से चुराकर नेपाल में बेचें मोबाइल, आरोपी धराएं

**पटना।** पटना पुलिस ने मंगलवार की रात मोबाइल चोरी करने वाले एक बड़े गैंग के चार बदमाशों को



सचिवालय हॉल्ट और रक्सौल के पास से गिरफ्तार किया है। उनके पास से 55 मोबाइल जब्त किये गये हैं। पुलिस की छानबीन में पता चला है कि यह गिरोह बिहार सहित देश के अन्य राज्यों से मोबाइल चोरी करने के बाद उसे नेपाल में बेच देते थे। खासकर एप्पल जैसी कंपनियों की मोबाइल को विशेष तौर पर नेपाल में बेचा जाता था। इस गिरोह के बदमाशों ने पूर्वी चंपारण के रक्सौल में एक अड्डा बना रखा था, चोरी के मोबाइल को जमा किया जाता था।

### बेमौसम बारिश, किसानों को मिलेगा मुआवजा

**लखनऊ।** यूपी में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। मार्च महीने का अंत और अप्रैल की शुरुआत में



ही हुई बेमौसम बारिश ने खेतों में खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसान चिंता में हैं। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हालात का संज्ञान लेते हुए प्रशासन को अलर्ट मोड पर कर दिया है और सभी जिलों के जिलाधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।बुधवार को प्रदेश के कई जिलों में हुई तेज बारिश और कहीं-कहीं ओलावृष्टि ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दीं। जिन खेतों में फसल कटाई के लिए तैयार खड़ी थी, वहां पानी भरने से नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

### गढ़वा में पुलिस-पब्लिक के बीच हिंसक झड़प

**रांची।** गढ़वा जिले में रमना निर्माणाधीन फोर लेन सड़क एक



बार फिर जानलेवा साबित हुई. बुधवार को रामगढ़ मोड़ के समीप हुए भीषण सड़क हादसे में एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई,क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया। मृतक की पहचान झुरहा निवासी राजा बियार के 20 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार के रूप में की गई है। झारखंड के गढ़वा जिले में पुलिस और पब्लिक के बीच हिंसक झड़प हो गई। पुलिस ने भीड़ पर बल प्रयोग किया।

## राजीव अग्रवाल ने कहा- ब्रज में पर्यटकों को मिलेगी विश्व प्रसिद्ध सुविधाएं

# सीएम योगी से विवांता ताज होटल एवं बृजवासी मिठाई वाला ग्रुप के मालिक राजीव अग्रवाल एवं उनके सुपुत्र पुलकित अग्रवाल ने मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मथुरा

ब्रज में आने वाले देश-विदेश के पर्यटक श्रद्धालियों को आप विश्व प्रसिद्ध आवासीय सुविधा मिलने जा रही हैं इस कड़ी में प्रदेश के मुख्यमंत्री खुद हर तरह की सुविधाओं की समीक्षा खुद कर रहे हैं इसी दिशा मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में ब्रज की हृदय स्थल वृन्दावन स्थित विवांता ताज होटल एवं बृजवासी मिठाई वाला ग्रुप के मालिक राजीव अग्रवाल एवं उनके सुपुत्र पुलकित अग्रवाल ने मुलाकात की उद्योगपति राजीव अग्रवाल ने प्रदेश सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए बैठक में कहा कि उत्तर प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था और पर्यटन को बढ़ावा देने वाली योजनाओं के चलते वृन्दावन में पर्यटन उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसी अनुकूल माहौल का परिणाम है कि यहां लगातार फाइव स्टार होटल और उच्च स्तरीय सुविधाएं विकसित हो रही हैं।

युवा समाजसेवी एवं उद्योगपति शपुलकित अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को अपने ग्रुप की भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी पर्यटन क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि ब्रज क्षेत्र को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। बैठक सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुई जिसमें पर्यटन और निवेश से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।



## सीएम योगी ने कहा-2017 से पहले सरकार को अंधेरा पसंद था

# जनता ने राजनीतिक कचरा साफ किया तो स्वच्छ हुआ यूपीः मुख्यमंत्री योगी

- ननि के कूड़ा प्रबंधन के लिए 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया
- सीएम ने विपक्ष पर कड़ा प्रहार किया जनता ने कचरे को हटाकर बदलाव की नींव रखी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की जनता ने राजनीतिक कचरा हटाया तो नौ साल में यूपी स्वच्छ हो गया है। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले सत्ताधारी दलों को अंधेरा पसंद था, उनकी सोच में रोशनी देना तक नहीं था। सीएम ने बुधवार को कालिदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास से लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन के लिए 250 इलेक्ट्रिक एवं सीएनजी वाहनों को किया फ्लैग ऑफ किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता ने जब राजनीतिक कचरे को हटाकर बदलाव की नींव रखी, उसी का परिणाम है कि स्वच्छता के क्षेत्र में डबल इंजन सरकार द्वारा शुरू किए गए प्रयास सफल रहे और रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार हुआ। मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि प्रदेश में 2017 के पहले सत्ताधारी दलों को अंधेरा पसंद था, लेकिन हम सूर्य के उपासक हैं और सूर्यवंशी श्रीराम के अनुज लक्ष्मणजी के नाम पर लक्ष्मणपुरी में विकास को आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नव निर्माण के 9 वर्षों में आज हमारा लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के टॉप-3 शहरों में शामिल हुआ है। अब इस उपलब्धि को नई ऊंचाई देने के लिए हम 'नेट जीरो' लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं, जहां कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम हो और प्रदूषण रहित व्यवस्था विकसित हो। इसी दिशा में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स को बढ़ावा देना एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल है, जो स्वच्छ और हरित भविष्य की नींव रखेगी। प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से वर्ष 2017 में हमने स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में व्यापक बदलाव किया। पहले हैलोजन की पीली लाइटें होती थीं, जो अधिक ऊर्जा खपत करती थीं, बदरंग दिखती थीं और कीड़े-मकोड़ों के कारण उनके नीचे खड़ा होना भी मुश्किल होता था। पिछली सरकारों के लिए यह व्यवस्था इसलिए सुविधाजनक थी, क्योंकि उन्हें बिजली देनी ही नहीं थी। जिनकी आदत डकैती डालना था, उनके लिए अंधेरा ठीक था। लेकिन हमारी सरकार ने तय किया कि बिना भेदभाव के 24 घंटे बिजली मिले और शहर की लाइटिंग भी एक समान, बेहतर और आधुनिक हो।

इसी सोच के तहत पूरे शहर को एलईडी लाइटों से "दूधिया रोशनी" में बदलने का कार्य किया गया, ताकि हर नागरिक को सुरक्षित और बेहतर वातावरण मिल सके और अंधेरे की संस्कृति को समाप्त कर सभ्यता और विकास को आगे बढ़ाया जा सके।



### अब बाहर से आने वाले लोग लखनऊ की सुंदरता की सराहना करते हैं

*मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आप उत्तर प्रदेश के किसी भी शहर में जाएं, एलईडी स्ट्रीट लाइटों की दूधिया रोशनी से पूरा शहर जगमगाता दिखाई देता है। नगर निगमों ने भी स्पाइरल लाइट लगाकर शहरों को और सुंदर बनाया है। रात में सड़कों पर सुरक्षित और आकर्षक वातावरण दिखता है। लखनऊ आने वाले लोग अब इसकी खूबसूरती की सराहना करते हैं। जहां पहले 2017 से पहले अंधेरा, असुरक्षा और सफाई की कमी महसूस होती थी, आज वही शहर रोशनी, स्वच्छता और व्यवस्थित विकास का उदाहरण बनकर सामने आया है। पिछले 9 वर्षों में लखनऊ ने स्वच्छता रैंकिंग के साथ-साथ हर क्षेत्र में विकास की नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। शहर का दायरा बढ़ा है, लोगों के जीवन स्तर में सुधार हुआ है, मेट्रो संचालन शुरू हुआ है और सड़कों के चौड़ीकरण, जल निकासी तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार से कनेक्टिविटी मजबूत हुई है।*

### लखनऊ बन रहा क्लीन सिटी और ग्रीन

मुख्यमंत्री ने कहा कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल इस अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। पिछले दिनों लखनऊ के लोकप्रिय सांसद माननीय राजनाथ सिंह द्वारा 200 से अधिक ऐसे वाहनों को हरी झंडी दिखाई गई थी, अब 250 नए वाहन लखनऊ के हर वार्ड में लगाए जा रहे हैं, जिससे घर-घर कूड़ा प्रबंधन को और सशक्त किया जाएगा और शहर को क्लीन सिटी, ग्रीन सिटी बनाने की दिशा में गति मिलेगी। इसी क्रम में गोमती नदी के पुनरुद्धार और कुकरैल क्षेत्र से अतिक्रमण हटाकर 'सौमित्र वन' का विकास किया गया है। जो पहले उपेक्षित क्षेत्र था, आज वहां का परिवर्तित स्वरूप लोगों को आकर्षित कर रहा है और लखनऊ के सकारात्मक बदलाव की पहचान बन चुका है। सीएम योगी ने कहा कि हाल में बाहर से आए कुछ लोगों ने 'सौमित्र वन' के बारे में पूछा, तो मैंने बताया कि पहले की सरकारों ने नदी पर अवैध कब्जे कराए थे, उसे हटाकर यह 'सिटी वन' विकसित किया गया है। 'सौमित्र' नाम भगवान लक्ष्मणजी के नाम पर रखा गया है, जो उनके प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। आज यह स्थान लखनऊ की शान बन चुका है।

## वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए राशि आवंटित

# झारखंड की हर पंचायत के खाते में आएंगे 52 लाख रुपए



एजेंसी ▶▶ रांची

विकसित गांव और समृद्ध झारखंड का सपना अब साकार होने जा रहा है। झारखंड के 4345 पंचायतों पर वित्तीय वर्ष 2025-26 में छप्पर फाड़ पैसा की बारिश हुई है। राशि के अभाव में पिछड़ रहे गांव, अब विकास की रफ्तार भरने को तैयार है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंत तक झारखंड को 15 वें वित्त आयोग के तहत करीब 2254 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इस राशि को राज्य के पंचायतों को मिलने वाली राशि के नजरिए से आंके, तो हर एक पंचायत के हिस्से में पिछले एक साल में करीब 51 लाख 80 हजार रुपए आयेंगे। ये राशि राज्य गठन के बाद से अबतक मिलने वाली सर्वाधिक राशि है।

### पहली बार पंचायतों को मिली अनुदान राशि

राज्य की सबसे बड़ी उपलब्धि ये है कि राज्य वित्त आयोग से पहली बार पंचायतों को अनुदान राशि दी गई है। 15वें वित्त आयोग के तहत झारखंड के हिस्से में मिलनी वाली राशि पर गौर किया जाए तो वित्तीय वर्ष-2021-22 में 624.50 करोड़, वित्तीय वर्ष-2022-23 में 1271 करोड़, वित्तीय वर्ष-2023-24 में 1300 करोड़, वित्तीय वर्ष 2024-25 में 653.50 करोड़, जबकि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ये राशि सर्वाधिक 2 हजार 254 करोड़ रुपए राज्य के पंचायतों को मिला है। सभी पांच प्रमंडलों में उत्तरी छोटा नागपुर प्रमंडल को 767.15 करोड़ रुपए, संथाल परगना प्रमंडल को 520.59 करोड़ रुपए, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल को 367.78 करोड़ रुपए, कोल्हान प्रमंडल को 300.44 करोड़ और पलामू प्रमंडल को 294.74 करोड़ रुपए मिले है।

### गांव में विकास को मिलेगी रफ्तार

झारखंड के गांव के विकास में 2 हजार 254 करोड़ रुपए विभिन्न योजना मद में खर्च होंगे.लंबे इंतजार के बाद पंचायत स्तर पर गांव के विकास की योजना धरातल पर आकार लेती हुई दिखेगी. जहां टाइड मद से पेयजल एवं स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिल सकेगा।

# 24 घंटे के भीतर कांठ में दूसरे बच्चे पर हमला

**अमरोहा।** चौबीस घंटे के भीतर ही तेंदुए ने कांठ क्षेत्र के ही गांव मिश्रीपुर में घर के अंदर घुसकर चारपाई पर लेटी चौथी क्लास में पढ़ रही आठ साल की छात्रा को हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। तेंदुआ उसे खींचकर ले जा रहा था कि भाई के शोर मचाने पर परिजन लाठी-डंडे लेकर दौड़े तो तेंदुआ उसे छोड़कर खेतों में भाग गया। हमले में

### ■ मुरादाबाद में तेंदुए का आतंक

गंभीर घायल हुई छात्रा को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कांठ क्षेत्र के गांव मिश्रीपुर निवासी अवनेश कुमार का घर गांव के अंतिम छोर पर खेतों से सटा हुआ है। उसके घर की बाउंड्री और गेट भी नहीं है। मंगलवार की देर शाम करीब आठ बजे उसकी कक्षा चार में पढ़ने वाली आठ साल की सबसे छोटी बेटी दीपांशी घर के आंगन में ही चारपाई पर लेटी हुई थी, पास में ही उसका बड़ा भाई विशाल भी बैठा था। तभी अचानक खेतों की तरफ से आए तेंदुए ने दीपांशी पर हमला कर दिया और वह उसे जबड़े में दबाकर खींचते हुए ले जाने लगा।

## पेज एक का शेष

### देश में पेट्रोल-डीजल की कोई ...

उत्पादों पर एक्साइज ड्यूटी घटाई है। जिसके परिणामस्वरूप कीमतें पहले के समान ही बनी हुई हैं। साथ ही घरेलू बाजार में एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) और डीजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने एक्साइज लैवी लगाई है। अतः आमजन से यह अपील है कि वो किसी भी डर या आशंका की चपेट में आकर खरीदारी न करें। 6 अप्रैल 2022 से केंद्र ने पेट्रोल और डीजल का दाम नहीं बढ़ाया है। मार्च 2024 में दोनों पेट्रोलियम उत्पादों का दाम 2 रुपए कम किया गया था। जो अभी भी बरकरार है।

### यूं विमानन उद्योग ...

लगभग 40% होती है। लेकिन सरकार के इस फैसले से पूरे विमानन उद्योग पर आने वाले संकट को टालने में मदद मिलेगी।

**भारत में बीज, उर्वरक की कोई कमी नहीं :** केंद्रीय कृषि मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव अधिकारी मनिंदर कौर द्विवेदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्थिति को देखते हुए मंत्रालय ने मामले की समीक्षा की है। सबसे पहले इस क्षेत्र में बीज आता है। खरीफ और रबी सीजन के लिए देश में पर्याप्त मात्रा में बीज की उपलब्धता है। राज्यों के साथ भी हमने चर्चा की है। हमें 161.46 लाख क्विंटल बीज की आवश्यकता होगी। मुख्य फसलों के लिए सभी राज्यों में पर्याप्त मात्रा में बीज की उपलब्धता बनी हुई है। पिछले महीने इस क्षेत्र में हाइब्रिड मक्का को सुखाने के लिए एलपीजी की जरूरत के संबंध में एक अड़चन आई थी। उसे पेट्रोलियम मंत्रालय के साथ समन्वय कर दूर कर लिया गया है। इसी तरह से उर्वरक की भी कोई कमी नहीं है।

### नक्सलवाद की राख ...

उनकी ढाल बन तमाम मानव अधिकारों के स्वघोषित पैरोकार सड़कों पर आ जाते थे। जो विचार धारा संसदीय लोकतंत्र के खात्मे की अभिलाषा के साथ उपजी थी, उसकी पैरोकारी करने के लिए कुछ जनप्रतिनिधि तो चिल्ला चिल्ला कर अपने गले से खून तक निकाल लेते थे।

वनांचल में नक्सली अपनी दहशत और हुकूमत बनाए रखने गोली गोली चलाते रहते और शहरों में बैठे उनके हमदर्द बोली बोली का राग अलाप कोई ठोस कार्रवाई करने में रोड़ा अटकाते रहते। लेकिन, इन परिस्थितियों में बदलाव तब आया जब 2024 में नक्सल उन्मूलन के वादे के साथ नरेंद्र मोदी सत्तारूढ़ हुए। लेकिन छत्तीसगढ़ के संदर्भ में हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि कांग्रेस के नेतृत्व में केंद्र में यूपीए सरकार और छत्तीसगढ़ में रमन सिंह की सरकार रहते सरगुजा अंचल से नक्सलियों को समाप्त करने में सफलता मिली थी। लेकिन, तिरुपति से पशुपति तक रेड कॉरिडोर की स्थापना की कोशिश कर रहे लोगों के खिलाफ यह सफलता पर्याप्त नहीं थी। केंद्र में सत्ता परिवर्तन के साथ रणनीति में बदलाव आया और अमित शाह के द्वारा गृह मंत्रालय की संभालने के साथ ही यह संघर्ष निर्णायक दौर में पहुंच गया। सामाजिक और सामरिक दृष्टि से योजना बनाकर काम शुरू हुआ।

छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बहुल राज्य की कमान वरिष्ठ आदिवासी नेता विष्णु देव साय के हवाले किया जाना भी इस कार्य-योजना का हिस्सा था। इस एक फैसले ने आदिवासियों में अपनी सरकार होने का विश्वास और नक्सलियों के प्रति अविश्वास पैदा किया। वह अपनी सरकार बंदूक की नली से लाने की बात कहते थे, यहां अपनी सरकार बैलेट से ही अस्तित्व में आते देख लिए। बंदूक की जगह संविधान पर आस्था पैदा करने के लिए जहां नक्सलियों को सुखद भविष्य का संदेश देती आकर्षक पुनर्वास नीति लाई गई, वहीं दशकों से विकास की बाट जोह रहे आदिवासी इलाकों के लिए नियद नेल्लानार जैसा कार्यक्रम भी शुरू किया। सुरक्षा बलों ने सटीक रणनीति और परस्पर समन्वय के साथ आक्रामक ऑपरेशन किए। उनके पराक्रम ने नक्सलियों के हाड़ कंपा लिए। छत्तीसगढ़ में इन कोशिशों के बीच गृह विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा का उल्लेख न किया जाना ज्यादती होगी। घोर नक्सली इलाकों में अपनी जान हथेली पर रखकर वह जवानों का हौसला बढ़ाते रहे, वहीं नक्सलियों से संवाद के माध्यम से उन्हें समर्पण के लिए प्रेरित भी करते रहे। इन कोशिशों में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के उदार सहयोग और समर्थन ने संकल्प को सिद्धि में बदल दिया।

लेकिन, इस साझा प्रयास के परिणाम को सहेजना हमारी साझा जिम्मेदारी है। जिन अभावों से यह संघर्ष अस्तित्व में आया था , उन्हें खत्म करना ही होगा। स्कूल, हॉस्पिटल, सड़क, थानों के साथ इन इलाकों में युवाओं के लिए स्थाई रोजगार के अवसर पैदा करने की जरूरत है। भूखा पेट और खाली हाथ कभी भी हथियार थाम सकते हैं, इस हकीकत को सरकार और समाज दोनों को ही बखूबी समझ लेना चाहिए।

# अच्छी खबरः पटना हाईकोर्ट में 53 पदों पर भर्ती, जल्द करें अप्लाई

### ₹92,300 तक सैलरी

एजेंसी ▶▶ पटना

अगर आप कंप्यूटर,आईटी या टेक्निकल काम में रुचि रखते हैं और सरकारी नौकरी का सपना देख रहे हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। पटना हाईकोर्ट ने टेक्निकल असिस्टेंट (ग्रुप-सी)के 53 पदों पर भर्ती निकाली है। चयनित उम्मीदवारों को अच्छा वेतन और सरकारी नौकरी के सभी फायदे मिलेंगे। पटना हाईकोर्ट में निकली इन नौकरियों के लिए सेलेक्ट होने पर उम्मीदवारों को 7वें वेतन आयोग के लेवल-5 के अनुसार ₹29,200 से ₹92,300 तक का बेसिक वेतन मिलेगा। इसके अलावा अन्य भत्ते जैसे डीएम, एचआरए आदि भी दिए जाएंगे। शुरुआत में नियुक्ति एक साल की प्रोबेशनपर होगी। इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया 1 अप्रैल 2026 से शुरू होगी और आवेदन की आखिरी तारीख 30 अप्रैल 2026 तक है। आवेदन शुल्क जमा करने की आखिरी तारीख 2 मई 2026 रात 11:59 बजे तक है। परीक्षा की तारीख बाद में घोषित की जाएगी। अभ्यर्थियों को इन तारीखों का खास ध्यान रखना चाहिए। पटना हाईकोर्ट में कुल 53 पदों पर भर्तियां निकली हैं जिसमें अनारक्षित (यूआर)वर्ग के 24,अनुसूचित जाति (एससी)के 8,अनुसूचित जनजाति (एसटी) के एक पद,अत्यंत पिछड़ा वर्ग के 9, पिछड़ा वर्ग (बीसी)के 6 और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस)के 5 पद शामिल हैं।कुल 53 पदों में से 17 पद महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। 2 पद दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हैं। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे.ऑफलाइन फॉर्म मान्य नहीं होंगे। आवेदन करने के लिए आसान स्टेप्स इस प्रकार हैं।



### ऐसे करें आवेदन

- पटना हाईकोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट patnahighcourt.gov.in पर जाएं।
  आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है।
- परीक्षा की तारीख और अन्य चरण जैसे स्किल टेस्ट आदि बाद में सूचित किए जाएंगे।
- चयन लिखित परीक्षा, स्किल टेस्ट और दस्तावेज सत्यापन के आधार पर होगा।

# अयोध्या से सीतामढ़ी तक स्थापित हुआ सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर

**सीतामढ़ी का सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर 176 वर्ष पुराना**

एजेंसी ▶▶ सीतामढ़ी

मां जानकी जन्मभूमि सीतामढ़ी में शहर के कोट बाजार स्थित सिद्धपीठ म मां जानकी जन्मभूमि सीतामढ़ी नगर के कोट बाजार स्थित श्री सिद्धपीठ दक्षिणमुखी हनुमान श्रीराम की नगरी अयोध्या से यहां स्थापित हुए थे। करीब 176 वर्ष पूर्व हनुमानजी महाराज का श्रीविग्रह सीतामढ़ी में प्रतिष्ठित हुआ था। इस संदर्भ में जनवरी 1975 में प्रकाशित कल्याण के ' हनुमान अंक' विशेषांक में बिहार के प्रमुख तीन हनुमान मंदिरों में इसकी भी चर्चा की गई है। मंदिर में स्थापित हनुमान की प्रतिमा काशी के एक राम भक्त संत को मिली थी। काशी के संत ने उस प्रतिमा को अयोध्या के एक वैष्णव संत को दे दी। कहा जाता है कि उस संत को हनुमान जी ने स्वप्न में दर्शन देकर कहा कि उनकी प्रतिमा को जानकी जन्मभूमि सीतामढ़ी पहुंचा दो। संयोगवश उन दिनों सीतामढ़ी के सात्विक गौड़ ब्राह्मण बलदेव जी तीर्थाटन के दौरान अयोध्या गए थे। वहां महात्मा ने उनको उपयुक्त व्यक्ति मानकर हनुमानजी की प्रतिमा दे दी। महात्मा का प्रसाद समझकर बलदेव जी ने निजी व्यय से अपने जमीन पर प्रतिमा स्थापित कर दी और विधिवत पूजा-पाठ करने लगे।





### मुख्य गुंबद की ऊंचाई 35 फीट है

वर्तमान में उन्ही के वंशज द्वारा पूजा - पाठ किया जा रहा है। यह मंदिर जिले के श्रद्धालुओं के लिए विशेष आस्था का केंद्र है। हनुमान जी के प्रतिष्ठित होने के बाद कई बार मंदिर का पुनर्निर्माण किया गया हैं। वर्तमान भव्य मंदिर का निर्माण एक दशक पूर्व हुआ था। जिसके मुख्य गुंबद की ऊंचाई 35 फीट है, जिसका निर्माण 40 सदस्यीय शिल्पकारों की टोली ने किया था।



डॉक्टर्स सजेशन



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब अच्छी तरह से न लगे भूख



**मेरी उम्र 35 वर्ष है। पिछले कुछ हफ्तों से मुझे भूख नहीं लगती। पेट हमेशा भरा-भरा लगता है। कुछ भी खाने पर वॉमिट जैसी फीलिंग आती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का सॉल्यूशन बताएं।**

**-संजय, रायपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि डाइजेशन सिस्टम गड़बड़ हुआ है, इस वजह से आपका पेट भर-भरा रहता है। भूख भी नहीं लग रही है। इसके लिए सबसे पहले आप यह करें कि खाना हल्का और सुपाच्य शुरू करें। लंच में दही और सलाद जरूर शामिल करें। शाम को बिल्कुल हल्का खाना खाएं। कोशिश करें कि सोने से 3 घंटे पहले खाना खा लें। कुछ दिन ऑयली खाना बिल्कुल बंद कर दें। इस तरह बदलाव करने से आपको राहत मिल सकती है।

**मेरी उम्र 48 वर्ष है। पिछले एक-डेढ़ महीने से मेरे सिर के पिछले हिस्से में रह-रहकर टीस होती रहती है। कई बार यह दर्द बहुत बढ़ जाता है। कृपया मेरी इस समस्या का कारण और समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-कौशल, बिलासपुर**

क्या आपके सिर में हाल के दिनों में कोई चोट लगी थी? कई बार चोट लगने से ऐसी समस्या शुरू हो जाती है। बेहतर होगा कि आप एक बार मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। हो सकता है कि वह सिटी स्कैन जैसी कुछ जांच कराएं, जिससे पता चलेगा कि सिर दर्द की मूल वजह क्या है? फिर जरूरत के अनुसार वे उसका ट्रीटमेंट करेंगे। अपने मन से कोई दवा न लें।

**मेरी उम्र 61 वर्ष है। कुछ दिनों से यूरीन पास करने के दौरान बहुत जलन होती है। ऐसा क्यों हो रहा है, कृपया कोई उपचार बताएं?**

**-किशोर, दुर्ग**

कई बार पानी कम पीने पर ऐसी समस्या देखी जाती है। इसलिए आप सबसे पहले पानी पर्याप्त मात्रा में पिएं। अगर इसके बाद भी आपको इस तरह की समस्या है तो जरूर आपको एक बार यूरोलॉजिस्ट से संपर्क कर लेना चाहिए। वह कुछ जांच करवा कर इसका कारण पता लगाएंगे। ध्यान रहे बगैर जांच कराए आप कोई भी दवा ना लें।

**मेरी उम्र 24 वर्ष है। मेरी नाक पर ब्लैक हेड्स हो गए हैं, जो दिखने में बहुत भद्दे लगते हैं। कृपया इसे दूर करने का कोई कारगर उपाय बताएं।**

**-हर्षित, रोहतक**

यह समस्या यंगस्टर्स में काफी संख्या में देखी जा रही है। यह ब्लैकहेड्स कैसे हैं, यह जांच करने के बाद ही पता चलेगा। बेहतर होगा कि आप किसी त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वह फिजिकल देखकर इसका ट्रीटमेंट बताएंगे।

**मेरी उम्र 53 वर्ष है। मुझे नींद में खर्राटे बहुत आते हैं। कृपया बताएं कि मैं अपनी इस समस्या से कैसे छुटकारा पा सकता हूं?**

**-हर्षदेव, रायगढ़**

कई लोगों को बढ़ती उम्र में इस तरह की समस्या होती है। हालांकि कई बार नाक की हड्डी बढ़ जाने पर भी ऐसी समस्या होती है। बेहतर होगा कि आप एक बार ईएनटी रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वे जांच कर लेंगे। इसके बाद इसका समाधान बताएंगे। फिलहाल सुबह-शाम आप प्राणायाम शुरू कर दें।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। मैं जब भी थोड़ा तेज चलता हूं या सीढ़ियां चढ़ता हूं, तो मेरी सांस फूलने लगती है। कृपया बताएं, ऐसा क्यों हो रहा है, मुझे क्या करना चाहिए?**

**-मिहिर, हिसार**

आपको बगैर देर किए हुए डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए, क्योंकि इस उम्र में ऐसी समस्या नहीं होनी चाहिए। इसके दो कारण होते हैं या तो श्वसन तंत्र में कोई समस्या हो या फिर दिल संबंधी। दोनों ही के बारे में डॉक्टर से संपर्क करने के बाद ही पता चल पाएगा। इसलिए आप डॉक्टर से संपर्क कर जांच कराएं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

अवेयरनेस

विवेक शुक्ला

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने उत्तम स्वास्थ्य के अंतर्गत शारीरिक स्वास्थ्य के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य को भी महत्व दिया है। बावजूद इसके, इन दिनों बहुत से लोग उच्च रक्तचाप और दिल से संबंधित बीमारियां, डायबिटीज, पाचन तंत्र और मनोरोगों से ग्रस्त हैं, जिनके प्रति सचेत रहकर हम स्वयं को काफी हद तक स्वस्थ रख सकते हैं।

स्पेशलः वर्ल्ड हेल्थ डे, 7 अप्रैल

इस साल वर्ल्ड हेल्थ डे की थीम 'टुगेदर फॉर हेल्थ, स्टैंड विद साइंस' है। इस थीम का अर्थ है कि स्वास्थ्य से संबंधित मामलों में एक-दूसरे का साथ दें और विज्ञान पर आधारित उपचार पद्धतियों, शोध और अध्ययनों पर भरोसा करें। यानी परिवार में हम अपने साथ ही बड़े-बुजुर्गों और बच्चों का भी ध्यान रखें। तभी हम सभी फिजिकली-मेंटली हेल्दी रह सकेंगे।

## फिजिकल हेल्थ के साथ ही मेंटल हेल्थ का भी रखें ध्यान

### हार्ट की करें प्रॉपर केयर

'दि वर्ल्ड हार्ट फेडरेशन' के अनुसार दुनिया भर में विभिन्न रोगों से सर्वाधिक मौतें हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों से होती हैं। हृदय रोगों का एक महत्वपूर्ण कारण उच्च रक्त चाप है। कुछ सुझावों पर अमल कर उच्च रक्तचाप और विभिन्न हृदय रोगों से बचाव किया जा सकता है।

**तनाव से बचेंः** मेडिकल जर्नल 'दि लैसेंट' में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार तनाव दिल की सेहत का सबसे बड़ा शत्रु है। इसलिए तनाव को नियंत्रित करने के लिए जीवन के प्रति सकारात्मक सोच रखें। निराशावादी विचारों के बजाय आशावादी बने रहें।

**नमक कम से कमः** जो लोग उच्च रक्त चाप की समस्या से ग्रस्त हैं, उन्हें विभिन्न खाद्य पदार्थों के जरिए प्रतिदिन लगभग 3 से 4 ग्राम नमक (चाय की छोटी चम्मच) ग्रहण करना चाहिए। जहां तक संभव हो, खानपान की चीजों में ऊपर से नमक का छिड़काव न करना बेहतर है।

**जंक फूड्स से परहेजः** ऐसे खाद्य पदार्थ जो अत्यधिक चिकनाई युक्त हैं या जो वस्तुएं तली हुई हैं, उनसे परहेज करना बेहतर है। जंक फूड्स में अत्यधिक चिकनाई या वसा और नमक प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, इसलिए इनके सेवन से बचें।

**धूम्रपान-शराब से बनाएं दूरीः** हृदय, धमनी रोग (कोरोनरी आर्टरी डिजीज) का एक कारण धूम्रपान है। धूम्रपान के कारण फेफड़ों पर ही नहीं बल्कि इनके जरिए हृदय की धमनियों की आंतरिक दीवार पर प्रभाव पड़ता है, जिसके कारण कालांतर में हृदय रोग होने का खतरा बढ़ जाता है। शराब का नियमित सेवन दिल की सेहत के अलावा शरीर के अन्य अंगों लिवर और किडनी के लिए भी नुकसानदेह है। इसलिए किसी भी रूप में स्मोकिंग और एल्कोहल सेवन से परहेज करें।

**नियमित व्यायाम और योगः** एक अध्ययन के अनुसार योगासन, प्राणायाम और ध्यान (मेडिटेशन) से ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद मिलती है। अपनी शारीरिक क्षमता और उम्र के अनुसार आप व्यायाम का चयन कर सकते हैं। टहलना भी एक अच्छा व्यायाम है। जो लोग हाई बीपी और किसी हृदय रोग से ग्रस्त हैं, उन्हें डॉक्टर से परामर्श लेकर व्यायाम शुरू करना चाहिए।

**ब्लड प्रेशर चेक करेंः** जो लोग हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से ग्रस्त हैं, उन्हें हफ्ते में दो बार अपना ब्लड प्रेशर चेक करवाना चाहिए। डॉक्टर के परामर्श से बीपी की दवाएं लेनी चाहिए।

**मोटापे से बचेंः** अधिक वजन होना हृदय रोग के खतरे को बढ़ाता है। इसलिए वजन नियंत्रण के लिए



हर संभव प्रयास करें, व्यायाम करें और डाइटिशियन से मिलकर अपना डाइट चार्ट बनवाएं। अगर घबराहट, जी मिचलाना, चक्कर आए या सीने में दर्द होने पर डॉक्टर से तुरंत संपर्क करना चाहिए।

### पाचन तंत्र रखें सही



अगर आपका हाजमा दुरुस्त नहीं है तो फिर आप कितने भी पौष्टिक पदार्थ ग्रहण करें, वे शरीर में जज्ब नहीं हो पाते। इस स्थिति में कमजोरी महसूस होती है और शरीर की कार्यप्रणाली शिथिल हो जाती है। गैस और एसिडिटी ज्यादा बनना (रीफ्लक्स), दूषित खानपान से पेट में जीवाणुजनित संक्रमण, दस्त और डायरिया, फूड प्वाइजनिंग और हेपिटाइटिस आदि समस्याएं उत्पन्न होने के खतरे बढ़ जाते हैं।

**गैस-एसिडिटी से ऐसे बचेंः** खाने के बाद दो घंटे तक लेटना नहीं चाहिए। ऐसा करने से गैस और एसिडिटी की समस्या से बचाव होगा। जंक फूड्स से परहेज करें। अत्यधिक चिकनाई युक्त और मिर्च मसालों से भरपूर खाने से परहेज करें। भूख से अधिक खाना न खाएं। छाछ को छोड़कर दूध और इससे निर्मित अन्य उत्पादों के कारण भी पेट में गैस बनती है। अनेक लोगों में फ्रूट जूस से भी गैस बन सकती है, क्योंकि इनमें फ्रक्टोज नामक शुगर अधिक होती हैं, जिसके कारण गैस और एसिडिटी बनने की आशंकाएं बढ़ जाती हैं। इसलिए इससे भी बचें। ये परहेज करने के बाद भी अगर राहत नहीं मिल रही है तो डॉक्टर से परामर्श लें।

**पेट में संक्रमणः** दूषित व अस्वच्छ खान-पान से पेट में संक्रमण होने के खतरे बढ़ जाते हैं। इस समस्या की रोकथाम के लिए कुछ भी खाने से पहले हाथों को सैनिटाइजर या फिर एंटीसेप्टिक साबुन से धो लें। बाहर का खाना खाने से हर संभव बचाव करें। खाना बनाने और उसके रखरखाव की प्रक्रिया स्वच्छ हो। जो खाद्य पदार्थ अच्छी तरह पके नहीं हैं, उन्हें न खाएं। बाहर के अनपके स्ट्रीट फूड्स से परहेज करें। खुले में काफी देर तक रखा खाना पेट को संक्रमित कर सकता है। इसलिए खुला और बासी खाना खाने से बचें। आपको किसी खाद्य पदार्थ से एलर्जी है तो उसे खाने से भी पेट में संक्रमण हो सकता है। संक्रमण के कारण पेट में तकलीफ हो तो ऐसी स्थिति में डॉक्टर से शीघ्र परामर्श लें।



### मानसिक स्वास्थ्य भी है जरूरी

हमारे दिमाग से ही शरीर संचालित होता है। इसलिए इसका हेल्दी होना जरूरी है। अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को हासिल करने की राह में मनोरोग बाधक हैं, जिनमें डिप्रेशन प्रमुख हैं।

**डिप्रेशन से उबरेंः** अकसर हम किसी प्रतिकूल कारण से तनावग्रस्त हो जाते हैं और फिर एक अंतराल के बाद सामान्य हो जाते हैं। कुछ समय के लिए तनावग्रस्त होने का मतलब डिप्रेशन नहीं है। हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार डिप्रेशन से आशय उस मनोदशा से है, जिसमें व्यक्ति लगातार कई दिनों या लंबी अवधि तक तनावग्रस्त, उदास और नकारात्मक विचारों से स्वयं को घिरा हुआ महसूस करता है।

**प्रमुख लक्षण और प्रकारः** हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार डिप्रेशन के मुख्य लक्षणों को माइल्ड, मॉडरेट और सीवियर में विभाजित किया गया है। माइल्ड और मॉडरेट डिप्रेशन में पेशेंट स्वयं को हताश और दुःखी महसूस करता है। किसी कार्य में मन न लगना, लोगों से मिलने-जुलने से कतराना, अपनी पसंदीदा हॉबी में दिलचस्पी लेना बंद कर देना। सेक्स की इच्छा का कम होते जाना, सोने की आदतों में बदलाव, खानपान की आदतों में बदलाव हो सकते हैं। सीवियर डिप्रेशन के पेशेंट सफलता हासिल करने की या किसी कार्य को संपन्न करने की उम्मीद ही छोड़ देते हैं, यह महसूस करना कि हमारी अब कोई मदद नहीं कर सकता है। ऐसी स्थिति में आत्महत्या का विचार उठना। उपरोक्त लक्षणों के प्रकट होने पर शीघ्र ही मनोरोग विशेषज्ञ से परामर्श लेना आवश्यक है। डिप्रेशन दूर करने के लिए मनोचिकित्सक काउंसलिंग करते हैं। काउंसलिंग के दो प्रकार होते हैं। पहला कॉग्निटिव बिहेवियर थेरेपी और दूसरी को वेंटिलेशन थेरेपी कहते हैं। वहीं डिप्रेशन की गंभीर स्थिति वाले मरीजों के इलाज में एंटीडिप्रेसेंट दवाओं का सहारा लिया जाता है और इसके साथ ही मरीज की काउंसलिंग भी की जाती है।

**मेंटल हेल्थ रहेगी सहीः** अपनी जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाएं। योगासन, प्राणायाम करें। मेडिटेशन को अपनी दिनचर्या में स्थान दें। जीवन के प्रति आशावादी दृष्टिकोण रखें। लोगों से मिलना-जुलना या सामाजिक संबंध बरकरार रखें। किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें। स्वास्थ्यकर आहार ग्रहण करना चाहिए और अपने भोजन में हरी सब्जियों और मौसमी फलों को वरीयता देनी चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं के संदर्भ में जरूरत पड़ने पर अपने फिजिशियन या फिर मनोचिकित्सक से परामर्श लेना बेहतर रहता है। *

**(कोकिलाबेन हॉस्पिटल, इंदौर के फिजिशियन-कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अर्पित गुप्ता और मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम में सीनियर गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट, डॉ. सुकृत सूद से बातचीत पर आधारित)**

---

मेडिकल एडवाइस



डॉ. विपुल गुप्ता
कंसल्टेंट फिजिशियन-डायबेटोलॉजिस्ट
नई दिल्ली

हाल के वर्षों में डायबिटीज पेशेंट्स की संख्या में काफी इजाफा हो रहा है। इसकी अनेक वजहें हैं। ब्लड में शुगर लेवल बढ़ने से कई शारीरिक समस्याएं होने लगती हैं। इनसे बचने के लिए ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल करना बहुत जरूरी है। इस बारे में यहां दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

## डायबिटीज कंट्रोल के लिए जरूरी बैलेंस्ड डाइट-एक्सरसाइज-मेडिकेशन

मधुमेह (डायबिटीज) एक लॉन्ग पीरियड मेटाबॉलिज्म संबंधी रोग है, जिसमें शरीर में ब्लड शुगर का लेवल बढ़ जाता है। यह समस्या तब होती है, जब शरीर पर्याप्त मात्रा में इंसुलिन हार्मोन नहीं बना पाता या इंसुलिन का सही उपयोग नहीं कर पाता।

**डायबिटीज के प्रकारः** डायबिटीज के मुख्य प्रकारों में टाइप 1, टाइप 2 और गर्भावधि मधुमेह यानी जेस्टेशनल डायबिटीज शामिल हैं। टाइप 1 डायबिटीज, एक ऑटोइम्यून रोग है, जिसमें पैनक्रिएज ग्लैंड की इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं और मरीज को जीवन भर इंसुलिन लेना पड़ता है। टाइप 2 डायबिटीज, सबसे कॉमन होता है, जो अधिकतर मोटापा, गलत फूड हैबिट और इनएक्टिव लाइफस्टाइल के कारण होता है। जेस्टेशनल डायबिटीज, महिलाओं को प्रेग्नेंसी के दौरान होता है और डिलीवरी के बाद नॉर्मल हो सकता है। लेकिन यह भविष्य में टाइप 2 डायबिटीज का रिस्क बढ़ा देता है। इसके अलावा डायबिटीज के कुछ अन्य प्रकार भी होते हैं, जो जेनेटिक कारणों, पैनक्रिएटिक ग्लैंड रिलेटेड डिजीज या कुछ दवाओं के कारण हो सकते हैं।

**प्रमुख लक्षणः** डायबिटीज के लक्षणों में बार-बार पेशाब आना (पॉलीयूरिया), अत्यधिक प्यास लगना (पॉलीडिप्सिया) और अधिक भूख लगना (पॉलीफेजिया) प्रमुख हैं। इनके अलावा थकान, कमजोरी, धुंधला दिखाई देना, बिना कारण वजन कम होना, घावों का देर से भरना और बार-बार संक्रमण होना भी इसके लक्षण हो सकते हैं। लंबे समय तक डायबिटीज रहने पर हाथ-पैरों में झुनझुनी या सुन्नता भी महसूस हो सकती है। टाइप 2 डायबिटीज में कई बार कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखते हैं और जांच के दौरान ही इसका पता चलता है।



**डायग्नोसिसः** ब्लड में शुगर लेवल की जांच से डायबिटीज को डायग्नोस किया जाता है। अगर फास्टिंग ब्लड शुगर 100 एमजी/डीएल या उससे अधिक हो। भोजन के बाद शुगर लेवल 140 एमजी/डीएल या उससे अधिक हो। एचबीए 1सी 6.5% या उससे अधिक हो या रैंडम ब्लड शुगर लेवल 200 एमजी/डीएल के साथ अन्य लक्षण मौजूद हों तो डायबिटीज की पुष्टि की जाती है। अगर शुगर लेवल सामान्य से अधिक लेकिन इन मानकों से कम हो तो उसे प्रीडायबिटीज स्टेज कहा जाता है। डायबिटीज डायग्नोस होने पर जल्द से जल्द ट्रीटमेंट शुरू करना बहुत जरूरी है। इससे हार्ट, किडनी, आंखों और नसों से संबंधित जटिलताओं से बचा जा सकता है।

**ऐसे करें शुगर लेवल कंट्रोलः** डायबिटीज को कंट्रोल करने में डाइट का बहुत इंपॉर्टेंट रोल होता है। डायबिटिक पेशेंट्स को रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट जैसे व्हाइट ब्रेड, मिठाइयों और स्वीट ड्रिंक्स के सेवन से बचना चाहिए। फास्ट फूड, तली-भुनी चीजों का सेवन नहीं करना चाहिए और नमक का सेवन भी सीमित मात्रा में करना चाहिए। इसके बजाय साबुत अनाज जैसे ओट्स, ब्राउन राइस, हरी सब्जियां, दालें और फाइबर युक्त फूड्स का सेवन करना चाहिए। प्रोटीन के लिए दाल, पनीर, मछली आदि ले सकते हैं। हेल्दी फैट के लिए ड्राय फ्रूट्स और सीड्स का सेवन लाभदायक होता है। भोजन कम मात्रा में और कई बार करना चाहिए ताकि ब्लड शुगर का लेवल संतुलित बना रहे। बैलेंस्ड डाइट, रेग्युलर एक्सरसाइज और सही मेडिसिन के माध्यम से डायबिटीज को कंट्रोल किया जा सकता है और इसके साइड इफेक्ट्स से बचा जा सकता है। *

**प्रस्तुतिः सेहत डेस्क**

---

## बहुत लाभकारी है नीबू पानी

सजेशन / रेखा देशराज

सुबह खाली पेट नीबू पानी स्वास्थ्य के लिए अच्छा माना जाता है। यह एक सस्ता और आसानी से उपलब्ध होने वाला ऐसा ड्रिंक है, जो सादे पानी की तुलना में थोड़ा स्वादिष्ट होता है। जो लोग इसे नहीं पीते, एक बार इसकी शुरुआत करके देखें, तो पाएंगे कि लगातार कई दिन इसका सेवन करने से हमारी पाचन क्रिया दुरुस्त रहती है। त्वचा में नई चमक आती है। हमें दिनभर थकान नहीं लगती और पेट भरा रहता है। इससे आप कई तरह के लाभ पा सकते हैं।

**रोग प्रतिरोधकता बढ़ाएः** नीबू में मौजूद विटामिन सी, हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। इससे हमारी प्यास बुझती है और बीमारियों से लड़ने में हमें ताकत मिलती है। लगातार इसका सेवन करने से कोल्ड और फ्लू से बचाव होता है।



**दिल की सेहत के लिए है अच्छाः** लेमन में मौजूद पोटेशियम और विटामिन सी हमारे रक्त प्रवाह को सही रखते हैं। यह ऑक्सीडेटिव तनाव को घटाता है। कोशिकाओं की मरम्मत करता है, यह हमारी दिल की सेहत को भी मजबूती देता है। इसके बावजूद यह हमारे कार्डियोवेस्कुलर स्वास्थ्य के लिए अच्छा है।

**दे भरपूर एनर्जीः** नीबू पानी से एक अलग तरह की ऊर्जा मिलती है। नीबू का स्वाद हमारे दिल दिमाग की नसें खोलता है। इसकी महक हमारे मूड को तरोताजा कर देती है। पानी में घुला नीबू प्यास तो बुझाता ही है, पाचनक्रिया भी दुरुस्त करता है, मूड फ्रेश करता है, नींद दूर भगाता है।

**त्वचा की चमक बढ़ाएः** सुबह के समय खाली पेट पीया गया नीबू पानी हमारे शरीर के पानी की जरूरत को तो पूरा करता ही है, हमारी त्वचा को भी नमी देता है। इसमें मौजूद विटामिन सी इसका सहायक बनता है। *



## खबर संक्षेप

### एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन ने विकास और सांस्कृतिक समन्वय को प्रदान की नई दिशा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि काशी विश्वनाथ की पावन नगरी वाराणसी में सहयोग सम्मेलन का मप्र और उत्तर प्रदेश के लिए सौभाग्य का विषय है। यह आयोजन निर्यात सहयोग, सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक पर्यटन की नई इबारत लिखेगा। यह सम्मेलन मुख्यतः एक जिला-एक उत्पाद, जीआई टैग उत्पादों, निर्यात योग्य उत्पादों, पारंपरिक शिल्प और क्षेत्रीय विशेषताओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार से जोड़ने पर केंद्रित रहा।डॉ. यादव सम्मेलन के बाद वाराणसी में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

### वेयरहाउस में एडवांस गेहूं खरीदी पर सोसाइटी और किसान ब्लैक लिस्टेड

**भोपाल।** बैरसिया में भागवती वेयरहाउस में गेहूं खरीदी शुरु होने के पहले ही छह हजार क्विंटल गेहूं सरकारी बोरियों में भरकर जमा कर दिया गया है। जबकि साढ़े पांच सौ क्विंटल गेहूं को बोरियों में भरकर रखने की तैयारी चल रही थी। मंगलवार को जब खाद्य विभाग की टीम पहुंची तो किसान मार्केटिंग सोसाइटी के कर्मचारी खुले गेहूं को सरकारी बोरियों में भरकर वेयरहाउस में रखवा रहे थे। खाद्य विभाग ने मार्केटिंग सोसाइटी और गेहूं बेचने वाले 35 किसानों को ब्लैक लिस्टेड कर दिया है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि बैरसिया स्थित भागवती वेयर हाउस बैरसिया विधायक विष्णु खत्री का है। यहां पर खरीदी शुरु होने के पहले ही छह हजार क्विंटल गेहूं किसानों से खरीदकर रखा गया था, जबकि साढ़े पांच सौ क्विंटल गेहूं को सरकारी बारदाने में शिफ्ट किया जा रहा था। टीम ने मौके पर पहुंचकर गेहूं को जब्त कर लिया है। वेयर हाउस को भी ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। जांच में जिन 35 किसानों ने खरीदी शुरु होने से पहले ही वेयर हाउस में गेहूं रखवाया है, उन्हें भी ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया है। अब यह किसान सरकारी खरीदी केंद्रों पर गेहूं नहीं बेच सकेंगे। उन्हें मंडी में जाकर ही गेहूं बेचना पड़ेगा। इधर किसान मार्केटिंग सोसाइटी के प्रबंधन पर भी कार्रवाई की अनुशंसा की जा रही है।

# स्ट्रॉबेरी, नींबू, अमरूद और ड्रैगन फ्रूट के विशेष क्लस्टर विकसित किए जाएंगे

■ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कृषि एवं बागवानी विभाग की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कृषि एवं बागवानी विभाग की समीक्षा बैठक में किसानों की आय बढ़ाने के लिए क्लस्टर आधारित खेती, फसल विविधीकरण और उच्च मूल्य वाली फसलों के विस्तार पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश की मिट्टी और जलवायु के अनुसार खेती के मॉडल विकसित किए जाएं, ताकि किसानों को बेहतर उत्पादन और लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक फसलों के साथ फल उत्पादन को बढ़ावा देना जरूरी है। इसके तहत स्ट्रॉबेरी, नींबू, अमरूद और ड्रैगन फ्रूट जैसी फसलों के लिए विशेष क्लस्टर विकसित किए जाएंगे और किसानों को उत्पादन से लेकर विपणन तक जोड़ा जाएगा। उन्होंने अरहर, सोयाबीन, मूंगफली, दलहन और गन्ने की फसलों के साथ ऊतक संवर्धन आधारित खेती को बढ़ावा देने और हर जिले की कृषि क्षमता का वैज्ञानिक आकलन कराने के निर्देश दिए। बैठक में नई संकर और अधिक उत्पादन देने वाली किस्मों के विकास पर भी जोर दिया गया। मुख्यमंत्री ने कृषि विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थानों को अनुसंधान व परीक्षण से जोड़ने तथा नई तकनीकों को तेजी से किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर बनाए जाएंगे और किसानों को प्रशिक्षण व संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। यदि उत्पादकता में कमी आती है तो किसानों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजेंद्र कुमार, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव सहित अन्य मौजूद रहे।

■ अरहर, सोयाबीन, व मूंगफली की खेती के लिए हर जिले में वैज्ञानिक आकलन होगा



### सेम से प्रभावित 1.40 लाख एकड़ भूमि को सुधारा जाएगा

राज्य सरकार ने वर्ष 2026-27 के लिए 1.40 लाख एकड़ सेम एवं लवणीय भूमि सुधार का लक्ष्य तय किया है। जलभराव वाले क्षेत्रों में जैव निकास के लिए सफेदा के पेड़ लगाने पर जोर दिया गया है।

### फसलों में कीटनाशकों की जांच होगी सख्त

फसलों और खाद्य उत्पादों में कीटनाशक अवशेषों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाएगी। हानिकारक रसायनों के उपयोग पर रोक लगाने और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही एक आधुनिक जैविक प्रयोगशाला स्थापित की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि एक अत्याधुनिक जैविक प्रयोगशाला स्थापित की जाए, जिसमें जैविक उत्पादों और जैविक उत्पादन से संबंधित सभी नमूनों की नियमित जांच की जा सके। इस प्रयोगशाला में मिट्टी, पानी, जैविक खाद, फसल और अन्य आवश्यक घटकों के नमूनों का वैज्ञानिक परीक्षण सुनिश्चित किया जाए।

### मध्यप्रदेश विधानसभा में आयोजित युवा विधायक सम्मेलन का हुआ समापन

# विकसित भारत 2047 के विजन को साकार करने युवा विधायकों ने लिए पांच संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विकसित भारत 2047 का सपना तभी साकार हो सकता है, जब हमारे युवा विधायक अपने कर्तव्यों का निष्ठा और दूरदर्शिता के साथ पालन करें। इस तथ्य को रेखांकित करते हुए मप्र विधानसभा में आयोजित युवा विधायक सम्मेलन (राष्ट्रकुल संसदीय संघ भारत क्षेत्र जोन-6) के समापन सत्र में युवा विधायकों ने मंगलवार को पांच संकल्प लिए।

विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने युवा विधायकों को संकल्प दिलाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत 2047 का विजन केवल सरकार का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए नागरिकों की सक्रिय भागीदारी अनिवार्य है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि दो दिनों तक चले इस सम्मेलन में अलग-अलग विचारधाराओं के विधायकों ने अपनी सीमाओं से ऊपर उठकर विषय के अंतर्गत अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में टेक्नोलॉजी के उपयोग, स्वच्छता कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने, सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने, शिक्षा के विस्तार के साथ उसकी गुणवत्ता सुधारने, व आधारभूत संरचना के विकास जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई।

***विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा: यह केवल सरकार का नहीं बल्कि 140 करोड़ भारतीयों का संकल्प***





#### विधायकों ने लिए यह 5 संकल्प

**संकल्प पहला:** हम, युवा विधायक सम्मेलन में यह दृढ संकल्प लेते है कि लोकतंत्र की सशक्तता का मूल आधार नागरिकों की सक्रिय भागीदारी है।

**संकल्प दूसरा:** हम, युवा विधायक समाज की नई ऊर्जा, नवाचार और परिवर्तन की सोच का प्रतिनिधित्व करते हुये नागरिकों और शासन के बीच सेतु का कार्य करेंगे, हम जनसरोकारों को समझकर आम जनता की समस्याओं को विधानसभा तक पहुँचायेंगे तथा पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी नीतियों के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभायेंगे।

**संकल्प तीसरा:** हम, नागरिकों को जागरूक और सशक्त बनाने हेतु सतत/सार्थक प्रयास करेंगे ताकि वे लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में भाग लें. तकनीक और नवाचार का उपयोग कर शासन को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और पर्यावरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में दीर्घकालिक नीतियाँ बनाने एवं युवाओं, महिलाओं और वंचित वर्गों की आवाज को सशक्त बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभायेंगे।

**संकल्प चौथा :** हम युवा विधायक, राजनीतिक दबाव, संसाधनों की कमी, सामाजिक असमानताएँ और बदलती वैश्विक परिस्थितियों का सामना करते हुये ईमानदारी, प्रतिबद्धता और दूरदर्शिता के साथ कार्य करने के लिये दृढ संकल्पित रहेंगे।

**संकल्प पांचवा:** हम यह भी संकल्प लेते हैं कि हम स्वयं भी एक जागरूक नागरिक बनेंगे, विधायिकाओं में होने वाली बहसों और चर्चाओं में जनप्रतिनिधियों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु शोध एवं अनुसंधान सहायता को सुदृढ करेंगे. लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में सक्रिय भागीदारी निभाएँगे और ऐसे नेतृत्व का समर्थन करेंगे।

#### नाराजगी के डर से सच बोलने से घबराएं नहीं : हेमंत कटारे

*युवा विधायक सम्मेलन में मप्र विधानसभा के उप नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस विधायक हेमंत कटारे ने महिला सशक्तिकरण के नाम पर चल रही योजनाओं पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि हम बोलते हैं कि महिलाओं को सशक्त बना रहे हैं, लेकिन कैसे? आप उनके खाते में 10,000 डालकर कह रहे हैं कि वे सशक्त हो रही हैं? मेरा मानना है कि हर महिला के अंदर काबिलियत है, उसकी काबिलियत का उपयोग करके ही उसे असल में सशक्त बनाया जा सकता है। इसी तरह, अगर युवा को सशक्त बनाना है तो उसे रोजगार दीजिए। कटारे ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदा स्थिति पर तंज कसते हुए कहा। हम कुछ भी बोलने से पहले डरते हैं कि ऐसा बोला तो लोग नाराज हो जाएंगे, वैसा बोला तो महिलाएं नाराज हो जाएंगी, लेकिन अगर हम इस नाराजगी से ही घबराते रहेंगे, तो देश की सेवा कब करेंगे? उन्होंने खुले मंच से ऐलान किया कि वे आज यहां और आगे बाहर भी यही कहेंगे कि देश में चल रही सभी फ्रीबीज योजनाएं बंद होनी चाहिए।*

#### भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे विधायक

*युवा विधायक सम्मेलन का समापन होने के बाद विधायक उज्जैन में भगवान महाकाल के दर्शन करने पहुंचे।*

### एमएसएमई मंत्री काश्यप ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

## मुख्यमंत्री की एक दिन पूर्व की घोषणा का 24 घंटे में हुआ पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की एक दिन पूर्व की गई घोषणा का 24 घंटे में पालन हुआ है। वित्त विभागकी ओर से उपलब्ध कराई गई 375 करोड़ रुपए की राशि आज ही एमएसएमई विभाग ने 600 से अधिक सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इकाइयों के खातों में प्रोत्साहन तथा अनुदान राशि अंतरित भी कर दी है। सोमवार को मुख्यमंत्री आवास में संपन्न हुए कार्यक्रम में 250 इकाइयों को 169 करोड़ 57 लाख की राशि अंतरित करते हुए मुख्यमंत्री ने शेष इकाइयों से वायदा किया था कि उन्हें भी जल्दी ही मदद की जाएगी। एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप ने विभाग और उद्यमियों की ओर से मुख्यमंत्री की सहृदयता के लिए आभार व्यक्त किया है।

■ सोमवार को मुख्यमंत्री ने 250 इकाइयों को किए थे 169 .50 करोड़ अंतरित

सर्वाधिक रोजगार सृजन के सशक्त माध्यम एमएसएमई के लिए मुख्यमंत्री की ओर से प्रदेश में निवेश एवं उद्यम का जाल बिछाने की संभावनाओं में वृद्धि करने के उद्देश्य से एमएसएमई विकास नीति 2025 लागू की है। नीति में निवेशकों को विभिन्न सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने तय किया है कि निवेशकों को स्वीकृत सुविधाओं का समयावधि में वितरण हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। उद्योग आयुक्त दिलीप कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश एवं विशेष प्रयासों से वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन इकाइयों की लंबित देयताओं के भुगतान के लिए वित्त विभाग की ओर से समुचित बजट आवंटन विभाग को उपलब्ध कराया गया। एमएसएमई इकाइयों को स्वीकृत सुविधाओं के वितरण की निरंतरता में 31 मार्च मंगलवार को 600 से अधिक इकाइयों को राशि रु. 375 करोड़ से अधिक की राशि वितरित की गयी। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन इतनी बड़ी मात्रा में अनुदान राशि वितरण होने पर निवेशकों में उत्साह एवं प्रदेश की नीतियों के प्रति विश्वास और प्रबल हुआ है।

### 'डेड ड्रॉप' सिस्टम से होती थी सप्लाई

## दिल्ली के मास्टरमाइंड सहित 6 गिरफ्तार

### सुनसान स्थानों पर ड्रग्स रखवाकर लोकेशन शेयर की जाती थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी में सूखा नशा और सिंथेटिक ड्रग्स के खिलाफ रायपुर कमिश्नरेट पुलिस को सफलता मिली है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट, एएनटीएफ और तेलीबांधा थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने अंतर्राज्यीय ड्रग्स सिंडिकेट का पर्दाफाश करते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से 48.03 ग्राम एमडीएमए, 8 पार्टी पिल्स, 9 मोबाइल फोन, एक स्प्लेंडर बाइक और ड्रग्स सप्लाई में इस्तेमाल किया गया कुरियर बॉक्स जब्त किया गया है, जिसकी कुल कीमत करीब 10 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस के अनुसार इस पूरे सिंडिकेट का संचालन दिल्ली में बैठे मास्टरमाइंड महेश खड़का और कुसुम हिन्दुजा कर रहे थे, जो पहले भी वर्ष 2024 में खम्हारडीह थाना क्षेत्र में ड्रग्स मामले में जेल जा चुके हैं।

जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी 'डेड ड्रॉप सिस्टम' का इस्तेमाल कर रहे थे। इस तरीके में ड्रग्स को सीधे हाथों-हाथ देने के बजाय सुनसान जगहों पर रख दिया जाता था और उसकी लोकेशन व वीडियो ग्राहकों को भेजी जाती थी। इससे पुलिस की पकड़ से बचने की कोशिश की जा रही थी। पुलिस जांच में सामने आया कि दिल्ली से ड्रग्स को कोरियर के जरिए रायपुर भेजा जाता था। यहां कुणाल मंगतानी ड्रग्स रिसीव करता था। इसके बाद रैपिडो राइडरों के माध्यम से सुनसान स्थानों पर ड्रग्स रखवाकर लोकेशन शेयर की जाती थी। ड्रग्स की पेमेंट के लिए आरोपियों द्वारा अलग-अलग बैंक खातों का उपयोग किया जा रहा था। एसीसीयू को सूचना मिली थी कि शहर में रैपिडो राइडरों के जरिए एमडीएमए की सप्लाई हो रही है। इस पर पुलिस उपायुक्त (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला और डीसीपी (सेंट्रल) उमेश प्रसाद गुप्ता के निर्देशन में टीम गठित की गई। 29 मार्च को तेलीबांधा क्षेत्र के काशीराम नगर के पास पुलिस ने तीन रैपिडो राइडर सौरभ डोंगरे, शुभम राठौर और सौरभ यादव को पकड़ लिया। पूछताछ में इनके पास से मिली जानकारी के आधार पर कुणाल मंगतानी को भी गिरफ्तार किया गया। इसके बाद पुलिस टीम दिल्ली पहुंची और पंचशील विहार से मास्टरमाइंड महेश खड़का और कुसुम हिन्दुजा को हिरासत में लेकर रायपुर लाया गया, जहां उनकी गिरफ्तारी की गई।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलेगा मौत का राज

## धमतरी में प्रेमी युगल ने लगाई फांसी, गांव में फैली सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले के सिहावा थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआबाहरा गांव के पास एक दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। यहां एक खेत में आम के पेड़ से प्रेमी युगल के शव फंदे पर लटके मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

सुबह खेत की ओर गए ग्रामीणों ने जब पेड़ पर प्रेमी युगल को लटका देखा तो वे स्तब्ध रह गए। देखते ही देखते खबर पूरे गांव और आसपास के क्षेत्रों में फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतका 17 वर्षीय किशोरी (कक्षा 10वीं), महुआबाहरा गांव की निवासी थी, जबकि युवक मानेस मरकाम (20 वर्ष) गेंदाभरी गांव का रहने वाला था। दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध होने की बात सामने आ रही है।



#### हर पहलू से जांच जारी

सिहावा थाना प्रभारी शरद ताम्रकार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। हालांकि आत्महत्या के पीछे के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस प्रेम संबंध, पारिवारिक दबाव सहित सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

#### दोनों 31 मार्च की शाम से गांव के अपने घर से लापता थे

*बताया जा रहा है कि दोनों 31 मार्च की शाम से घर से लापता थे। जिस खेत में दोनों के शव मिले, वह किशोरी के पिता की ही जमीन बताई जा रही है, जिससे मामला और अधिक संवेदनशील हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया तथा आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ जारी है।*

### फर्जी कॉल कर अस्पताल संचालकों से धन उगाही का मामला

## स्वास्थ्य विभाग के नाम पर फर्जीवाड़ा, 'स्वास्थ्य सचिव' बनकर अस्पतालों से मांगी जा रही रकम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के नाम पर फर्जी कॉल कर अस्पताल संचालकों से धन उगाही का मामला सामने आया है।

इस गंभीर प्रकरण में विभाग ने रायपुर पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है। जारी शिकायत के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति खुद को अजय अग्रवाल बताकर राज्य के विभिन्न निजी अस्पताल संचालकों को फोन कर रहा है। वह अस्पतालों के खिलाफ कथित शिकायत का हवाला देकर उसे खत्म कराने के नाम पर मानसिक दबाव बना रहा है। साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से पैसों की मांग भी की जा रही है। इतना ही नहीं, संबंधित लोगों को मंत्रालय बुलाकर भी गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट किया है कि अजय अग्रवाल नाम का कोई भी व्यक्ति सचिव, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग या उनके निजी स्थापना में कार्यरत नहीं है।




#### विभाग की छवि को पहुंचाया जा रहा नुकसान

विभाग का कहना है कि आरोपी द्वारा सचिव के नाम और पद का दुरुपयोग कर अनुचित लाभ लेने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे विभाग की छवि भी प्रभावित हो रही है। इस संबंध में एएम अस्पताल, चरौदा (भिलाई) के संचालक डॉ. मनोज पोपटनी और गंगोत्री अस्पताल, आर्य नगर (दुर्ग) के संचालक डॉ. ओम प्रकाश कराडे ने लिखित शिकायत दी है।

#### भिलाई, दुर्ग और बिलासपुर के अस्पतालों को बनाया निशाना

इसके अलावा एसआर अस्पताल भिलाई, आरबी अस्पताल बिलासपुर और हाईटेक अस्पताल से भी इसी तरह की शिकायतें मिली हैं। लगातार सामने आ रहे मामलों से यह आशंका जताई जा रही है कि यह एक संगठित और बड़े स्तर पर संचालित ठगी का नेटवर्क हो सकता है। विभाग ने पुलिस से आग्रह किया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपी या गिरोह की तत्काल पहचान कर वैधानिक कार्रवाई की जाए। साथ ही भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए अस्पतालों और संबंधित संस्थानों को सतर्कता संबंधी दिशा-निर्देश जारी करने की भी मांग की गई है।

### पुराने रेट पर रजिस्ट्री कराने आए लोग, आज से प्रॉपर्टी खरीदना महंगा

## आखिरी दिन रिकॉर्ड 1293 रजिस्ट्री विभाग को हुई 32 करोड़ की आय

**भोपाल ।** एक अप्रैल से लागू होने वाली प्रॉपर्टी की नई गाइडलाइन को लेकर मार्च माह के आखिरी दिन जिले के आईएसबीटी और परी बाजार स्थित पंजीयन दफ्तरों में प्रॉपर्टी के खरीदारों की भीड़ उमड़ी। रात 12 बजे तक रिकार्ड 1293 रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं, जिनसे विभाग को 32 करोड़ की आय हुई। नई गाइडलाइन लागू होने पर 740 लोकेशन पर 5 से 181 फीसदी तक रेट बढ़ाए गए हैं। इस बार पंजीयन विभाग ने 104 लोकेशनों पर 50 और 50 प्रतिशत से अधिक दाम बढ़ाए गए हैं। इसके साथ कई लोकेशन पर 100, 150 और 181 फीसद तक बढ़ोतरी की गई है। जिसके तहत एक अप्रैल से इन लोकेशन पर रजिस्ट्री कराने में स्टांप ड्यूटी अधिक चुकाना पड़ेगी। वित्तीय वर्ष का आखिरी दिन होने की वजह से प्रॉपर्टी खरीदने वालों की भीड़ पंजीयन कार्यालयों में लगी रही।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)
(84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **नरेश कुमार पुत्र श्री प्रकाश पता गली के सामने एच–713, टिकरी कलां दिल्ली, एवं गांव इकथुर जिला: हमीर पुर उत्तर प्रदेश, एवं प्लॉट नंबर 111, पुराने बारात घर के पास टिकरी कलां मुंडका दिल्ली ने एफआईआर नं 686/2023 दिनांक 11.09.2023 धारा 25/54/59 आर्म एक्ट के तहत** थाना: मुंडका, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **नरेश कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **नरेश कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर 686/2023 दिनांक 11.09.2023 धारा 25/54/59 आर्म एक्ट के तहत थाना: मुंडका, दिल्ली के उक्त नरेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.05.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
गौरव सिंघल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–06
पश्चिम कमरा नं. 355
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/4217/OD/2026

## चिंतन

# जनगणना में लें बढ़-चढ़कर हिस्सा

देश में 1 अप्रैल 2026 से बहुप्रतीक्षित जनगणना प्रक्रिया की शुरुआत हो चुकी है। यह केवल एक सांख्यिकीय अभ्यास नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला एक महत्वपूर्ण आधार है। जनगणना के माध्यम से जुटाए गए आंकड़े ही आने वाले वर्षों में सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास के खाके को निर्धारित करते हैं। ऐसे में यह केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का भी कर्तव्य है कि वह इसमें सक्रिय भागीदारी निभाए और इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले। इस बार की जनगणना कई मायनों में विशेष है। पहली बार इसे पूरी तरह डिजिटल माध्यम से आयोजित किया जा रहा है। अब तक जहां आंकड़े कागज पर दर्ज होते थे और बाद में उन्हें डिजिटाइज किया जाता था। वहीं इस बार कर्मचारी मोबाइल एप के जरिए सीधे डेटा एकत्र करेंगे। इससे न केवल प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि त्रुटियों की संभावना भी कम होगी। इसके साथ ही नागरिकों को 'स्वयं-गणना' की सुविधा भी दी गई है, जिससे वे खुद अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। जनगणना की यह प्रक्रिया दो चरणों में पूरी होगी। पहला चरण 1 अप्रैल से 30 सितंबर 2026 तक चलेगा, जिसमें 'हाउस लिस्टिंग' यानी मकानों की गिनती और उनमें उपलब्ध सुविधाओं का विवरण एकत्र किया जाएगा। इससे देश की आर्थिक और सामाजिक स्थिति का प्रारंभिक आकलन संभव होगा। दूसरा चरण फरवरी 2027 में आयोजित होगा, जिसमें वास्तविक जनसंख्या गणना की जाएगी। इस जनगणना की एक और महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि लगभग 90 वर्षों बाद जाति-आधारित आंकड़े भी एकत्र किए जाएंगे। इससे पहले 1931 में इस प्रकार का डेटा जुटाया गया था। आज के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इससे सामाजिक न्याय, आरक्षण और कल्याणकारी योजनाओं के लिए ठोस आधार तैयार होगा। हालांकि, इस विषय पर विभिन्न मत हो सकते हैं, फिर भी यह स्पष्ट है कि सटीक आंकड़े ही सटीक नीतियों का आधार बनते हैं। करीब 34 लाख कर्मचारियों की विशाल टीम इस कार्य में जुटी है, जो घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेगी। ऐसे में आम नागरिकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। जब जनगणना कर्मचारी आपके घर आएं, तो उनके साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार करें और सही व पूरी जानकारी दें। गलत या अधूरी जानकारी न केवल आंकड़ों को प्रभावित करती है, बल्कि भविष्य की योजनाओं को भी कमजोर कर सकती है। इस बार जनगणना में कुछ नए पहलू भी शामिल हैं, जैसे लिव-इन संबंधों को मान्यता देना (यदि संबंध स्थिर हैं) और आधुनिक जीवनशैली से जुड़े पहलुओं को भी दर्ज करना। यह बदलते समाज की झलक को दर्शाता है और यह बताता है कि सरकार वर्तमान वास्तविकताओं को समझकर नीति निर्माण करना चाहती है। कुल मिलाकर जनगणना केवल सरकार की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक की भागीदारी से सफल होने वाला राष्ट्रीय अभियान है। यह वह अवसर है, जब हर व्यक्ति अपने अस्तित्व को आधिकारिक रूप से दर्ज कराता है और देश के विकास में अपनी भूमिका सुनिश्चित करता है। देश के विकास की मजबूत नींव सटीक आंकड़ों पर ही टिकी होती है। इसलिए जरूरी है कि हम सभी इस प्रक्रिया को गंभीरता से लें, जागरूक बनें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। जनगणना में आपकी भागीदारी न केवल आपकी पहचान को दर्ज करती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य की राह भी प्रशस्त करती है।

# संकल्प के साथ नक्सलवाद का अंत



सफलता
प्रमोद भार्गव

> भारत में संकट बन चुकी राष्ट्रीय समस्याओं का समय-सीमा में अंत होना दुर्लभ है, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने यह कार्य करके दिखा दिया। गृहमंत्री अमित शाह लगातार कहते रहे है कि माओवादी नक्सलवाद का अंत 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाएगा। अब पूरा देश मान रहा है कि भारत में राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ हो तो किसी भी समस्या का निपटारा किया जा सकता है। हालांकि तत्काल तो इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगता दिखाई दे रहा है, लेकिन सरकार को ध्यान रखना होगा कि सरकार की सतर्कता कम होती दिखाई देगी तो ये वामपंथी हताश एवं निराश माओवादियों को सिर उठाने के संसाधन फिर से देने लग जाएंगे।

भारत में संकट बन चुकी राष्ट्रीय समस्याओं का समय-सीमा में अंत होना दुर्लभ है, लेकिन केंद्र की भाजपा नेतृत्व वाली सरकार ने यह कार्य करके दिखा दिया। गृहमंत्री अमित शाह लगातार कहते रहे हैं कि माओवादी नक्सलवाद का अंत 31 मार्च 2026 तक कर लिया जाएगा। उन्होंने यह करके दिखा भी दिया। वरना नक्सलवाद को संरक्षण दे रहे नगरीय तथाकथित बौद्धिक इस सशस्त्र खूनी क्रांति को राष्ट्र विरोधी संघर्ष मानते ही नहीं थे। बस्तर में 25 लाख के इनामी नक्सली सरगना पापा राव ने अपने 17 साथियों के साथ जिस तरह से हथियारों सहित समर्पण किया, उससे देश के सबसे बड़े गढ़ में माओवादी हिंसा का निर्णायक अंत हो गया। इस क्षेत्र का यही अंतिम सरगना शेष बचा था। नक्सलवाद का अंत ठीक उसी तरह हुआ है, जिस तरह प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव के कार्यकाल में पंजाब के उग्रवाद का अंत हुआ था।

इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की दृढ़ इच्छा शक्ति को जाता है। अब पूरा देश मान रहा है कि भारत में राजनीतिक नेतृत्व दृढ़ हो तो किसी भी समस्या का निपटारा किया जा सकता है। क्योंकि देश की जिस तरह की सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियां हैं और सशक्त प्रशासनिक ढांचा है, उसके चलते किसी भी प्रकार की सशस्त्र क्रांति का उग्रवाद और नक्सलवाद की तरह अंत होना निश्चित है। कश्मीर का पाक प्रायोजित आतंकवाद का भी यही हश्र होना है। छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने शीर्ष माओवादी क्रूर हिंसा के प्रतीक बन चुके हिड़मा को मार गिराने के पहले छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता तब मिली थी, जब डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया था। यह कुख्यात दरिंदा होने के साथ गुरिल्ला लड़ाका था। माओवादी पार्टी का इसे पर्याय माना जाता था। इसका नक्सली सफर 1985 से शुरू हुआ था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी। नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है, इसलिए अमित शाह ने लोकसभा में 'नक्सल मुक्त भारत' मुद्दे पर चली चर्चा का उत्तर देते हुए कहा कि 'एक समय 12 राज्य लाल आतंक का गलियारा बन गए थे। कानून व्यवस्था नहीं थी। देश में अब नक्सलवाद खत्म हो गया है। 'शाह ने बताया कि इस दौरान 706 नक्सली मारे गए, 4800 ने समर्पण किया है और 2000 गिरफ्तार हुए हैं। इस समस्या के परिप्रेक्ष्य में शाह ने कहा, '75 साल में 60 साल कांग्रेस ने राज किया। लेकिन उसने आदिवासियों को न घर दिए, न पानी, न स्कूल बनाए और न ही बैंकिंग सुविधाएं पहुंचाई।' 'शाह का यह बयान तर्कसंगत है, क्योंकि शहरी वामपंथियों से भयभीत कांग्रेस नेतृत्व नक्सलवाद को कश्मीर के आतंकवाद और पूर्वोत्तर के उग्रवाद की तरह बड़ी चुनौती तो मानती थी, लेकिन उससे निपटने की कभी कोई कठोर रणनीति नहीं बनाई। यही कारण रहा कि छत्तीसगढ़ के जगदलपुर इलाके में नक्सली आतंक बेखौफ फलता-फूलता रहा।



इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र को कमजोर करने की दृष्टि से सरकार ने बहुआयामी कदम उठाए। सबसे पहले उन नगरीय बौद्धिकों पर शिकंजा कसा, जो इन्हें राष्ट्रविरोधी वामपंथी वैचारिक खुराक देते थे। केंद्र सरकार ने सुरक्षाबलों को आधुनिक हथियार एवं यांत्रिक सुविधाएं देकर इन्हें सशक्त बनाया।

इसका परिणाम निकला कि एक के बाद एक खून की इबारत लिखने वाले नक्सली मारे जाने लगे। जो नक्सली समर्पण के लिए तैयार हुए उन्हें समर्पण का अवसर और समझौते में बताई गई शर्तों का पालन करने का भरोसा दिया। नतीजतन इसके पहले तक गुप्तचर एजेंसियां नक्सलियों का सुराग लगाने में असफल रहती थीं, उन्हें नक्सलियों पर शिकंजा कसने के बाद भरोसे की सूचनाएं मिलने लगीं। इस रणनीति के बाद से सैन्यबलों को सटीक सूचनाएं मिलीं और वे नक्सलियों को निशाना बनाने में लगातार कामयाब होने लगे। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनमें ये खुद आकर नक्सली बने हैं, इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुश्किल होता है। ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर एजेंसियों को खबर देने लगे। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों में छिपने के स्थलों और जल स्त्रोतों से भी ये खूब परिचित थे। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही हैं। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्त्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की रक्तरंजित मुहिम जारी रखनी है। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं, लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए थे, उन्हें बंदूकें देकर नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में असफल रहीं।

दरअसल, देश में अब तक तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। यह न केवल उनको वैचारिक खुराक देकर उन्हें उकसाने का काम करता था, बल्कि उनके लिए धन और हथियार जुटाने के माध्यम भी खोले हुए था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की थी और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते थे। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता था, उसकी बोलती बंद कर दी जाती थी। हालांकि तत्काल तो इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगता दिखाई दे रहा है, लेकिन सरकार को ध्यान रखना होगा कि नक्सलियों के जो भी नगरीय बौद्धिक समर्थक हैं, उनके तार देश-विदेश में नक्सल समर्थक वामपंथियों से जुड़े हैं, जो इन्हें धन और हथियार उपलब्ध कराते रहे हैं। सरकार की सतर्कता कम होती दिखाई देगी तो ये वामपंथी हताश एवं निराश माओवादियों को सिर उठाने के संसाधन फिर से देने लग जाएंगे।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## हनुमान जयंती विशेष
आचार्य दीप चन्द भारद्वाज



# अतुलनीय बल के स्वामी और श्री राम के अनन्य उपासक

अंजनी पुत्र हनुमान को कलयुग का सबसे प्रभावशाली देवता माना जाता है। मान्यता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की सेवा के लिए महादेव ने एकादशी रूद्र को ही हनुमान के रूप में अवतरित किया था। सनातन संस्कृति के उपासकों के लिए हनुमान जयंती का विशेष रूप से महत्व है। भगवान हनुमान के दिव्य गुण इस उत्सव का मुख्य आकर्षण हैं। हनुमान निःस्वार्थ भक्ति, निष्ठा और समर्पण के प्रतीक हैं। हनुमान जी का दैवी गुणों से परिपूर्ण आध्यात्मिक उदात्त चरित्र हमें जीवन के संघर्षों और चुनौतियों पर विजय पाने और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने के लिए भक्ति, विनम्रता और समर्पण का पाठ पढ़ाता है। पवनसुत, मंगल मूर्ति, संकट मोचन आदि कहे जाने वाले श्री हनुमान के नाम के स्मरण मात्र से ही भक्तों के समस्त दुखों का नाश हो जाता है। हनुमान के दिव्य गुणों का वर्णन करते हुए हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि 'मनोजवं मारुततुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथमुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये। अर्थात भगवान हनुमान मन से भी अधिक भगवान, वायु के समान तीव्र वेग वाले, इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने वाले, बुद्धिमानों में वरिष्ठ, वायु पुत्र, वानर समूह के मुख्य नेता, भगवान श्री राम के अन्य दूत हनुमान का सान्निध्य प्राप्त हो। तुलसीदास ने हनुमान को गुणों का भंडार माना है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के हनुमान अन्य सेवक एवं उपासक थे। वे मानसा, वाचा, कर्मणा प्रभु श्री राम को समर्पित थे। बाल्मीकि रामायण के अनुसार रावण का वध करने और लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद प्रभु श्री राम अयोध्या लौटे, तब उन्होंने युद्ध में साथ देने वाले सभी वीरों को उपहार दिया, जब हनुमान जी की बारी आई तो उन्होंने याचना करते हुए प्रभु राम से कहा कि -हे राम, इस लोक पर जब तक राम कथा प्रचलित रहे, तब तक मेरे प्राण शरीर में बसे रहे। हनुमान की याचना पर श्री राम ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि - 'हे कपि श्रेष्ठ इस संसार में जब तक राम कथा प्रचलित रहेगी, तब तक तुम्हारी कीर्ति अमिट रहेगी'। सात्विक अंतकरण एवं एकाग्रता के साथ की गई हनुमान की उपासना से हमारे जीवन में व्याप्त समस्त नकारात्मक आसुरी शक्तियों का विनाश हो जाता है। शरीर तथा मन में व्याप्त रोगों का हनुमान के स्मरण से विनाश हो जाता है। हनुमान आध्यात्मिक विभूतियों से परिपूर्ण महान पराक्रमी योद्धा हैं। हनुमान की भक्ति मनुष्य को पराक्रम शारीरिक तथा मानसिक बल प्रदान करने वाली मानी गई है। वे मनुष्य और देवता के बीच वह सेतु हैं जो यह सिद्ध करते हैं कि यदि चेतना जागृत हो जाती है तो शारीरिक सीमाएं अर्थहीन हो जाती हैं। वह ब्रह्म की साक्षात क्रियात्मक शक्ति हैं। हनुमान जी ब्रह्मांड के वह पार्टिकल हैं जिनमें साक्षात परमात्मा की स्पीड और पावर विद्यमान है। उनकी अष्ट सिद्धियां वास्तव में पदार्थ और ऊर्जा पर नियंत्रण की प्रतीक हैं। अणिमा सिद्धि परमाणु स्तर पर संकुचित होने की क्षमता है, जबकि महिमा ब्रह्मांडीय विस्तार का विज्ञान है। वह क्वांटम फिजिक्स के मास डिसेंटी और स्पेस टाइम के सिद्धांतों को चुनौती देने वाली सर्वोच्च तकनीक हैं। वज्र के समान उनका शरीर उनकी कोशिकाओं का घनत्व सामान्य जैविक ढांचे से भिन्न था, जो उन्हें वायु की गति से उड़ाने और गुरुत्वाकर्षण को भी बेअसर करने की शक्ति प्रदान करता था। हनुमान का प्रक्रम किसी सेवा का मोहताज नहीं था, वह स्वयं वन मैन आर्मी थे। समुद्र लांघना हनुमान जी की शारीरिक शक्ति नहीं, बल्कि उनके संकल्प की विजय थी। वे उत्कृष्ट वाणी के स्वामी और ऋग्वेद के प्रकांड विद्वान थे। जब ऋष्यमूक पर्वत पर हनुमान प्रथम बार प्रभु श्री राम से मिले तो उन्होंने एक ब्राह्मण का वेश धारण करके शास्त्र सम्मत संवाद किया। उनकी व्याकरण और शुद्ध उच्चारण से परिपूर्ण वाणी को सुनकर भगवान श्री राम भी चकित रह गए। किष्किंधा कांड में हनुमान के व्यक्तित्व की उत्कृष्टता लक्ष्मण को बताते हुए प्रभु राम कहते हैं कि - 'जिसने ऋग्वेद की शिक्षा न ली हो, यजुर्वेद का अभ्यास न किया हो। सामवेद का जिसे ज्ञान न हो, वह इतनी परिष्कृत भाषा में संवाद नहीं कर सकता।' निश्चय ही हनुमान ने संपूर्ण व्याकरण का अनेक बार स्वाध्याय किया है। इससे सिद्ध होता है कि हनुमान जी वाचस्पति थे। हनुमान की भक्ति अभय प्रदान करती है। मानसिक पटल पर विद्यमान भय, चिंता, रोग, कष्ट को दूर करके मंगल प्रदान करने वाली कही गई है।



(लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## यह मन का कमाल है



संकलित
**दर्शन**

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

## मूर्ख साधू और ठग



संकलित
**प्रेरणा**

किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गांव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतज़ार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षा- किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### डिजिटल जनगणना का महत्त्व

भारत में होने जा रही आगामी जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक साबित होने वाली है। यह पहली बार होगा जब जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिससे न केवल प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी, बल्कि आंकड़ों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। पारंपरिक कागज आधारित प्रणाली के स्थान पर अब मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम डेटा मॉनिटरिंग का उपयोग किया जाएगा। इससे जनगणना कर्मचारियों द्वारा एकत्रित जानकारी सीधे सर्वर पर पहुंचेगी, जिससे डेटा प्रोसेसिंग में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। इस डिजिटल जनगणना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसे दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। इससे डेटा अधिक व्यवस्थित और विश्लेषण योग्य बनेगा।

*- मदन जोशी, जगदलपुर*

## करंट अफेयर

# ईरान को व्यवस्थित तरीके से कुचला जा रहा है : नेतन्याहू



ईरान के खिलाफ युद्ध में 'बड़ी उपलब्धियों' की प्रशंसा करते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल-अमेरिका का संयुक्त अभियान इस्लामी शासन को 'व्यवस्थित तरीके से कुचल रहा है' और इस यहूदी राष्ट्र के सामने मौजूद अस्तित्वगत खतरों को खत्म कर रहा है। यहूदी पर्व 'पेसाच' (पासओवर) से पहले हिब्रू में राष्ट्र को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि 'देर-सवेर' ईरानी शासन गिर जाएगा और इजराइल, तेहरान से उत्पन्न साझा खतरे के खिलाफ 'क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के साथ नए गठबंधन' बना रहा है। इजराइली प्रधानमंत्री ने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन संक्षेप में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 'जल्द ही मैं आपको इन महत्वपूर्ण गठबंधनों के बारे में और बता पाऊंगा।' नेतन्याहू ने कहा, 'स्वतंत्रता पर्व की पूर्व संध्या पर इजराइल पहले से कहीं अधिक मजबूत है। पूरी दुनिया ईरान के दुष्ट शासन के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमारी दहाड़ सुन रही है, एक ऐसी लड़ाई जिसमें हमने अपार उपलब्धियां हासिल की हैं।' यह संबोधन ऐसे समय में आया जब देश लेबनान में जमीनी अभियान के दौरान चार सैनिकों की मौत पर शोक मना रहा है।

## ऑफ बीट

# जैतून के पत्ते का अर्क भी स्वास्थ्य के लिए अच्छा



जैतून में कई स्वास्थ्यवर्धक पोषक तत्व भी होते हैं। अब जैतून के पत्तों के स्वास्थ्य लाभ के बारे में प्रमाण बढ़ रहे हैं जिनमें हाल में किए गए एक अध्ययन से प्राप्त साक्ष्य भी शामिल हैं। जैतून के पत्तों को पारंपरिक रूप से भूमध्य सागर क्षेत्र में चाय के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और बुखार एवं मलेरिया के इलाज में यह चाय पी जाती है। जैतून की पत्तियों में 'ओलेयूरोपिन' नामक एक प्रकार का 'एंटीऑक्सीडेंट' उच्च मात्रा में पाया जाता है। जैतून और जैतून के तेल में भी यह पाया जाता है, लेकिन कम मात्रा में। आम तौर पर, पत्ती जितनी हरी होती है (कम पीली) उसमें उतना ही अधिक 'ओलेरोपिन' होता है। जैतून के पत्तों में अन्य 'एंटीऑक्सीडेंट' भी होते हैं जैसे 'हाइड्रॉक्सीटायरोसोल', 'ल्यूटोलिन', 'एपिजेनिन' और 'वर्बास्कोसाइड'। 'एंटीऑक्सीडेंट' शरीर में 'ऑक्सीडेटिव' तनाव को कम करते हैं। 'ऑक्सीडेटिव' तनाव हमारे डीएनए (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड), कोशिका झिल्ली और ऊतकों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

## ट्रेंड

### स्वच्छता रैंकिंग



लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन एवं क्लीन सिटी-ग्रीन सिटी की सिद्धि हेतु आज लखनऊ में पर्यावरण अनुकूल हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हुआ है।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### लिएंडर पेस का स्वागत



भाजपा परिवार में शामिल होने के उपरांत, टेनिस जगत के प्रतिष्ठित खिलाड़ी एवं ओलंपिक पदक विजेता लिएंडर पेस ने आज शिष्टाचार भेंट की। खेल के क्षेत्र में आपका व्यापक अनुभव और राष्ट्र के प्रति आपकी निष्ठा निश्चित रूप से समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।
**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### बीजेपी को हार का डर



तीन महीनों में गुजरात में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के ख़िलाफ़ 145 एफ़आईआर हो चुकी हैं। बीजेपी गुजरात में हार के डर से हमारी पार्टी से बुरी तरह से बौखलायी हुई है। आज हमारे राज्य अध्यक्ष इसुदान गढ़वी को गिरफ्तार कर लिया।
**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### ज़रूरी वस्तुएं महंगी



मोदी सरकार ने देश की सामरिक और आर्थिक नीति तहस-नहस कर दी है। इसका सीधा ख़ामियाज़ा 140 करोड़ भारतीयों को उठाना पड़ रहा है। आज से रोजमर्रा की कई ज़रूरी चीज़ों के दाम बढ़ेंगे।
**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# कांग्रेस ने राज्य की आत्मा, शान, पहचान और सुरक्षा से खिलवाड़ किया, अवैध घुसपैठियों को बढ़ाया और जमीन पर अवैध कब्जों को नजरअंदाज भी किया

एजेंसी ▶▶ डिब्रूगढ़ / बिस्वनाथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को असम के बिस्वनाथ जिला में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने वर्षों तक सत्ता के लिए असम की आत्मा, शान, पहचान और सुरक्षा से खिलवाड़ किया। प्रधानमंत्री ने आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत का दावा करते हुए कहा कि राज्य में तीसरी बार 'डबल इंजन सरकार' बनेगी। उन्होंने कहा कि यह भरोसा पिछले वर्षों में हुए विकास कार्यों पर आधारित है। पीएम मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने वोट बैंक के लिए अवैध घुसपैठियों को बढ़ावा दिया और जमीन पर अवैध कब्जों को नजरअंदाज किया।

उन्होंने कहा कि इससे असम की लाखों बीघा जमीन प्रभावित हुई।प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस विकास विरोधी पार्टी है और आजाद भारत में भ्रष्टाचार की जननी रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने असम के जंगलों, अभयारण्यों और वन्यजीवों को भी नुकसान पहुंचाया।एक चाय बागान में मुझे चाय बागान परिवारों की संस्कृति की झलक देखने को मिली। असम की प्रगति में उनका योगदान बेमिसाल है।

प्रधानमंत्री ने असम के बिस्वनाथ जिले में जनसभा को संबोधित किया, डिब्रूगढ़ में कांग्रेस पर बोला हमला



जनसभा से पहले प्रधानमंत्री मोदी

### महिलाओं ने गीत गाया

प्रधानमंत्री ने पोस्ट में आगे लिखा कि डिब्रूगढ़ के चाय बागान में महिलाओं ने एक गीत गाया, जो 'जगत जननी मां' को नमन करता है। मैं उनसे मिलकर अभिभूत हूं।

## मैं जब छोटा था तो चाय बेचता था, आपकी मेहनत गांव तक पहुंची

### डिब्रूगढ़ स्थित एक चाय बागान पहुंचे



चुनाव के बीच प्रधानमंत्री डिब्रूगढ़ स्थित एक चाय बागान पहुंचे। यहां उन्होंने काम कर रही महिलाओं के साथ बिताया और उनसे कहा कि आपकी मेहनत मेरे गांव तक पहुंची है। क्या आपको मालूम है कि मैं भी चाय वाला हूं और बचपन में मैं भी चाय बेचता था। पीएम मोदी ने जाते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। पीएम मोदी को अपने बीच पाकर बागान में कार्यरत महिलाएं काफी खुश दिखाई दीं। कुछ महिलाओं ने पीएम मोदी के साथ सेल्फी भी ली। पीएम मोदी ने मजाकिया अंदाज में कहा कि आप लोग तो अब अच्छे फोटोग्राफर भी हैं। इस अंदाज पर महिलाओं की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने एक्स पर वीडियो शेयर किया।

## धेमाजी में रैली में बोले पीएम- कांग्रेस के राजकुमार हार का शतक लगाएंगे

प्रधानमंत्री ने धेमाजी जिले के गोगामुख में पहली चुनावी जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने बताया कि जनता के आशीर्वाद से उन्होंने प्रधानमंत्री बनने की हैट्रिक पूरी की है। अब असम में भी भाजपा-एनडीए की जीत की हैट्रिक लगेगी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी तीसरी हार तय है। कांग्रेस के 'राजकुमार' हार का शतक लगाएंगे।

एफसीआरए के मुद्दे पर लोकसभा में विपक्ष का हंगामा, कार्रवाई स्थगित, बोले- रिजिजू

# कांग्रेस और वामदल केरलम में चुनाव के मद्देनजर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लोकसभा में बुधवार को 'विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक-2026' (एफसीआरए) के मामले पर कांग्रेस और वामदलों ने हंगामा किया। जिसकी वजह प्रश्नकाल बाधित हुआ और सुबह 11 बजे शुरू हुई सदन की कार्रवाई को महज पांच मिनट के अंदर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विरोधी दलों के सदस्य एफसीआरए को वापस लो के नारे लगा रहे थे। इस बीच केंद्रीय संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने हंगामा कर रहे विपक्ष खिलाफ सख्त लहजे में नाराजगी जताते हुए कहा कि यह लोग केरलम विधानसभा चुनाव को देखते हुए सदन के जरिए राज्य की आम-जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। यह बिल पहले ही लोकसभा में पेश किया जा चुका है। इसलिए इसे आज की कार्रवाई सूची में सम्मिलित किया गया था। जिसे लेकर कांग्रेस व अन्य दलों को पहले और आज यह जानकारी दे दी गई थी कि बिल को 1 अप्रैल को सदन में विचारार्थ नहीं लाया जाएगा। इसके बाद भी यह लोग बेवजह हंगामा कर रहे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, प्रश्नकाल के दौरान सदस्यों को किसी भी अन्य मुद्दे पर बोलने की इजाजत नहीं दी जाएगी। जब एफसीआरए विधेयक आएगा। तब विपक्ष अपना विरोध कर सकता है।



### केरलम चुनाव में यूं बना बड़ा मुद्दा

गौरतलब है कि केरलम के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन और कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा सूबे के चुनावों से ठीक पहले सरकार द्वारा की गई विधेयक में संशोधन की इस कवायद को बड़ा मुद्दा बनाकर पेश किया जा रहा है। विजयन तथा अन्य विपक्षी दलों के नेताओं का केंद्र सरकार पर आरोप है कि इस विधेयक को अल्पसंख्यक समुदायों, चर्चों और धर्मार्थ संगठनों को निशाना बनाने के लिए लाया गया है। केरलम सरकार का तर्क यह भी है कि यह संशोधन देश के संघीय ढांचे के खिलाफ है, जिससे एक वर्ग के मन में असुरक्षा की भावना उत्पन्न की जा रही है। प्रदेश के ईसाई चर्चों ने भी एफसीआरए कानून को लेकर गहरी चिंता प्रकट की है। राहुल गांधी ने कोट्टायम में अपने चुनाव के दौरान कानून का विरोध किया।

### किसी धर्म के खिलाफ नहीं यह विधेयक

केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि एफसीआरए कानून में वर्ष 2010 में कांग्रेस की सरकार के समय पर संशोधन लाया गया था। जिसके बाद कई अन्य बदलाव किए जा चुके हैं। मौजूदा सरकार द्वारा इस बार जो संशोधन किया गया है। उसका मुख्य उद्देश्य विदेशों से मिलने वाले अंशदान के विनियमन और गलत इस्तेमाल को रोकना है। जो राष्ट्रीय सुरक्षा और हितों के परिपेक्ष्य में धन के दुरुपयोग को रोकने में मददगार साबित होगा। उन्होंने साफ किया कि यह विधेयक किसी धर्म के खिलाफ नहीं है। साथ ही इसके जरिए किसी संगठन विशेष को भी निशाना नहीं बनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री लगातार हालात पर कड़ी निगरानी बनाए हुए हैं

# पश्चिम-एशिया और खाड़ी क्षेत्र से 28 फरवरी से लेकर अब तक स्वदेश लौटे 5 लाख 98 हजार नागरिक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत पश्चिम-एशिया और खाड़ी क्षेत्र के तमाम देशों में फंसे हुए अपने नागरिकों को



लगातार सुरक्षित बाहर निकालने में लगा हुआ है। इसी क्रम में पिछले 28 फरवरी से लेकर अब तक 5 लाख 98 हजार लोगों की वतन वापसी हो चुकी है। ईरान का एयरस्पेस बंद होने की वजह से 818 छात्रों सहित कुल 1 हजार 171 भारतीयों को सड़क मार्ग से सीमा पार आर्मेनिया (977) और अजरबैजान (194) पहुंचाया गया है। जल्द ही इनकी देश वापसी होगी। भारत ने इस प्रक्रिया में जरूरी सहयोग और समर्थन प्रदान करने के लिए दोनों देशों के अधिकारियों को धन्यवाद दिया है। यह जानकारी बुधवार को राजधानी में आयोजित की गई अंतर-मंत्रालयी प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल और अतिरिक्त सचिव (खाड़ी क्षेत्र) असीम.आर.महाजन ने दी है।

### जारी हैं पीएम, विदेश मंत्री की वार्ताएं

रणधीर ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर अपनी वैश्विक नेताओं से जारी बातचीत में हालात पर कड़ी निगरानी बनाए हुए हैं। सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता इलाके में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण को बनाए रखना है। पीएम ने हाल ही में नीदरलैंड के प्रधानमंत्री रॉब जेटेन से चर्चा की है। जिसमें पश्चिम-एशिया के मामले पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया और उसमें क्षेत्र में जल्द ही शांति-स्थिरता की बहाली की आवश्यकता जताई। दोनों ने द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने पर भी जोर दिया है। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने पुर्तगाली समकक्ष विदेश मंत्री पाउलो रानगेल से टेलीफोन पर संवाद किया है। दोनों के बीच उक्त संघर्ष के मुद्दे के अलावा द्विपक्षीय संबंधों पर बातचीत की गई।

### दुबई में हुए हमले में घायल हुए 3 भारतीय

असीम महाजन ने कहा कि दुबई में बीते मंगलवार को हुए हमलों में 3 भारतीय घायल हो गए थे। जिन्हें मामूली चोटें आई हैं। एक को छुट्टी भी दे दी गई है। विदेश मंत्रालय बाकी दोनों घायलों और उनके परिजनों के संपर्क में बना हुआ है। जिसमें उन्हें जरूरी सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि 11 मार्च को भी एक भारतीय की सेफसी विष्णु जहाज पर हुए हमले में मौत हो गई थी। यह घटना इराक तट पर हुई थी। इसके अलावा 29 मार्च को एक और भारतीय की संघर्ष के दौरान दुखद मृत्यु हो गई थी। दोनों की पार्थिव देह 1 अप्रैल को भारत आने की संभावना है। मंत्रालय इनके परिजनों के साथ नियमित रूप से संपर्क में बना हुआ है और इस मुश्किल समय में परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं प्रकट करता है।

### बर्बाद नहीं होगा छात्रों का शैक्षणिक सत्र

उन्होंने बताया कि मंत्रालय खाड़ी में भारत के दसवीं, बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं से जुड़े हुए छात्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रहा है। जिसमें सरकार का हर स्तर पर केवल यही प्रयास है कि छात्रों का शैक्षणिक सत्र बर्बाद न हो। हमारे मिशन अधिकारियों, भारतीय स्कूलों, बोर्ड, राष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी से संपर्क साधे हुए हैं।

# खरगे ने संसद में पूछा- एलपीजी संकट पर राज्यसभा में चर्चा क्यों नहीं होने दे रही मोदी सरकार?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को संसद में सवाल उठाया कि मोदी सरकार सदन में एलपीजी संकट पर चर्चा क्यों नहीं होने दे रही है? सरकार पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि सत्ता पक्ष जब चाहे बिल लाता है, जब चाहे चर्चा के लिए तैयार होता है और जब चाहे तब बयान देता है। उन्होंने एलपीजी संकट पर अल्पकालिक चर्चा की मांग करते हुए एक नहीं, दो बार पत्र लिखा, लेकिन इस पर चर्चा के लिए सरकार के पास समय नहीं है।

खरगे ने कहा कि पूरी दुनिया में एलपीजी व गैस जैसी आवश्यक वस्तुओं को लेकर संकट है और भारत में भी लगातार कीमतें बढ़ रही हैं, फिर भी सरकार इस मुद्दे पर चर्चा क्यों नहीं करा रही है? विपक्ष के सुझावों को सरकार खारिज कर देती है और जो वह चाहती है, उसे ही पेश करती है और जबरदस्ती ध्वनि मत के जरिए वह पारित घोषित कर दिया जाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या यही लोकतंत्र है? उन्हें उम्मीद थी कि सदन में नए अध्यक्ष के आने के बाद विपक्ष को न्याय मिलेगा, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि जो भी मामला उठाया जाता है, उसे चर्चा के लिए पूरा समय दिया जाना चाहिए। खरगे ने पश्चिम एशिया संकट पर हुई सर्वदलीय बैठक में नेता प्रतिपक्ष के शामिल न होने को लेकर सत्ता पक्ष के आरोपों पर पलटवार किया व पूछा बैठक में प्रधानमंत्री कहां थे?कांग्रेस की ओर से नेता प्रतिपक्ष ने अपना प्रतिनिधि भेजा था। अगर प्रधानमंत्री बैठक में मौजूद नहीं थे, तो क्या नेता प्रतिपक्ष से यह उम्मीद की जाती है कि वह अधिकार-विहीन अन्य मंत्रियों का भाषण सुनने के लिए वहां जाएं।



## खबर संक्षेप

### आईनॉक्स क्लीन ने वाइब्रेंट का अधिग्रहण किया पूरा

नई दिल्ली। आईनॉक्स क्लीन एनर्जी ने मैक्वेरी कॉरपोरेट होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड और अन्य शेयरधारकों से वाइब्रेंट एनर्जी का अधिग्रहण 5,000 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर पूरा कर लिया है। वैश्विक विलय एवं अधिग्रहण (एमएंडए) परिवेश में उतार-चढ़ाव के बावजूद यह अधिग्रहण रिकॉर्ड चार महीनों में पूरा किया गया।

### मप्र में नए वित्त वर्ष के शुरू में महंगा हुआ दूध

इंदौर। गर्मियों के मौसम में पशु आहार की बढ़ती कीमतों के कारण मध्यप्रदेश के कई स्थानों में विक्रेताओं ने बुधवार से दूध के खुदरा दामों में दो से चार रुपये प्रति लीटर का इजाफा कर दिया। इंदौर, उज्जैन, धार, देवास, भोपाल, जबलपुर और अन्य स्थानों में खुले दूध के खुदरा दाम में दो से चार रुपये प्रति लीटर तक का इजाफा किया गया है। उन्होंने बताया, ''इंदौर में 60 रुपये प्रति लीटर बिकने वाला खुला दूध अब 63 रुपये प्रति लीटर के दाम पर बिक रहा है।''

### बेलगोटेक्स की दिवाला अर्जी पर दोबारा होगी सुनवाई




नई दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण ने पुनीत इंडिया के खिलाफ दायर बेलगोटेक्स इंडिया की दिवाला अर्जी को खारिज करने वाले एनसीएलटी के आदेश को निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही अपीलीय न्यायाधिकरण की दो-सदस्यीय पीठ ने मामले को फिर से सुनवाई के लिए एनसीएलटी की नयी दिल्ली पीठ को वापस भेज दिया। उसने सभी पक्षों को सुनकर नया आदेश पारित करने का निर्देश दिया है।

## सूचना

**सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।**

### मारुति, टाटा और महिंद्रा का शानदार प्रदर्शन

# जीएसटी 2.0 से बीते वित्त वर्ष में घरेलू बाजार में यात्री वाहन बिक्री 47 लाख इकाई के नए शिखर पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत में यात्री वाहनों (पीवी) की बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 47 लाख इकाई के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। मारुति सुजुकी इंडिया, टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसे वाहन निर्माताओं के शानदार प्रदर्शन और वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 'जीएसटी 2.0' के प्रभाव ने बिक्री को रफ्तार देने में मुख्य भूमिका निभाई।

वाहन उद्योग नए वित्त वर्ष में भी इस गति को बनाए रखने की उम्मीद कर रहा है, लेकिन पश्चिम एशिया में जारी युद्ध की स्थिति पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। इसका उद्देश्य आपूर्ति श्रृंखला में आने वाले संभावित जोखिमों और कच्चे माल की बढ़ती कीमतों के कारण वाहनों के दाम बढ़ने से मांग पर पड़ने वाले असर को कम करना है।

**दूसरी छमाही में जीएसटी कट ने बिक्री को दिया रफ्तार**

**उद्योग के नए वित्त वर्ष में भी गति बनाए रखने की उम्मीद**

**पश्चिम एशिया में जारी युद्ध पर उद्योग की पैनी नजर**

### पहली छमाही चुनौतीपूर्ण रही

मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 दो हिस्सों में बंटा रहा। पहली छमाही चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन सितंबर, 2025 में जीएसटी दरों में कटौती के बाद दूसरी छमाही में मांग में जबर्दस्त उछाल आया। इससे उद्योग को लगभग 47 लाख इकाइयों की बिक्री का आंकड़ा छूने में मदद मिली।

### मारुति कच्चे माल की लागत बढ़ने से कीमत बढ़ा सकती है

वित्त वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 43.4 लाख इकाई था।बनर्जी ने बताया कि आयकर में छूट, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में कटौती और जीएसटी 2.0 ने बिक्री बढ़ाने में मदद की है। हालांकि, कच्चे माल की बढ़ती लागत के कारण मारुति सुजुकी सहित अन्य कंपनियां कीमतों में बढ़ोतरी कर सकती हैं, जिसका असर छोटी कारों जैसे संवेदनशील बाजार पर पड़ सकता है।



### शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत मांग

कंपनी ने पूरे वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए कुल 30,531 वाहन बेचे। कंपनी के अनुसार, शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में यात्री वाहनों की मजबूत मांग के साथ-साथ उसके प्रीमियम ब्रांड 'अर्बानिया' की बिक्री में 100 प्रतिशत से अधिक का उछाल आया।

### महिंद्रा के वाहन बिक्री में 20 फीसदी का इजाफा

महिंद्रा एंड महिंद्रा ने भी बीते वित्त वर्ष में 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 6,60,276 वाहनों की बिक्री की। कंपनी के वाहन खंड के सीईओ नलिनीकांत गोलागुंटा ने इसे मील का पत्थर बताते हुए कहा कि एसयूवी और हल्के वाणिज्यिक वाहनों के क्षेत्र में कंपनी ने रिकॉर्ड बिक्री दर्ज किया है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने वित्त वर्ष 2025-26 में 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 4,06,081 इकाइयों की बिक्री की जानकारी दी।

### टाटा मोटर्स की बिक्री में आठ फीसदी की तेजी

*टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शैलेश चंद्रा ने कहा, /''यात्री वाहन उद्योग की बिक्री में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। जीएसटी 2.0 और त्योहारी सीजन के कारण दूसरी छमाही में दहाई अंक की वृद्धि दर्ज की गई।/'' टाटा मोटर्स ने भी 6.4 लाख से अधिक इकाइयों की अपनी सर्वाधिक वार्षिक बिक्री हासिल की है।*

**हुंडई का घरेलू बिक्री में श्रेष्ठ प्रदर्शन**

*हुंडई मोटर इंडिया ने भी जनवरी-मार्च 2026 की तिमाही में 1,66,578 इकाइयों की घरेलू बिक्री के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ तिमाही प्रदर्शन किया। कंपनी के प्रबंध निदेशक और सीईओ तरुण गर्ग ने कहा कि वे वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रति सतर्क हैं लेकिन अगले वित्त वर्ष के लिए पूरी तरह तैयार हैं।*

**किआ ने 11 फीसदी की वृद्धि दर्ज की**

*किआ इंडिया ने जनवरी-मार्च, 2026 की तिमाही में 84,316 इकाइयों की बिक्री के साथ 11.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जबकि स्कोडा ऑटो इंडिया ने भी इसी अवधि में 17 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अपनी अब तक की सर्वाधिक तिमाही बिक्री हासिल की।*

## श्री वामसी राम मोहन बुर्रा ने पावरग्रिड के सीएमडी का पदभार संभाला

नई दिल्ली। श्री वामसी राम मोहन बुर्रा ने पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड), विद्युत मंत्रालय के अधीन एक महारत्न सार्वजनिक उपक्रम, के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पदभार ग्रहण किया है। इस पद पर पदोन्नति से पूर्व वह पावरग्रिड में निदेशक (परियोजना) के रूप में कार्यरत थे। एक कुशल इंजीनियरिंग पेशेवर के रूप में, श्री वामसी इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। उन्होंने प्लानिंग एवं प्रोजेक्ट मैनेजमेंट में पीजी डिप्लोमा के साथ-साथ मैनेजमेंट डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट (एमडीआई), गुरुग्राम से प्रबंधन में पीजी डिप्लोमा प्राप्त किया है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने हार्वर्ड मैनेज मेंटर (एचएमएम) प्रोग्राम तथा इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), हैदराबाद में उन्नत प्रबंधन कार्यक्रमों के माध्यम से अपने नेतृत्व कौशल को और सुदृढ़ किया है। श्री वामसी वर्ष 1993 में पावरग्रिड में शामिल किए गए एग्जीक्यूटिव ट्रेनीज़ के प्रथम बैच से संबंधित हैं, जो संगठन के नेतृत्व विकास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी/84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विनोद कुमार पुत्रः हरि सिंह पताः मकान नं. 526, गली नं. 23, तुगलकाबाद, नई दिल्ली** ने case **FIR No. 260/2022 U/s 279/338 IPC, थानाः बदरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 260/2022 U/s 279/338 IPC, थानाः बदरपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **विनोद कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद/मुकद्मा का उत्तर देने के लिए **दिनांक 13.05.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद जोशी
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी
दक्षिण पूर्व जिला, रूम नं. 515
साकेत कोर्ट, दिल्ली

DP/4176/SE/2026 (Court Matter)


# चांदी 9,000 रुपए मजबूत सोना 3,500 रुपए चढ़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को चांदी की कीमत 9,000 रुपये बढ़कर 2.46 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, जबकि सोना 3,500 रुपये उछलकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया।

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 9,000 रुपये यानी 3.8 प्रतिशत बढ़कर 2,46,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। सोमवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी। सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 3,500 रुपये यानी 2.3 प्रतिशत बढ़कर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। महावीर जयंती के अवसर पर मंगलवार को सर्राफा बाजार बंद रहे। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने बताया कि बुधवार को भी सोने की कीमतों में बढ़ोतरी जारी रही। इस तेजी की मुख्य वजह पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत हैं। इससे आगे और तनाव बढ़ने या ऊर्जा बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचने का जोखिम कम होने की उम्मीद है। गांधी ने कहा कि इस घटनाक्रम से तेल की कीमतें नरम रहने की उम्मीद है। इससे महंगाई को लेकर चिंता कम हुई है और केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में और बढ़ोतरी की संभावना भी कम हो जाती है।



- तनाव कम होने के संकेत से बाजार में आई तेजी
- चांदी बढ़कर 2.46 लाख रुपए किलो,
- सोना 1.55 लाख रुपए प्रति दस ग्राम

# ओरेकल ने एक झटके में 30 हजार नौकरी की खत्म, इनमें 12 हजार भारतीय शामिल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिकी आईटी कंपनी ओरेकल को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक कंपनी ने भारत में लगभग 12,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है और आने वाले एक महीने में एक और बड़े स्तर की छंटनी की संभावना जताई जा रही है। कंपनी ने दुनियाभर में जितने लोगों को नौकरी से निकाला है, उनमें भारतीय कर्मचारियों की संख्या 40 फीसदी से ज्यादा है। बड़ी बात यह है कि वैश्विक स्तर पर कंपनी ने करीब 30,000 कर्मचारियों की छंटनी की है। इस जानकारी की पुष्टि छंटनी से प्रभावित कर्मचारियों ने की है। बताया जा रहा है कि भारत में ओरेकल के कुल कर्मचारियों की संख्या लगभग 30,000 बताई जा रही है, जिनमें से बड़ी संख्या इस फैसले से प्रभावित हुई है। हालांकि, कंपनी ने इस पूरे मामले पर आधिकारिक तौर पर कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।




### कर्मचारियों की छंटनी के बाद अब क्या होगा?

कंपनी के कर्मचारियों को भेजे गए ईमेल में कहा गया है कि संगठन में कुछ बदलाव किए जा रहे हैं, जिसके चलते ऑपरेशन्स को सरल बनाने का फैसला लिया गया है। इसके परिणामस्वरूप कई पदों को समाप्त किया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों की नौकरी पर असर पड़ा है।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P.C देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि नामः **भानु उर्फ भाम्बा, पुत्र : स्वर्गीय नरेश, निवासीः एन -14/125, मुंशी राम डेयरी, मुखर्जी नगर, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) इसके विरूद्ध **CC No.5786/2021 U/S 411 IPC** के तहत एक मामला **थाना मुखर्जी नगर, उत्तर पश्चिम जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **भानु उर्फ भाम्बा** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **भानु उर्फ भाम्बा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा है कि **CC No.5786/2021 U/S 411 IPC, थाना मुखर्जी नगर, उत्तर पश्चिम जिला, दिल्ली** के अभियुक्त उक्त **भानु उर्फ भाम्बा** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए **दिनांक 10.06.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

DP/4161/NW/2026
(अदालती मामला)

आदेशानुसार, सुश्री अमरदीप कौर
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (उत्तर)
कमरा संख्या 117, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली


# वित्त वर्ष के पहले दिन बाजार में तेजी; सेंसेक्स 1,187 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

चालू वित्त वर्ष के पहले दिन स्थानीय शेयर बाजार में तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 1,187 अंक चढ़ गया, जबकि एनएसई निफ्टी 348 अंक की बढ़त में रहा। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीद के बीच वैश्विक बाजारों में तेजी के साथ घरेलू बाजार में मजबूती आई। बुधवार को हुए कारोबार में निवशकों की संपत्ति 9.60 लाख करोड़ रुपए बढ़ी। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.22 प्रतिशत टूटकर 103.7 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,186.77 अंक यानी 1.65 प्रतिशत बढ़कर 73,134.32 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय इसमें 2,017.03 अंक की तेजी दर्ज की गई और यह 73,964.58 अंक पर पहुंच गया था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 348 अंक चढ़कर 22,679.40 अंक पर बंद हुआ।


## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडीए डिवीजन रोहतक | आउटलेट आरडी 14970-आर न्यू निदाना माइनर (विस्तार) पर वाटर कोर्स की लाइनिंग हेतु आकलन + 5 कार्य। | बंद होने की तिथि 06.04.2026 | अनुमानित रु. 191.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9650044885 xenrohtakcad@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/44340/I/88/7 दि. 01.04.26

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला (एचएसएसपीपी) | जीजीएमएसपीएस घिराय में 2 कमरों का निर्माण, जीएमएसपीएस फार्म हांसी में 1 एसीआर और चारदिवारी का निर्माण, जीएमएसपीएस कुलाना में 2 एसीआर और लड़कों के शौचालय का निर्माण, जीपीएस अनीपुरा में 2 एसीआर का निर्माण, जीपीएस कुतुबपुर जिला हिसार में 2 एसीआर का निर्माण (द्वितीय बार आमंत्रण) समय सीमा : 9 माह + 2 कार्य। | 30.03.2026 07.04.2026 | रु.2,00,37,956/- | www.hsspp.in | 9463239081 civilbranchssa4@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/44345/I/88/7 दि. 01.04.26


## राशिफल

**मेष** आज मंगल का मीन में गोचर आपको ऊर्जा देगा, लेकिन सावधानी बरतें। करियर में नई चुनौतियां आएंगी, मेहनत से सफलता मिलेगी।

**वृष** आर्थिक मामलों में सुधार होगा। निवेश सोच-समझकर करें। कार्यस्थल पर सहयोगियों का साथ मिलेगा। घरेलू जीवन सुखमय रहेगा।

**मिथुन** स्वास्थ्य सामान्य रहेगा, लेकिन मानसिक तनाव से बचें। प्रेम जीवन में भावनात्मक जुड़ाव मजबूत होगा। आर्थिक रूप से स्थिरता बनी रहेगी।

**कर्क** चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। करियर में सतर्क रहें। परिवार में छोटी-मोटी बहस हो सकती है, धैर्य रखें। स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें।

**सिंह** आत्मविश्वास बढ़ेगा। करियर में सफलता के नए द्वार खुलेंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्रेम संबंधों में मिठास आएगी।

**कन्या** दिन व्यस्त रहेगा। कार्यस्थल पर मेहनत रंग लाएगी। परिवार में खुशियां बनी रहेंगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा, लेकिन आराम जरूरी।

**तुला** रिश्तों पर फोकस रहेगा। करियर में प्रगति होगी। घरेलू जीवन सुखद रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। प्रेम जीवन में रोमांस बढ़ेगा।

**वृश्चिक** आज भावनाओं को नियंत्रित रखें। करियर में चुनौतियां आएंगी, लेकिन मेहनत से पार पाएं। परिवार का साथ मिलेगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा। करियर में उन्नति होगी। परिवार में आनंद रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। प्रेम संबंध मजबूत होंगे। आर्थिक लाभ के अवसर बनेंगे।

**मकर** करियर पर फोकस बढ़ेगा। परिवार में शांति रहेगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा। प्रेम में भावनात्मक जुड़ाव बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**कुंभ** नई शुरुआत के लिए अच्छा दिन। करियर में प्रगति संभव। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। प्रेम जीवन रोमांचक रहेगा।

**मीन** मंगल के गोचर से ऊर्जा बढ़ेगी। करियर में महत्वाकांक्षा पूरी होगी। परिवार सुखी रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, लेकिन तनाव से बचें।

## एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप ने 'भीलवाड़ा सुर संगम' के 13वें संस्करण की घोषणा की: नई दिल्ली में शास्त्रीय संगीत का भव्य संगम



नई दिल्ली। एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप ने अपने प्रमुख भारतीय शास्त्रीय संगीत उत्सव 'भीलवाड़ा सुर संगम' के 13वें संस्करण की घोषणा की है। यह दो दिवसीय प्रतिष्ठित सांस्कृतिक आयोजन 4 और 5 अप्रैल 2026 को कमानी ऑडिटोरियम, कोपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। राजधानी के सांस्कृतिक कैलेंडर का एक अहम हिस्सा बन चुके इस उत्सव का उद्देश्य भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा का उत्सव मानते हुए उसे आगे बढ़ाना है। यह मंच हिंदुस्तानी और कर्नाटक संगीत—दोनों परंपराओं के कलाकारों को एक साथ प्रस्तुत करता है। इस वर्ष का आयोजन राग-आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को एक गहन और भावनात्मक अनुभव देने का वादा करता है, साथ ही देश के प्रमुख गायकों और वादकों को एक मंच पर लाने की अपनी परंपरा को भी आगे बढ़ाता है। उत्सव की शुरुआत 4 अप्रैल की शाम 6:00 बजे होगी, जिसमें सबसे पहले श्री भाग्येश मराठे की भावपूर्ण गायकी प्रस्तुत की जाएगी। इसके बाद वाद्य संगीत की विशेष प्रस्तुति होगी, जिसमें सरस्वती वीणा की प्रसिद्ध कलाकार डॉ. जयंती कुमारेष अपनी कला का प्रदर्शन करेंगी। उत्सव के दूसरे दिन, 5 अप्रैल को शाम 5:30 बजे, कार्यक्रम की शुरुआत श्री समन्वय सरकार की सितार वादन प्रस्तुति से होगी, जिसके बाद सुप्रसिद्ध गायक पंडित मुकुल शिवपुत्र की विशेष प्रस्तुति आयोजित की जाएगी। ख्याल गायकी में अपनी गहरी पकड़ और आध्यात्मिक अभिव्यक्ति के लिए प्रसिद्ध पंडित शिवपुत्र की प्रस्तुति शास्त्रीय संगीत प्रेमियों के लिए इस आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगी। एलएनजे भीलवाड़ा ग्रुप द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित 'भीलवाड़ा सुर संगम' ग्रुप की कला और संस्कृति के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह आयोजन स्थापित कलाकारों और गंभीर श्रोताओं के बीच एक मजबूत सेतु का काम करता है, जिससे आधुनिक समय में भी शास्त्रीय संगीत की परंपरा संरक्षित और सशक्त बनी रहे। साल 2026 का यह संस्करण संगीत प्रेमियों, सांस्कृतिक संरक्षकों और समीक्षकों की बड़ी भागीदारी को आकर्षित करने की उम्मीद है। कार्यक्रम में प्रवेश आमंत्रित अतिथियों और पंजीकृत दर्शकों के लिए खुला रहेगा, जिससे यह आयोजन शास्त्रीय संगीत समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण और सुलभ मंच बना रहेगा।


## उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र संख्या-1

**ई-निविदा सूचना संख्या सीएसपी-केएसएफ_5_2025-26**
निविदा के अंतर्गत संशोधन को निम्नानुसार संशोधित किया है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | सीएसपी-केएसएफ_05_2025-26 | विशेष शर्तों का खंड संख्या 04: खंड 4 के अंतर्गत उल्लिखित "18" घंटे को "12" घंटे पढ़ा जा सकता है। |
| | | विशेष शर्तों का खंड संख्या 12: खंड 12 के अंतर्गत उल्लिखित "18" घंटे को "12" घंटे पढ़ा जा सकता है। |
| | | दस्तावेजों के अंतर्गत संलग्न निविदा संख्या CSP-KSF_04/2025-26 का शुद्धिपत्र संख्या 1 अमान्य माना जाए। |

अन्य नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। **नोटः** उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर की पूरी जानकारी **IREPS** की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
संख्या सीएसपी-केएसएफ 05-2025-26 दिनांक: 01.04.2026 1094/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## शब्द पहेली - 6183



**बाएँ से दाए**
1. उड़ीसा का शहर जहां इस्पात फैक्ट्रियां हैं-5
4. कराह, टीस, लालसा-3
6. हानि, आपत्ति-2
7. दुश्मनी, बैर-3
8. इंसाफ-2
10. साठवीं जयंती-3
11. जलाऊ लकड़ी-4
14. छोटा भाई-3
16. निरंकुश, आवारा-4
17. ठाठ-बाट-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. शैतानी, बदमाशी-4
21. सहायता-3
22. इच्छा, लालसा-4
24. कवि, गजलकार-3
25. जरा, थोड़ा-2
27. मुलायम, नाजुक-3
28. गुफा, खोह-2
29. प्रियतम, सनम-3
30. मन मोहने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. सार्वजनिक मार्ग, आम रास्ता-5
2. उत्साह. शक्ति-2
3. बिनाबाल वारा, गंजा-4
4. पंक्ति, लाइन-3
5. लड़की, पुत्री, बेटी-2
7. वहम, संदेह-2
9. जुड़वा-3
12. प्रतिज्ञा, कसम-3
13. गंगा का पानी-4
15. तीखा, तीक्ष्ण-3
16. आतुर, धैर्यहीन-4
17. संभवतः-3
18. मर्कट, कपि-3
20. गोविंदा, खुशबू की फिल्म-5
21. पानी रखने का चमड़े का पात्र-3
22. मनोकामना-4
23. साजन, प्रेमी-3
24. संध्या, सांझ-2
26. आनंद-2
28. महीना, मास-2

**शब्द पहेली- 6182 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | प | रा | या | प | न | ■ | म | च | ल | ना |
| सां | ग | ■ | च | ■ | का | ली | न | ■ | त | ट |
| व | ■ | त | क | रा | र | ■ | का | ल | ■ | की |
| ला | चा | र | ■ | ■ | दे | श | ■ | त | न | य |
| प | ■ | ती | ■ | पा | ना | ■ | गा | ■ | क | ■ |
| न | क | ब | ज | न | ■ | चा | ल | च | ल | न |
| ■ | हा | ■ | मा | ■ | च | र | ■ | ह | ■ | म |
| म | र | ना | ■ | द | म | ■ | ■ | क | स | क |
| र | ■ | श | क | ■ | क | रा | ह | ना | ■ | या |
| दू | ब | ■ | ल | बा | दा | ■ | रा | ■ | या | त्रा |
| द | या | क | र | ■ | र | च | ना | का | र | ■ |



# अय्यर ने भुगता स्लो ओवर रेट का खमियाजा, आईपीएल ने पंजाब किंग्स पर लगाया 12 लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। पंजाब किंग्स ने 31 मार्च को मुल्लांपुर स्थित महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में गुजरात टाइटंस को तीन विकेट से हराया। हालांकि, जीत के बाद पंजाब किंग्स को तगड़ा झटका लगा।

इंडियन प्रीमियर लीग की गवर्निंग काउंसिल ने पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा दिया। आईपीएल ने स्लो ओवर रेट के चलते आचार संहिता के तहत श्रेयस अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। ओवर-रेट को लेकर आईपीएल 2026 में यह उनकी टीम का पहला उल्लंघन था।

### अनुच्छेद 2.22 के तहत लगाया गया जुर्माना

पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान स्लो ओवर रेट बनाए रखा। आईपीएल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'चूंकि यह आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत इस सीजन में श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली पंजाब किंग्स का पहला अपराध (न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित) है, इसलिए उन पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

### अंकतालिका में राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर

आईपीएल 2026 में चौथे मैच के बाद राजस्थान रॉयल्स शीर्ष पर है। गुजरात टाइटंस को हराने के बाद भी पंजाब किंग्स चौथे नंबर पर है। चेन्नई सुपर किंग्स आखिरी पायदान पर है। टॉप-5 बल्लेबाजों की बात करें तो मुंबई इंडियंस के रयान रिकेल्टन शीर्ष पर हैं। टॉप-5 गेंदबाजों में जैकब डफी पहले नंबर पर हैं।

### अय्यर की कलाई पर लगी चोट, कहा- कोई अपशगुन नहीं करना चाहता



आईपीएल में 31 मार्च की रात गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर की कलाई पर उनके ही साथी बल्लेबाज कूपर कोनोली का शॉट सीधे जाकर लगा। जब फिजियो उनकी जांच कर रहे थे, तब वह काफी दर्द में दिखाई दे रहे थे। इसके बाद ठीक अगली ही गेंद पर वह आउट हो गए। मैच के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा कि उनकी कलाई वैसी ही है जैसी पहले थी और वह किसी भी चीज को लेकर कोई अपशगुन नहीं करना चाहते थे। चोट के बारे में पूछे जाने पर श्रेयस अय्यर ने कहा, 'मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि यह ठीक है। यह वैसी ही है जैसी पहले थी। मैं किसी भी चीज को लेकर कोई अपशगुन नहीं करना चाहता। मैं बस सकारात्मक रहना चाहता हूं और उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा।

### कूपर का खेल अविश्वसनीय

पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने कूपर कोनोली के प्रदर्शन पर कहा, 'उसने जो शॉट्स खेले, उनमें से कुछ को देखना किसी सपने जैसा था। यह अविश्वसनीय था। आईपीएल के बेहतरीन गेंदबाजों में से एक राशिद खान की गेंद पर बैकफुट पर जाकर इतनी सफाई और खूबसूरती से छक्का मारना, यह सचमुच जबरदस्त था।

### मैं कलाई पर बर्फ लगा रहा था : श्रेयस

श्रेयस अय्यर ने 18 रन बनाए। श्रेयस अय्यर ने कहा कि जब पंजाब किंग्स के अचानक तीन विकेट (निहाल वढेरा, शशांक सिंह और मार्कस स्टोइनिस) गिर गए उस दौरान वह अंदर अपने हाथ पर बर्फ लगा रहे थे। श्रेयस अय्यर ने कहा, सच कहूं तो मेरा ध्यान अंदर अपने हाथ पर था, मैं उस पर बर्फ लगा रहा था और तभी अचानक हमने एक के बाद एक दो विकेट गंवा दिए। आईपीएल में ऐसी चीजें होती रहती हैं। श्रेयस अय्यर ने कहा, ...और ऐसी स्थितियों में आपको शांत और संयमित रहना होता है, इसलिए संदेश बहुत सीधा-सा था। बस खेल को आखिर तक ले जाओ और कूपर वहां मौजूद था। वह पूरी तरह से जम चुका था। एक खिलाड़ी के तौर पर उसकी समझ बहुत अच्छी है। मैंने उसे पहले भी ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते देखा है। उसकी सोच बहुत बढ़िया है। उम्मीद है कि वह इसी फॉर्म को जारी रखेगा।

## खबर संक्षेप



### आखिरी मैच में मेस्सी ने दिखाया जलवा

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम की तरफ से घरेलू मैदान पर संभवतः अपने आखिरी मैच में लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप फुटबॉल से पहले खेले गए मैत्री मैच में जाम्बिया के खिलाफ अपनी टीम की 5-0 से शानदार जीत में एक गोल किया और एक गोल करने में मदद की। ब्यूनस आयर्स के ला बोम्बोनेरा स्टेडियम में 38 वर्षीय मेस्सी ने चौथे मिनट में जूलियन अल्वारेज को गोल करने में मदद की और फिर 43वें मिनट में गोल किया। दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया और उनसे अर्जेंटीना को एक और विश्व कप जिताने में मदद करने की अपील लगाई। विश्व कप 11 जून से अमेरिका, मैक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। अर्जेंटीना के लिए निकोलस ओटामेंडी और वैलेन्टिन बारको ने भी गोल किए।

### लेवांडोवस्की ने दिए संन्यास के संकेत



**स्टाकहोम।** पोलैंड के विश्व कप में जगह नहीं बना पाने के बाद उसके स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोवस्की ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास के संकेत दिए। स्वीडन ने प्लेआफ फाइनल में पोलैंड को 3-2 से हराया। इसके बाद लेवांडोवस्की ने इंस्टाग्राम पर तस्वीर साझा की, जिसमें उनके हाथ में कप्तान का आर्मबैंड है और पीछे 'टाइम टू से गुडबाय' गाना बज रहा है। बार्सीलोना के इस स्ट्राइकर ने सीधे संन्यास को लेकर कुछ नहीं कहा कि पहले भी वह अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास के संकेत दे चुके हैं। पिछले साल टीम के तत्कालीन कोच से मतभेदों के बाद भी उन्होंने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल छोड़ने की धमकी दी थी, जिसके बाद कोच ने इस्तीफा दे दिया था। पोलैंड के लिए 2008 में पदार्पण करने वाले लेवांडोवस्की 165 मैचों में 89 गोल कर चुके हैं।

### एशियाई मुक्केबाजी : क्वार्टर फाइनल में विश्वनाथ, सचिन



**उलानबटोर।** भारतीय मुक्केबाजों ने एशियाई चैंपियनशिप के तीसरे दिन अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जब विश्व कप पदक विजेता सचिन सिवाच और विश्वनाथ सुरेश क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सचिन ने मंगोलिया के बुयांदालाइ बायारखू को 60 किलोवर्ग में 4-1 से हराया। अब उनका सामना चीनी ताइपै के चेंग वेइ ली से होगा। वहीं विश्वनाथ ने किर्गीस्तान के बेकजात एरजेशोव को 5-0 से मात दी। अब वह मौजूदा विश्व चैंपियन कजाखस्तान के संजार ताशकेन्बे से खेलेंगे।

## आईपीएलः रिजवी ने 70 रन की शानदार पारी खेली, बने मैन ऑफ द मैच

# गेंदबाजों और रिजवी ने दिल्ली को लखनऊ पर 6 विकेट की जीत दिलाई

### रिजवी और स्टब्स ने पांचवें विकेट के लिए 110 रन की अटूट साझेदारी की

भाषा ▶▶| लखनऊ



तेज गेंदबाजों लुंगी एनगिडी और टी नटराजन की तूफानी गेंदबाजी के बाद समीर रिजवी के अर्धशतक से दिल्ली कैपिटल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में बुधवार को यहां लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ विषम परिस्थितियों से उबरकर छह विकेट की जीत दर्ज करते हुए अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। सुपर जाइंट्स के 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे रिजवी की 47 गेंद में चार छक्कों और पांच चौकों से नाबाद 70 रन की पारी और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 39, 32 गेंद, तीन चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पांचवें विकेट की 110 रन की अटूट साझेदारी से 26 रन पर चार विकेट गंवाने के बावजूद 17.1 ओवर में चार विकेट पर 145 रन बनाकर जीत दर्ज की। सुपर जाइंटस की टीम इससे पहले तेज गेंदबाजों लुंगी एनगिडी (27 रन पर तीन विकेट) और टी नटराजन (29 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 18.4 ओवर में 141 रन पर सिमट गई। कुलदीप यादव (31 रन पर दो विकेट) ने भी दो विकेट हासिल किए। सुपर जाइंट्स की ओर से अब्दुल समद (36) और सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श (35) ही टिककर बल्लेबाजी कर पाए। इन दोनों के अलावा टीम का अन्य कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरे दिल्ली की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने पांचवें ओवर में 26 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए। लोकेश राहुल (00) ने मोहम्मद शमी (28 रन पर एक विकेट) की पारी की पहली गेंद पर डीप प्वाइंट पर मोहसिन खान को कैच थमाया। नितीश राणा (15) ने शमी और प्रिंस यादव (20 रन पर दो विकेट) पर चौके जड़े। उन्होंने शमी पर छक्का भी मारा लेकिन मोहसिन (19 रन पर एक विकेट) की गेंद पर स्लिप में समद को कैच दे बैठे। सलामी बल्लेबाज पथमु निसांका (01) ने प्रिंस की गेंद को हवा में लहराकर विकेटकीपर कप्तान ऋषभ पंत को कैच थमाया जबकि इसी ओवर में दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल (00) भी बोल्ड हो गए। दिल्ली ने पावर प्ले में चार विकेट पर 33 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स और समीर रिजवी ने विकेटों के पतन पर विराम लगाया। रिजवी ने एनरिच नोर्किया की गेंद पर विकेट के पीछे छक्का जड़कर आठवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया।

### लखनऊ-141/10

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मिचेल मार्श का स्टब्स बो कुलदीप | 35 |
| ऋषभ पंत रन आउट | 07 |
| एडेन मार्करम बो अक्षर | 11 |
| आयुष बडोनी का राहुल बो नटराजन | 00 |
| निकोलन पूरन बो एनगिडी | 08 |
| अब्दुल समद का मिलर बो नटराजन | 36 |
| मुकुल चौधरी का एवं बो कुलदीप | 14 |
| शाहबाज अहमद नाबाद | 15 |
| शमी का कुलदीप बो नटराजन | 01 |
| नोर्किया का स्टब्स बो एनगिडी | 00 |
| मोहसिन का मुकेश बो एनगिडी | 00 |

अतिरिक्तः 14,
**कुलः** 18.4 ओवर में सभी विकेट खोकरः 141 रन।
**विकेट पतनः** 1-19, 2-48, 3-49, 4-65, 5-71, 6-105, 7-138, 8-140, 9-141
**गेंदबाजीः** मुकेश 3-0-17-0, एनगिडी 3.4-0-27-3, अक्षर 3-0-17-1, नटराजन 4-0-29-3, कुलदीप 4-0-31-2, विपराज 1-0-8-0

### दिल्ली-145/4

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| लोकेश राहुल का मोहसिन बो शमी | 00 |
| पथुम निसांका का पंत बो प्रिंस | 01 |
| नितीश राणा का समद बो मोहसिन | 15 |
| समीर रिजवी नाबाद | 70 |
| अक्षर पटेल बो प्रिंस | 00 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 39 |

अतिरिक्तः 20
कुलः17.1 ओवर में चार विकेट परः 145 रन
विकेट पतनः 1-0, 2-21, 3-25, 4-26
गेंदबाजीः शमी 4-0-28-1, प्रिंस 3-0-20-2, मोहसिन 4-1-19-1, नोर्किया 4-0-39-1, शाहबाज 1-0-16-0, मारक्रम 1-0-13-0, समद 0.1-0-6-0

### आईपीएल में बड़ा मुकाबला आज, जीत की तलाश में सनराइजर्स और केकेआर





**कोलकाता।** अपने पहले मैच में हार का सामना करने वाली कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें इंडियन प्रीमियर लीग के गुरुवार को होने वाले मैच में अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम की बल्लेबाजी काफी मजबूत है और ऐसे में गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन निर्णायक साबित हो सकता है। केकेआर की टीम अपने स्पिनरों की फॉर्म में वापसी को लेकर उत्सुक होगा जबकि सनराइजर्स को भी अपने गेंदबाजी विभाग में काफी सुधार करना होगा। यह मुकाबला तीन बार के चैंपियन केकेआर के लिए घरेलू मैदान पर होने वाले महत्वपूर्ण दौर की शुरुआत भी है, जिसे आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए यहां सात दिन में तीन मैच और फिर 19 अप्रैल को एक और मैच खेलना है।

## आईसीसी टी20 रैंकिंग

# ईशान दे रहे अभिषेक को कड़ी टक्कर एस्टरहुइजेन ने लगाई जबर्दस्त छलांग

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत के आक्रामक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ईशान किशन आईसीसी टी20 खिलाड़ियों की बुधवार को जारी रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। अभिषेक 875 अंक के साथ शीर्ष पर हैं जबकि ईशान के 871 अंक हैं। तिलक वर्मा छठे और भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर आठवें और न्यूजीलैंड के टिम सीफर्ट नौंवे स्थान पर हैं। साउथ अफ्रीका के बल्लेबाज कोनोर एस्टरहुइजेन ने जबर्दस्त छलांग लगाई है और पहले वह शीर्ष सौ से बाहर थे लेकिन अब 39वें स्थान पर हैं।

### गेंदबाजों में राशिद खान शीर्ष पर

गेंदबाजों में अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर हैं जबकि भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती दूसरे और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पांचवें स्थान पर हैं। हरफनमौलाओं की सूची में जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा शीर्ष पर हैं जबकि हार्दिक पंड्या दूसरे स्थान पर हैं।

### बटलर को फायदा, टिम सिफर्ट गए नीचे

टॉप 10 में केवल एक ही बदलाव है। इंग्लैंड के जॉस बटलर एक स्थान के उछाल के साथ अब आठवें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट एक स्थान नीचे आए हैं, वे अब नौवें नंबर पर चले गए हैं। दरअसल न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के बीच जो सीरीज हुई थी, उसमें टिम सिफर्ट नहीं खेल रहे थे, इसलिए उनकी रेटिंग कम हो गई है। यानी जॉस बटलर को बिना खेल ही थोड़ा सा फायदा मिल गया है।

### एस्टरहुइजन को जबरदस्त फायदा

कॉनर एस्टरहुइजन ने एक साथ 64 स्थानों की छलांग मारी है। साउथ अफ्रीका के युवा खिलाड़ी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेली गई तीन टी20 मैचों की सीरीज में अपनी बल्लेबाजी का जलवा दिखाया था। सीरीज के पहले मैच में तो वे 15 ही रन बना सके। इसके बाद दूसरे मुकाबले में उनके बल्ले से 57 रनों की पारी आई। तीसरे और आखिरी मैच में उन्होंने 75 रन बना दिए थे। इसका फायदा उन्हें मिला है। सीरीज से पहले वे टॉप 100 से भी बाहर थे, लेकिन अचानक टॉप 40 में पहुंच गए हैं।

### भारतीय ट्रैप निशानेबाज विश्व कप में पुरुष और महिला दोनों वर्ग के फाइनल में पहुंचने में नाकाम

**टैंजियर (मोरक्को)।** भारतीय ट्रैप निशानेबाज बुधवार को यहां आयोजित पहले आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में दो दिन के क्वालीफिकेशन दौर के बाद पुरुष और महिला दोनों वर्ग के फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहे। पुरुषों के ट्रैप वर्ग में पांच दौर के बाद 119 अंक के साथ काइनन चेनाई 13वें स्थान पर रहते हुए भारतीय निशानेबाजों के बीच शीर्ष पर रहे जबकि भवनीश मेंदीरत्ता ने 115 अंक के साथ 39वां स्थान हासिल किया। ओलंपियन पृथ्वीराज टोंडाइमन 57वें स्थान पर रहे जबकि सुल्तान मोहम्मद असद और ज्ञानचंद शरण सुशील क्रमशः 64वें और 73वें स्थान पर रहे। बुधवार को महिलाओं के ट्रैप वर्ग में आशीमा अहलावत 111 अंक के साथ 14वें स्थान पर रहीं।

## विमेंस वनडे

# न्यूजीलैंड ने रचा इतिहास, सबसे बड़ा रनचेज, टीम इंडिया का रिकॉर्ड ध्वस्त

एजेंसी ▶▶| बेसिन रिजर्व

धमाकेदार फॉर्म में चल रही कप्तान अमेलिया केर की शानदार बल्लेबाजी के दम पर न्यूजीलैंड की टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहाड़ जैसे लक्ष्य को हासिल कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बना डाला। न्यूजीलैंड ने बेसिन रिजर्व में खेले गए दूसरे वनडे में दक्षिण अफ्रीका के दिए 347 रन के बड़े लक्ष्य को दो विकेट से हासिल कर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। यह महिला वनडे इतिहास में हासिल किया गया अब तक का सबसे बड़ा लक्ष्य है। पिछले साल भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में 339 रन को हासिल करते हुए ये रिकॉर्ड बनाया था। इस मैच में कुल 696 रन बने। पहले साउथ अफ्रीका ने 346 रन बनाए और फिर न्यूजीलैंड ने 350 रन बना डाले।



### केर ने खेली नाबाद 179 रन की जबरदस्त पारी

केर ने सिर्फ 139 गेंद में नाबाद 179 रन की जबरदस्त पारी खेली। न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका के 346/6 के विशाल स्कोर को दो गेंद बाकी रहते पार कर लिया। सुजी बेट्स के जल्दी आउट होने के बाद केर क्रीज पर आईं और पूरी पारी के दौरान रन रेट को नियंत्रण में रखा। इस दौरान उन्हें जॉर्जिया प्लिमर (23) के साथ 52 रन की साझेदारी और बाद में इसाबेला गेज (68) का साथ मिला। गेज और केर ने मिलकर 120 रन की अहम साझेदारी की, जिसने मिडिल ओवर्स में टीम को संभाला। गेज ने 48 गेंद में 68 रन की तेज पारी खेली। इससे दबाव दक्षिण अफ्रीका पर आ गया। न्यूजीलैंड ने आखिरी ओवरों में लगातार विकेट गंवाए, लेकिन केर ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को संभालते हुए टीम को जीत की ओर ले गईं। आखिरी ओवर में 11 रन चाहिए थे। केर ने नादिन डी क्लार्क के खिलाफ तीन चौके लगाकर मैच खत्म किया और दो गेंद शेष रहते ऐतिहासिक जीत दिलाई।

### मध्यप्रदेश की पूर्व महिला खिलाड़ियों को हर महीने तय सहायता राशि देगा एमपीसीए

**इंदौर (भाषा)।** मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ (एमपीसीए) ने राज्य की पूर्व महिला खिलाड़ियों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए उन्हें हर महीने 6,000 रुपये से 12,500 रुपये की सहायता राशि देने का फैसला किया है। एमपीसीए के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एमपीसीए के मानद सचिव सुधीर आसनानी ने बताया कि संगठन की मंगलवार को आयोजित प्रबंध समिति की बैठक में अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया ने पूर्व महिला खिलाड़ियों को मासिक सहायता राशि देने का प्रस्ताव रखा जिसे समिति ने मंजूरी दी। उन्होंने बताया कि जिन पूर्व महिला खिलाड़ियों को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से कोई सहायता नहीं मिलती है, उन्हें इस योजना का लाभ दिया जाएगा। आसनानी ने बताया,"अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की टेस्ट और एक दिवसीय स्पर्धाएं खेल चुकीं पूर्व महिला खिलाड़ियों को हर महीने एमपीसीए की ओर से 12,500 रुपये प्रदान किए जाएंगे।

# 40 साल बाद फीफा वर्ल्ड कप में इराक ने रोमांचक मैच में बोलीविया को हराया

**मोंटेरे (एजेंसी)।** इराक ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालिफिकेशन का 40 साल पुराना इंतजार खत्म कर दिया है। इराक ने बुधवार को मोंटेरे स्टेडियम में खेले गए क्वालिफायर के आखिरी मैच में बोलीविया के खिलाफ 2-1 से रोमांचक जीत दर्ज की। बोलीविया के खिलाफ इराक ने मुकाबले के 10वें मिनट में ही 1-0 से बढ़त बना ली थी। ल्यूटन टाउन के स्ट्राइकर आमिर अल अम्मारी ने एक कॉर्नर से अल हमादी को गेंद दी, जिन्होंने अपने हेडर से गोलकीपर को छकाते हुए गोल कर दिया। हालांकि, बोलीविया ने दबाव के आगे घुटने नहीं टेके और 38वें मिनट में जोरदार वापसी की। रामिरो वाका के डिफेंस को चीरते हुए पास के बाद मोइसेस पनियागुआ ने 12 गज की दूरी से एक जोरदार शॉट लगाकर स्कोर बराबर कर दिया। इराक के हुसैन ने 53वें मिनट में अपनी टीम की बढ़त फिर से कायम कर दी, उन्होंने अपनी दौड़ का समय एकदम सही रखा और मार्को फरजी के क्रॉस को आठ गज की दूरी से एक लो फर्स्ट-टाइम वॉली के साथ गोल में बदल दिया।



## विश्व कप फुटबॉल

### इटली लगातार तीसरी बार क्वालीफाई करने से चूका

**जेनिका (एजेंसी)।** फुटबॉल की महाशक्तियों में से एक चार बार का चैंपियन इटली को यूरोपीय प्लेऑफ में विश्व रैंकिंग में 66वें स्थान पर काबिज बोस्निया हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हारने के कारण लगातार तीसरी बार विश्व कप फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया। इटली की शुरुआत अच्छी रही थी। उसकी तरफ से मोइसे कीन ने शुरुआती गोल किया, लेकिन हाफ टाइम से पहले उसके सेंटर बैक एलेसांद्रो बास्तोनी को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर भेज दिया गया। इटली के सामने 10 खिलाड़ियों से खेलने के कारण अपनी बढ़त को बनाए रखने की बड़ी चुनौती थी, जिसमें वह नाकाम रहा जबकि बोस्निया ने इसका पूरा फायदा उठाया। उसके स्थानापन्न खिलाड़ी हारिस तबकोविच ने 79वें मिनट में बराबरी का गोल करके मैच को 1-1 के स्कोर से अतिरिक्त समय में पहुंचा दिया।

### 2014 के बाद विश्व कप में पहुंचा बोस्निया

बोस्निया ने शूटआउट में 4-1 से जीत हासिल की और 2014 के बाद पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। यह केवल दूसरा अवसर है जबकि उसने विश्व कप में जगह बनाई। पेनल्टी शूटआउट में इटली के पियो एस्पोसिटो और ब्रायन क्रिस्टांटे अपने शॉट चूक गए जबकि एस्मीर बज्रक्तरेविच ने बोस्निया के लिए निर्णायक पेनल्टी को गोल में बदल दिया।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि में वृद्धि

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियों की संचालन अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:-

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन से | स्टेशन तक | चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि | विस्तार की अवधि | फेरे | स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 03257 | दानापुर | आनंद विहार टं. | साप्ताहिक (रविवार) | 29.03.26 | 05.04.26 से 12.07.26 (24.05.26 छोड़कर) | 14 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 03258 | आनंद विहार टं. | दानापुर | साप्ताहिक (सोमवार) | 30.03.26 | 06.04.26 से 13.07.26 (25.05.26 छोड़कर) | 14 | |
| 03309 | धनबाद जं. | दिल्ली जं. | सप्ताह में 2 दिन (मंगल, शनि) | 28.03.26 | 04.04.26 से 11.07.26 (23.05.26 छोड़कर) | 28 | 3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 03310 | दिल्ली जं. | धनबाद जं. | सप्ताह में 2 दिन (बुध, रवि) | 29.03.26 | 05.04.26 से 12.07.26 (24.05.26 छोड़कर) | 28 | |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | आनंद विहार टं. | साप्ताहिक (शुक्रवार) | 27.03.26 | 03.04.26 से 10.07.26 (22.05.26 छोड़कर) | 14 | 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. (इकॉनोमी) |
| 05220 | आनंद विहार टं. | मुजफ्फरपुर जं. | साप्ताहिक (शनिवार) | 28.03.26 | 04.04.26 से 11.07.26 (23.05.26 छोड़कर) | 14 | |
| 03293 | पटना जं. | नई दिल्ली | प्रतिदिन | 30.03.26 | 15.07.26 तक (21.05.26 से 24.05.26 छोड़कर) | 102 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 03294 | नई दिल्ली | पटना जं. | प्रतिदिन | 31.03.26 | 02.04.26 से 16.07.26 (22.05.26 से 25.05.26 छोड़कर) | 102 | |
| 03639 | धनबाद जं. | शकूरबस्ती | सप्ताह में 2 दिन (सोम, शुक्र) | 30.03.26 | 03.04.26 से 13.07.26 (22.05.26 छोड़कर) | 29 | 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 03640 | शकूरबस्ती | धनबाद जं. | सप्ताह में 2 दिन (मंगल, शनि) | 31.03.26 | 04.04.26 से 14.07.26 (23.05.26 छोड़कर) | 29 | |
| 02397 | शेखपुरा जं. | आनंद विहार टं. | साप्ताहिक (रविवार) | 29.03.26 | 05.04.26 से 12.07.26 (24.05.26 छोड़कर) | 14 | प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.,3 टियर वाता. (इकॉनोमी), शयनयान एवं सामान्य |
| 02398 | आनंद विहार टं. | शेखपुरा जं. | साप्ताहिक (सोमवार) | 30.03.26 | 06.04.26 से 13.07.26 (25.05.26 छोड़कर) | 14 | |
| 03697 | शेखपुरा जं. | आनंद विहार टं. | सप्ताह में 4 दिन (सोम, मंगल, शुक्र, शनि) | 30.03.26 | 03.04.26 से 14.07.26 (22.05.26 एवं 23.05.26 छोड़कर) | 58 | 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य |
| 03698 | आनंद विहार टं. | शेखपुरा जं. | सप्ताह में 4 दिन (मंगल, बुध, शनि, रवि) | 31.03.26 | 04.04.26 से 15.07.26 (23.05.26 एवं 24.05.26 छोड़कर) | 58 | |

नोटः— शेष जानकारी पूर्ववत् है

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले अन्य स्टेशनों की विस्तृत समय–सारणी और श्रेणियों की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in देखें अथवा NTES App देखें।

पर हमें फॉलो करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें :- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ




# सरदार एच.एस. फूलका भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

वरिष्ठ अधिवक्ता तथा पंजाब के पूर्व नेता प्रतिपक्ष सरदार एच. एस. फूलका बुधवार को अपने समर्थकों के साथ नई दिल्ली स्थित भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में भाजपा में शामिल हुए। इस अवसर पर मंच पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ, पंजाब प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुनील जाखड, पंजाब भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष अश्विनी शर्मा, दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली सरकार में मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख एवं लोक सभा सांसद अनिल बलूनी एवं भाजपा प्रवक्ता सरदार आर. पी. सिंह उपस्थित थे। हरदीप सिंह पुरी ने फूलका को भाजपा परिवार की सदस्यता पर्ची देकर एवं भाजपा की पट्टिका पहना कर उनका विधिवत भाजपा परिवार में स्वागत किया। मीडिया को संबोधित करते हुए एच.एस. फूलका ने भाजपा परिवार में शामिल होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को धन्यवाद दिया।

इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा कि हरविंदर सिंह फूलका का आज हम सब भाजपा परिवार में स्वागत कर रहे हैं। फूलका लंबे समय से मानवाधिकार से जुड़े मामलों में पीड़ितों का पक्ष रखते आये हैं। जब 1984 में सिखों का कत्लेआम हुआ, उस समय केवल भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी थे जिसने सड़क से लेकर संसद तक, इस जघन्य हत्याकांड के खिलाफ अटल बिहारी वाजपेयी और मदन लाल खुराना के नेतृत्व में आवाज उठाई। उस समय सरदार फूलका आगे आए और 1984 सिख नरसंहार के दोषियों को सजा दिलाने के लिए संघर्ष शुरू किया। इस दौरान उन्होंने 70 से अधिक मामलों में कुल 250 से अधिक अपराधियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1993 में जब दिल्ली में पहली बार भाजपा की सरकार बनी, तब मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना ने सरदार फूलका को अपना सलाहकार नियुक्त किया था, जिसके बाद सिख हिंसा मामले में न्याय की प्रक्रिया को गति मिली। इसी दौर में दिल्ली में पंजाबी भाषा को मान्यता मिली और पंजाबी समाज से जुड़े कई मुद्दों का समाधान हुआ। सरदार फूलका का अनुभव और संघर्ष समाज के लिए प्रेरणा बनेगा और न्याय के इस अभियान को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देगा। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि सरदार फूलका, केवल भारत के सिख समाज में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में एक परिचित नाम हैं। 1984 में जो घटनाएं हुईं, उन्हें दंगे कहना उचित नहीं है। वह एक नरसंहार था, वह एकतरफा और योजनाबद्ध तरीके से निर्दोष लोगों की हत्या थी, जिसमें हजारों निर्दोषों की जान गई। सरदार फूलका ने स्वयं को एक उद्देश्य के साथ जोड़ा और बिना किसी स्वार्थ के उन पीड़ितों को इंसाफ दिलाने के लिए अनेक लड़ाइयां लड़ी हैं।

सरकार फूलका एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं, वरिष्ठ मानवाधिकार कार्यकर्ता भी हैं और साथ ही उन्होंने एक बाल अधिकार कार्यकर्ता के रूप में भी कई बड़े काम किये हैं। उनके भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी।



## पश्चिम एशिया संकट और उससे निपटने के उपायों पर की गई व्यापक चर्चा

# प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक

**सभी विभागों, मंत्रालयों को पीएम का निर्देश, आम जनता और उद्योगों को इस चुनौती से बचाए रखने के लिए उठाएं सभी जरूरी कदम**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट के मध्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को राजधानी में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें मौजूदा चुनौती और उससे निपटने के लिए सरकार द्वारा किए जा तमाम उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई है।

बीते 28 फरवरी को अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच हुए युद्ध की शुरुआत के बाद पीएम की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की यह दूसरी बैठक थी। जिसमें गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, कोयला मंत्री पी. जोशी, ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर, रसायन-उर्वरक मंत्री जे.पी. नड्डा, नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू, एनएसए सहित केंद्र के कुछ वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में पीएम ने सभी विभागों, मंत्रालयों को देश की आम जनता और संकट से प्रभावित होने वाले उद्योगों को सुरक्षित रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। बताते चलें कि इस बैठक का आयोजन प्रधानमंत्री के असम दौरे से लौटने के बाद उनके आधिकारिक निवास स्थान पर किया गया था। प्रधानमंत्री ने हालत की समीक्षा करने के लिए पिछले सप्ताह भी सीसीएस की एक बैठक की थी।



### हालात पर दी गई व्यापक प्रस्तुति

*सूत्रों ने बताया कि बैठक में सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रधानमंत्री को वैश्विक परिस्थितियों को लेकर एक विस्तृत प्रस्तुति दी और उसके अलावा अब तक मामले के संबंध में उठाए गए सभी अहम सरकारी कदमों के बारे में भी बताया। जिसमें पेट्रोलियम उत्पादों (पेट्रोल, डीजल और एलपीजी), ऊर्जा की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता को बनाए रखने और युद्ध को ध्यान में रखते हुए अन्य देशों से जारी इन उत्पादों की खरीद का मुद्दा शामिल है। इसके अलावा संकट को देखते हुए विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा उठाए जाने वाले भावी कदमों के बारे में भी पीएम को अवगत कराया गया।*

## रक्षा मंत्रालय ने 2025-26 के लिए 1.86 लाख करोड़ के पूंजीगत बजट का किया पूर्ण उपयोग

# लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने उप सेनाप्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने बुधवार को देश के नए उप-सेनाप्रमुख के रूप में अपना कार्यभार संभाल लिया है। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के पूर्व छात्र रहे हैं और उन्हें सेना में रणनीतिक से लेकर प्रशासनिक स्तर का कुल करीब चार दशक लंबा अनुभव है। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल सेठ दिसंबर 1986 में बल की आर्मर्ड कोर में कमीशन हुए थे। समय बीतने के साथ-साथ उन्हें सेना के विभिन्न स्थलों पर तैनाती का व्यापक अनुभव प्राप्त हुआ। जिसमें आतंकवाद से मुकाबले का विषय भी शामिल है। उप-सेनाप्रमुख के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले लेफ्टिनेंट जनरल सेठ सेना की पुणे मुख्यालय स्थित दक्षिण कमांड के प्रमुख (जीओसी-इन-सी) के रूप में कार्य कर रहे थे।



### पूंजीगत बजट का किया पूरा उपयोग

उधर, रक्षा मंत्रालय ने एक अन्य जानकारी देते हुए बताया कि मंत्रालय ने वित्त वर्ष-2025-26 के लिए सरकार द्वारा आवंटित किए गए 1.86 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत बजट का पूरा उपयोग किया है। जो पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के समान ही है। पूंजीगत व्यय के लिए मूल आवंटन 1.80 लाख करोड़ रुपये था। जिसे वित्त मंत्रालय ने रक्षा मंत्रालय द्वारा पहली दो तिमाहियों प्राप्त की गई व्यय की गति को देखते हुए, ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेनाओं के आधुनिकीकरण और अन्य उद्देश्यों के लिए बढ़ी हुई आवश्यकताओं के मद्देनजर और बढ़ा दिया गया था। वहीं, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान रक्षा मंत्रालय नागरिक पेंशन के साथ ही रक्षा बजट का कुल उपयोग मंत्रालय को किए गए अंतिम आवंटन की तुलना में 99.62% रहा है।

### गांदरबल में चल रही मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया, ऑपरेशन जारी

*श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में सेना ने मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी को मार गिराया है। सेना ने बताया कि 31 मार्च की रात को रुक-रुक कर हो रही गोलीबारी के बीच घेराबंदी को रणनीतिक रूप से पुनर्गठित किया गया। इसके बाद सेना ने सुनियोजित जवाबी कार्रवाई करते हुए प्रभावी ढंग से एक आतंकवादी को मार गिराया है। ऑपरेशन अभी जारी है। भारतीय सेना की चिनार कोर के अनुसार, सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गांदरबल के जनरल अरहामा क्षेत्र में संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी के दौरान सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी। चुनौती मिलने पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी और भारतीय सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की। रातभर चले मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया है।*

## भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलिपोव की व्हाइट हाउस को चेतावनी

# भारतीय तेल बाजार पर यूएस का दबाव मंजूर नहीं, भारत की विदेश नीति स्वतंत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत के तेल बाजार को लेकर अमेरिका के दबाव के आरोपों पर रूस ने कड़ा रुख अपनाया है। भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलिपोव ने कड़े शब्दों में कहा है कि उनका देश अंतरराष्ट्रीय राजनीति में किसी भी तरह के अमेरिकी दबाव को पूरी तरह खारिज करता है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति पर कायम है। डेनिस अलिपोव ने कहा कि अमेरिका की ओर से भारत के बाजार में रूस के लिए बाधाएं खड़ी करने की कोशिशें वैश्विक व्यापार और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लिहाज से बिल्कुल सही नहीं हैं।

### मॉस्को और नई दिल्ली के संबंध मजबूत हो रहे



डेनिस अलिपोव

*रूस के राजदूत ने कहा कि मॉस्को और नई दिल्ली के बीच संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं, खासकर ऊर्जा क्षेत्र में। उन्होंने कहा कि हाल के समय में भारत ने रूस से तेल आयात काफी बढ़ा दिया है। हम दोनों देशों के बीच व्यापार और आर्थिक संबंधों का विस्तार कर रहे हैं। हाल ही में भारत को रूस से तेल की आपूर्ति में काफी बढ़ोतरी हुई है। हम इस दिशा में लगातार आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे दोनों देशों को लाभ हो।*

### ऊर्जा बाजार में भारी उतार-चढ़ाव

*राजदूत ने कहा कि मौजूदा हालात में ऊर्जा बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देखा जा रहा है। उन्होंने इसे 'अमेरिकी ऑयल डिसरप्शन डिप्लोमेसी' का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया की परिस्थितियों के बीच ऊर्जा बाजार में अस्थिरता बढ़ी है। अमेरिका-ईरान के बीच सैन्य कार्रवाई को रोकने और विरोधाभासों के समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय समुदाय को राजनयिक वार्ता शुरू करने की दिशा में अधिक प्रयास करने चाहिए।*

## एनएसए डोभाल, वित्त मंत्री सीतारमण और विदेश मंत्री जयशंकर से होगी मुलाकात

# आज से भारत के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री मंटुरोव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध और पश्चिम-एशिया के जटिल हालातों के बीच रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव गुरुवार से भारत की दो दिवसीय (2 से 3 अप्रैल तक) यात्रा पर रहेंगे। जिसके तहत 2 अप्रैल की दोपहर तीन बजे उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल के साथ मुलाकात होगी। इसके बाद चार बजे वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रात करीब सात बजे विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के साथ रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री मुलाकात करेंगे। मंटुरोव की यह तीनों बैठकें क्रमशः सेवातीर्थ (3), संसद भवन और हैदराबाद हाउस में आयोजित की जाएंगी। इसके अगले दिन शुक्रवार को उनकी यह भारत यात्रा संपन्न हो जाएगी और वह रूस रवाना हो जाएंगे।

# देश में 'जनगणना 2027' की शुरुआत, पहली बार डिजिटल और सेल्फ-एन्यूमरेशन की सुविधा

**राष्ट्रपति मुर्मु ने सेल्फ-एन्यूमरेशन के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर शुभारंभ किया**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी प्रशासनिक और सांख्यिकीय प्रक्रिया जनगणना 2027 का बुधवार को औपचारिक शुभारंभ हो गया है। केंद्र सरकार ने इसके पहले चरण हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस की शुरुआत कर दी है। यह जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक है। पहली बार इसमें डिजिटल डेटा कैप्चर और सेल्फ-एन्यूमरेशन (स्व-गणना) की सुविधा दी गई है। परंपरा के अनुसार इस राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत देश के प्रथम नागरिक से हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने स्वयं ऑनलाइन सेल्फ-एन्यूमरेशन के माध्यम से अपनी जानकारी दर्ज कर इस प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ऑनलाइन फॉर्म भरकर भागीदारी सुनिश्चित की। प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील की है कि वे स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग दें।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सेल्फ-एन्यूमरेशन पोर्टल के जरिए अपनी जानकारी दर्ज करते हुए इस राष्ट्रीय अभियान में जनभागीदारी के महत्व को रेखांकित किया।



### पहले चरण में 8 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में शुरुआत

*सेल्फ-एन्यूमरेशन की सुविधा फिलहाल आठ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों— अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा, सिक्किम तथा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के एनडीएमसी और दिल्ली कैंटोनमेंट क्षेत्र— में शुरू की गई है। पहले ही दिन करीब 55 हजार परिवारों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। इन क्षेत्रों में हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस का कार्य 16 अप्रैल से 15 मई तक चलेगा।*

### क्या है सेल्फ-एन्यूमरेशन?

*यह एक सुरक्षित वेब-आधारित सुविधा है, जिसमें नागरिक 16 क्षेत्रीय भाषाओं में अपने घर से ही ऑनलाइन जानकारी भर सकते हैं। इसके लिए सरकार के सेंसस पोर्टल पर मोबाइल नंबर के माध्यम से लॉगिन किया जा सकता है। फॉर्म भरने के बाद एक यूनिक आईडी जारी होगी, जिसे बाद में गणनाकर्मी के साथ साझा करना होगा। हालांकि, पहले की तरह गणनाकर्मी घर-घर जाकर जानकारी भी एकत्र करेंगे, लेकिन सेल्फ-एन्यूमरेशन एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में उपलब्ध है।*

### 33 सवालों के जरिए जुटेगी अहम जानकारी

*पहले चरण में कुल 33 प्रश्नों के माध्यम से आवास की स्थिति, सुविधाओं और संपत्तियों से जुड़ी विस्तृत जानकारी जुटाई जाएगी। यह डेटा भविष्य की नीतियों, योजनाओं और कल्याणकारी कार्यक्रमों के लिए आधार तैयार करेगा।*

### पूरे देश में छह महीने तक चलेगा अभियान

*हाउस लिस्टिंग और हाउसिंग सेंसस का कार्य 1 अप्रैल से 30 सितंबर के बीच पूरे देश में किया जाएगा। प्रत्येक राज्य और केंद्रशासित प्रदेश को 30 दिन की अवधि में यह कार्य पूरा करना होगा। इसके पहले 15 दिन का अतिरिक्त समय सेल्फ-एन्यूमरेशन के लिए दिया जाएगा।*

### डेटा पूरी तरह सुरक्षित

*सरकार ने स्पष्ट किया है कि जनगणना अधिनियम 1948 के तहत एकत्रित सभी जानकारी पूरी तरह गोपनीय रहेगी। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेटा सुरक्षा के लिए उन्नत एनक्रिप्शन और मल्टी-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग किया जा रहा है। सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय भागीदारी करें और देश के विकास में अपना योगदान दें।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109